खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 29 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 348 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 8 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



धर्मांतरण रैकेट नेस्तनाबूद करने को एआई का इस्तेमाल हो: योगी पेज 2



दो दिन में मैच खत्म हो जाने पर क्रिकेट जगत सदमे में खेल टाइम्स




यही है विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां सम्पादकीय



इजरायल के खिलाफ एकजुट हुए 21 मुस्लिम देश पेज 12



नई दिल्ली: ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन और ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव विमेंस एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने कुलदीप सेंगर की जमानत के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया।

# ऑपरेशन सिंदूर देश के गर्व का प्रतीक बना: पीएम

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में 2025 की उपलब्धियां गिनाईं

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कहा: अब हम नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने को तैयार
- 2025 भारत के लिए गर्व भरे मील के पत्थरों का साल था



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 129वें एपिसोड 2025 में देश की उपलब्धियों पर चर्चा की। 2025 के आखिरी एपिसोड में नए साल 2026 की चुनौतियों, संभावनाओं, डेवलपमेंट पर भी चर्चा की। पीएम ने कहा कि 2025 भारत के लिए गर्व भरे मील के पत्थरों का साल था। चाहे राष्ट्रीय सुरक्षा हो, खेल हो, वैज्ञानिक इनोवेशन हो या दुनिया के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म हों, भारत का असर हर जगह दिखाई दे रहा था।

इस साल ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया। दुनिया ने साफ देखा आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। इसके अलावा पीएम मोदी ने खेल, वंदेमातरम, अंतरिक्ष, महाकुंभ, राम मंदिर और 77वें गणतंत्र दिवस पर अपनी बात रखी। इससे पहले 30 नवम्बर को मन की बात का 128वां एपिसोड टेलीकास्ट किया गया था। पीएम ने इसमें भारत में खेलों की प्रगति, विंटर टूरिज्म, वोकल फॉर लोकल के साथ ही वाराणसी में होने वाले काशी-तमिल संगमम का जिक्र किया था। पीएम ने कहा आईसीएमआर ने हाल ही में रिपोर्ट में बताया कि निमोनिया और यूटीआई जैसी बीमारियों में दवाई कमजोर साबित हो रही हैं। इसकी वजह बिना सोचे दवा का सेवन हैं। आज कल लोग एंटी बायोटिक दवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। लोग सोचते हैं कि एक गोली ले लो बीमारी दूर हो जाएगी। मैं अपील करता हूं कि अपने मन से दवाओं का सेवन करने से बचें। इनका इस्तेमाल डाक्टर की सलाह से ही करें। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के बारामूला में जो ऊंचे-ऊंचे टीले हैं वे प्राकृतिक नहीं इंसानों के बनाए हुए हैं। ये आर्कियोलॉजिस्ट के अध्ययन में पता चला है। उन्होंने कहा कि फ्रांस के म्यूजियम में एक पुराना, धुंधला सा चित्र मिला। जिसमें बारामूला के उस चित्र में तीन बौद्ध स्तूप नजर आ रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हिमालय तक सड़क, सुरंगें और एयरस्ट्रिप बना रहा भारत: अमेरिकी मीडिया

**बीजिंग/ नई दिल्ली।** भारत हिमालयी इलाके में चीन से होने वाली किसी भी संभावित झड़प से निपटने के लिए सड़कें, सुरंगें और हवाई पट्टियां बनाने पर करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 में चीन के साथ गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद इस कदम की शुरुआत हुई थी। उस झड़प ने 2200 मील लंबी बॉर्डर पर भारत की सामान पहुंचाने की व्यवस्था (लॉजिस्टिक्स) की बड़ी कमियों को उजागर किया था।

### मणिकम टैगोर ने अलकायदा से की आरएसएस की तुलना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की तरफ से पीएम नरेंद्र की तस्वीर साझा करना और आरएसएस संगठन की तारीफ को लेकर देशभर में चर्चा तेज है। ऐसे में जब कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने आरएसएस पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया और संघ की तुलना अलकायदा से की, तब भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने उनके बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब वोट बैंक की राजनीति में इतनी उलझ गई है कि वह देशभक्ति और राष्ट्रीय संस्थाओं का अपमान कर रही है। पूनावाला ने आगे कहा कि कांग्रेस ने पहले हिंदू, सनातन धर्म, सेना और भारत का अपमान किया।

### हुमायूं कबीर का बेटा मारपीट के आरोप में गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद।** टीएमसी से निकाले गए विधायक नेता हुमायूं कबीर के बेटे को मुर्शिदाबाद पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। गोलाम नबी आजाद (रॉबिन) पर पिता हुमायूं कबीर के निजी सुरक्षा अधिकारी (पीसीओ) कांस्टेबल जुम्मा खान से मारपीट का आरोप है। रविवार को जुम्मा खान ने मुर्शिदाबाद के शक्तिनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि घर जाने के लिए छुट्टी मांगने पर गोलाम नबी ने उनके साथ मारपीट की। घटना हुमायूं कबीर कार्यालय में ग्राउंड फ्लोर पर हुई। घटना के वक्त कई सारे लोग मौजूद थे। वहीं, बेटे की गिरफ्तारी पर हुमायूं कबीर ने कहा कि टीएमसी के इशारे पर हमें निशाना बनाया जा रहा है।

## शीतलहर ने लोगों को घरों में कैद रहने को किया मजबूर

# समूचा उत्तर भारत कोहरे की चपेट में

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अधिकांश राज्यों में शीतलहर और कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी
- कश्मीर में पारा 0 डिग्री, राजस्थान के सीकर में 2.1 डिग्री, अमृतसर-जालंधर में विजिबिलिटी जीरो
- 13 फ्लाइट रद्द, डीजीसीए ने 10 फरवरी तक को फॉग विंडो किया घोषित



**नई दिल्ली।** समूचा उत्तर भारत इस समय कोहरे की चपेट में है। शीतलहर ने लोगों को घरों में कैद रहने को मजबूर कर दिया है। दिल्ली से बिहार तक कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में इस समय घना कोहरा छाया हुआ है, जिस कारण विजिबिलिटी काफी कम हो गई है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि अगले दो दिनों तक भी यही स्थिति देखने को मिलेगी।

विभाग का कहना है कि उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में शीतलहर और कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी यूपी और राजस्थान में 30 दिसम्बर तक शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। विभाग का कहना है कि एक जनवरी के बाद कोहरे से राहत मिलने की संभावना है। रविवार को राजस्थान के सीकर जिले के फतेहपुर में तापमान 2.1 डिग्री, करौली में 2.4 डिग्री, सीकर में 3.5 डिग्री, पाली में 3.6 डिग्री और दौसा में 3.9 डिग्री दर्ज किया गया। पंजाब और हरियाणा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हिसार में तापमान 2.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पंजाब के फरीदकोट में तापमान 3.4 डिग्री, पटियाला में 4.6 डिग्री और अमृतसर- लुधियाना में 4.4 डिग्री पारा रिकॉर्ड किया गया। उत्तराखंड के 6 जिलों में रविवार को कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, देहरादून और पौड़ी के निचले इलाके शामिल हैं। हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में सुबह से ही कोहरा छाया हुआ है। ऊंचाई वाले जिलों इलाकों में नए साल पर बर्फबारी की संभावना है। दरअसल, उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जेट स्ट्रीम का असर है। ये जमीन से 12. 6 किलोमीटर की ऊंचाई पर चलने वाली हवाएं हैं। इस बार इनकी रफ्तार 262 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच गई है। मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश में अगले 5 दिन तक तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। 23 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट है, इसका असर ट्रेनों और फ्लाइट्स पर नजर आ रहा है। रविवार को 13 फ्लाइट रद्द की गई हैं। डीजीसीए ने 10 दिसम्बर से 10 फरवरी तक को फॉग विंडो घोषित किया है। इस दौरान कम दृश्यता के कारण उड़ान संचालन प्रभावित हो सकता है। आसमान में ठंडी और गर्म हवा की नदी जैसी बहने वाली हवाएं ही जेट स्ट्रीम हैं। जेट स्ट्रीम आमतौर पर उत्तर (ध्रुवीय इलाकों) की ठंडी हवा और दक्षिण (गरम इलाकों) की गर्म हवा के बीच चलती हैं। जब जेट स्ट्रीम झुक जाती है या फिर नीचे की ओर आ जाती है, तो यह उत्तर की बहुत ठंडी हवा को भारत तक खींच लाती है। नतीजा, अचानक ठंड बढ़ जाती है। अगर जेट स्ट्रीम की रफ्तार कम हो जाए या एक जगह रुक जाए, तो ठंडी हवा वहीं फंस जाती है। इससे कई दिन तक ठंड बनी रहती और शीतलहर का असर बढ़ जाता है।

# अरावली हिल्स खनन मामला: सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**तीन जजों की बेंच करेगी आज सुनवाई, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में माना जा रहा सकारात्मक कदम**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट अरावली हिल्स में खनन से संबंधित मामले पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच ने इस मामले पर स्वत: संज्ञान लिया है। यह सुनवाई नवम्बर 2025 के उस फैसले के बाद हो रही है, जिसमें कोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय की समिति की सिफारिश पर अरावली हिल्स की नई परिभाषा स्वीकार की थी, जिसमें स्थानीय स्तर से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली भूमि को ही अरावली हिल माना जाएगा। साथ ही, पूर्व वन संरक्षण अधिकारी आरपी बलवान की याचिका भी इस मामले से जुड़ी है, जिसमें उन्होंने इस परिभाषा को चुनौती दी है। यह कदम पर्यावरणीय चिंताओं और राजस्थान सहित कई राज्यों में हो रहे प्रदर्शनों के बीच उठाया गया है। विवाद की जड़ अरावली पर्वतमाला की परिभाषा में है, जो दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैली हुई है। यह दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है, जो थार मरुस्थल के फैलाव को रोकती है, भूजल रिचार्ज करती है और जैव विविधता को बनाए रखती है। लंबे समय से यहां अवैध खनन और पर्यावरण क्षति की समस्या रही है। नवम्बर 20, 2025 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की बेंच ने केंद्र की समिति की रिपोर्ट स्वीकार करते हुए कहा कि 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियां अरावली का हिस्सा नहीं मानी जाएंगी। पर्यावरणविदों का मानना है कि इससे 90 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र संरक्षण से बाहर हो सकता है और खनन बढ़ सकता है।

# कड़ाके की ठंड में भी सेना एक्शन में

- जम्मू-कश्मीर: बर्फीले और दुर्गम पहाड़ों में गश्त बढ़ाई
- 30-35 पाक आतंकियों की तलाश, अभियान और तेज किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कड़ाके की ठंड और 40 दिन की चिल्लई कलां के बावजूद सुरक्षाबलों ने किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकियों के खिलाफ अभियान और तेज कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक बर्फ से ढके ऊंचे और दुर्गम पहाड़ी इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है। खुफिया आकलन के अनुसार जम्मू क्षेत्र में 30 से 35 पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं। लगातार सर्चिंग और स्थानीय समर्थन कमजोर पड़ने के कारण ये आतंकी आबादी से दूर मध्य और ऊपरी पहाड़ी इलाकों में छिपने की कोशिश कर रहे हैं। सेना ने अस्थायी बेस, निगरानी पोस्ट और गश्ती ग्रिड बनाकर ऊंची पहाड़ियों, जंगलों और घाटियों में नियमित पेट्रोलिंग शुरू की है। पहले सर्दियों में आतंकी गतिविधियों में कमी आती थी, लेकिन अब सेना ने प्रो. एक्टिव विंटर स्ट्रैटजी अपनाई है। ये अभियान जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, एसओजी, सिविल प्रशासन, वन विभाग और ग्राम रक्षा दल (वीडीजी) के साथ तालमेल में चल रहा है। आतंकियों की निगरानी के लिए ड्रोन, थर्मल इमेजर, ग्राउंड सेंसर और रडार का इस्तेमाल किया जा रहा है। स्पेशल विंटर वॉरफेयर यूनिट्स भी तैनात की गई हैं। सुरक्षा बलों का लक्ष्य आतंकियों को खत्म करना और उन्हें दूर-दराज, मुश्किल पहाड़ी इलाकों में भी नहीं छिपने देना है।



नई दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद सोनिया गांधी इंदिरा भवन में पार्टी के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह के दौरान उपस्थित रहे।

### भारत में नहीं घुसे उस्मान हादी के हत्यारे: बीएसएफ

**शिलॉन्ग।** मेघालय की सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार को बांग्लादेश पुलिस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने शरीफ उस्मान हादी के हत्यारे के भारत में घुसने का दावा किया था। मेघालय में बीएसएफ प्रमुख इंस्पेक्टर जनरल ओपी उपाध्याय ने कहा कि ये दावे निराधार और गुमराह करने वाले हैं। बता दें कि ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक अधिकारी ने दावा किया था कि हादी हत्याकांड के दो मुख्य संदिग्ध स्थानीय साथियों की मदद से हलुआघाट सीमा के रास्ते मेघालय में घुस गए हैं। इंस्पेक्टर जनरल ओपी उपाध्याय ने कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे पता चले कि कोई व्यक्ति हलुआघाट सेक्टर से अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करके मेघालय में आया है। बीएसएफ ने न तो ऐसी कोई घटना देखी है और न ही ऐसी कोई रिपोर्ट मिली है। जो दावे किए जा रहे हैं, वे निराधार और गुमराह करने वाले हैं। मेघालय की सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार को बांग्लादेश पुलिस के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने शरीफ उस्मान हादी के हत्यारे के भारत में घुसने का दावा किया था।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर में यात्रा की

कारवाड़, वार्ता



- आईएनएस में यात्रा करने वाली दूसरी प्रेसिडेंट, डा. एपीजे अब्दुल कलाम पहले राष्ट्रपति थे, उन्होंने सबमरीन में की थी यात्रा
- राष्ट्रपति नौसेना की वर्दी पहनकर पहुंचीं थीं पनडुब्बी में

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** ने रविवार को कर्नाटक के कारवाड़ नेवल बेस पर पनडुब्बी (सबमरीन) में यात्रा की। कलवरी क्लास की सबमरीन आईएन में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी राष्ट्रपति के साथ थे।

राष्ट्रपति मुर्मू की कलवरी क्लास सबमरीन में यह पहली और किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है। डा. एपीजे अब्दुल कलाम पहले राष्ट्रपति थे, जिन्होंने सबमरीन में यात्रा की थी। कलाम ने फरवरी 2006 में पनडुब्बी यात्रा की थी। राष्ट्रपति नौसेना की वर्दी पहनकर पनडुब्बी में पहुंचीं। पी. 75 स्कॉर्पीन प्रोजेक्ट की छठी और अंतिम पनडुब्बी आईएनएस वाग्शीर को जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था। द्रौपदी मुर्मू भारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति भी हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने 29 अक्टूबर को अंबाला एयरफोर्स स्टेशन से राफेल में उड़ान भरी थी। उनके विमान की पायलट स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह थीं। उससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने 7 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर एयरफोर्स स्टेशन से सुखोई 30 एमकेआई फाइटर जेट में उड़ान भरी थी। मुर्मू सुखोई में उड़ान भरने वाली देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। उनसे पहले पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा सिंह पाटिल ने भी सुखोई में उड़ान भरी थी। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम सबमरीन में यात्रा करने वाले पहले भारतीय राष्ट्राध्यक्ष बने। डा. कलाम 13 फरवरी 2006 को ईस्टर्न नेवल कमांड के तहत विशाखापट्टनम में सबमरीन में कुछ घंटों के लिए बंगाल की खाड़ी में रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल ने गुजरात के थोल पक्षी अभयारण्य का किया भ्रमण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुजरात के अहमदाबाद जिले के मेहसाणा स्थित थोल पक्षी अभयारण्य का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अभयारण्य क्षेत्र में पक्षी अवलोकन किया और वहां मौजूद प्रवासी एवं स्थानीय पक्षियों की समृद्ध जैव विविधता को नजदीक से देखा। रविवार को भ्रमण के दौरान स्थानीय पक्षीविज्ञानी द्वारा राज्यपाल को विभिन्न पक्षी प्रजातियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने साइबेरिया, रूस, मंगोलिया, कजाकिस्तान और चीन से आने वाले दुर्लभ प्रवासी पक्षियों-बार-हेडेड गीज, ग्रेलेग गीज, डालमेटियन पेलिकन, कॉमन क्रेन, ब्राह्मणी डक तथा रफ एंड रीव-को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

### इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर परीक्षण संहिता जारी किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 2025 समारोह में 'इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर परीक्षण संहिता' जारी किया। बीआईएस द्वारा विकसित यह भारतीय मानक इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर के परीक्षण के लिए एक व्यापक ढांचा तैयार करता है, जिसका लक्ष्य समान और मानक. ीकृत प्रक्रियाओं के माध्यम से उनकी सुरक्षा, विश्वसनीयता और प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने कहा कि यह नई परीक्षण संहिता ऐसे समय में मूल्यांकन में निरंतरता लाने में मदद करेगी, जब इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर भारत के कृषि मशीनीकरण परिदृश्य का एक प्रमुख घटक बनकर उभर रहे हैं। आईएस 19262:2025 इलेक्ट्रिक कृषि ट्रैक्टर के लिए सामान्य शब्दावली, सामान्य दिशा-निर्देश और विस्तृत परीक्षण प्रक्रियाओं को परिभाषित करता है।

# कांग्रेस के खत्म होने का उनका सपना कभी पूरा नहीं होगा: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने कहा कि कांग्रेस की सोच जोड़ती है और भाजपा की तोड़ती है

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कांग्रेस का आधार जोड़ने वाली विचारधारा है और जो इसके खत्म होने का सपना देखते हैं उनकी मुराद कभी पूरी नहीं होगी और उन्हें समझ लेना चाहिए कि कांग्रेस की सोच जोड़ती है और भाजपा की तोड़ती है।

खड़गे ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज स्थापना दिवस पर एक बात साफ कहना चाहता हूं, जो कहते हैं 'कांग्रेस खत्म हो गई है' मैं उन्हें बताना चाहता हूं, हमारे पास सत्ता कम हो सकती है, लेकिन हमारी रीढ़ अभी भी सीधी है। हमने समझौता नहीं किया, न संविधान से, न धर्मनिरपेक्षता से और न गरीब के हक से। हम सत्ता में न हों, लेकिन सौदेबाजी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगा और न कभी मंदिर मस्जिद से नफरत फैलाई।कांग्रेस जोड़ती है जबकि भाजपा तोड़ती है। कांग्रेस ने धर्म को आस्था ही रखा पर कुछ लोगों ने धर्म को राजनीति बना दिया। आज भजपा के पास सत्ता है, लेकिन उनके पास सच्चाई नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा तोड़ने का काम करती है और इसीलिए कभी आंकड़े छुपाए जाते हैं, कभी जनगणना रोकी जाती है, कभी संविधान बदलने की बातें होती हैं और जो लोग आज इतिहास पर भाषण दे रहे हैं, उनके पूर्वज इतिहास से भाग रहे थे। कांग्रेस विचारधारा है और विचारधाराएं कभी मरती नहीं हैं। खड़गे ने एक और पोस्ट में कहा कि 2025 महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी था, संविधान को स्वीकार किए जाने का 75 वर्ष था, वंदे मातरम की 150वीं जयंती है, जबकि 2026 का वर्ष दादाभाई नौरोजी की 200वीं जयंती, सरोजिनी नायडू के कांग्रेस अध्यक्ष बनने का शताब्दी वर्ष, 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' गीत की भी शताब्दी है। यह गीत दिसम्बर 1925 में कानपुर कांग्रेस अधिवेशन में पहली बार गाया गया था।

### अरावली मामले पर कांग्रेस ने पूछा सवाल, नई परिभाषा को बताया विनाशकारी



**नई दिल्ली।** अरावली पर्वतमाला को पुन: परिभाषित किए जाने को लेकर जारी विवाद के बीच कांग्रेस संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से रविवार को सवाल पूछे और दावा किया कि इस कदम से अरावली सहित कई छोटी पहाड़ियां और अन्य भू आकृतियां नष्ट हो जाएंगी। यादव को रविवार को लिखे पत्र में रमेश ने कहा कि अरावली पहाड़ियों की पुन: परिभाषा को लेकर व्यापक चिंताएं होना स्वाभाविक है, क्योंकि इसके तहत इन्हें 100 मीटर या उससे अधिक की ऊंचाई वाले भू-आकृतियों तक सीमित कर दिया गया है। रमेश ने कहा क्या यह सच नहीं है कि इस नई परिभाषा से कई छोटी पहाड़ियां और अन्य भू-आकृतियां नष्ट हो जाएंगी और चार राज्यों में फैली पूरी अरावली पहाड़ियों एवं पर्वतमालाओं का भौगोलिक और पारिस्थितिक स्वरूप समाप्त हो जाएगा।

# संविधान संवाद से जनता को जागरूक करेगी कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ संविधान संवाद कार्यक्रम के तहत जनपदों में 30 रैलियां आयोजित होंगी: पाण्डेय

**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान पर बढ़ते खतरे के खिलाफ कांग्रेस प्रदेशभर में व्यापक जनजागरण अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि अगले 100 दिनों में 'संविधान संवाद' कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश के प्रमुख जनपदों में 30 रैलियां आयोजित कर जनता को जागरूक किया जाएगा।

रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, नेहरू भवन में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अविनाश पाण्डेय ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बदहाली से आमजन त्रस्त है, जबकि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजा. ेर कर रही है। उन्होंने मनरेगा में किए जा रहे बदलावों को ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों पर सीधा प्रहार बताया। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीणों का अधिकार है, जिसकी आत्मा ग्राम सभा है। कामों के चयन, प्राथमिकता और निगरानी जैसे अधिकारों को केंद्रीय पोर्टल व मंत्रालयों के अधीन कर देने से ग्राम सभा औपचारिक संस्था बनकर रह गई है।

# मतदाता सूची के आंकड़ों पर अखिलेश ने उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: दो करोड़ 89 हजार का अलग आंकड़ा सामने आना जनता को भ्रमित करता है

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सामने आए आंकड़ों ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता संख्या में आए उतार-चढ़ाव पर गंभीर सवाल उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से यह दावा किया गया था कि एसआईआर प्रक्रिया में प्रदेश में लगभग 4 करोड़ वोटर कम हुए हैं, लेकिन बाद में दो करोड़ 89 हजार का अलग आंकड़ा सामने आना जनता को भ्रमित करता है। यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए सवाल किया कि अगर वास्तव में चार करोड़ वोटरों की संख्या घटी थी, तो फिर कुछ ही समय में आंकड़े कैसे बदल गए। महज दो हफ्तों के भीतर एक करोड़ 11 लाख वोटरों की संख्या का अचानक बढ़ जाना स्वाभाविक नहीं लगता। यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि ये वोट वास्तव में जुड़े हैं या फिर कागजी तौर पर जोड़े गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इतने बड़े पैमाने पर नए मतदाता पंजीकरण हुए हैं, तो इसका असर जमीनी स्तर पर क्यों नहीं दिखा। न कहीं लंबी कतारें दिखीं और न ही किसी व्यापक अभियान की जानकारी सामने आई। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इतने बड़े पंजीकरण से जुड़े कोई सीसीटीवी फुटेज या आधिकारिक रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाएंगे।

## वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन 2025 के समापन सत्र में बोल सीएम योगी

# धर्मांतरण रैकेट खत्म करने को एआई का इस्तेमाल हो

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार और साइबर अपराध पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री का पुलिस अफसरों को निर्देश

**लखनऊ।** सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार और साइबर अपराध जैसी गतिविधियों पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पुलिस को ऐसे अपराधों पर नकेल कसने और विदेशी फंड से प्रायोजित धर्मांतरण के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस (एआई) का भी इस्तेमाल करने के निर्देश दिए।

'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन 2025 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विशेष रूप से सोशल मीडिया और साइबर क्राइम पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर कानून-व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द प्रभावित करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने को कहा। उन्होंने पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल की ओर से प्रदेश में बढ़ने वाली आतंकी गतिविधियों और नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए सीमा सुरक्षा एवं आतंकवाद निरोधक तंत्र को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही गो-तस्करी और धर्मांतरण के लिए चलाए जा रहे संगठित गिरोह पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार, डीपफेक, डार्कवेब, साइबर अपराध एवं आतंकी नेटवर्क जैसी चुनौतियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस एवं इंटेलिजेंस तंत्र को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया पर कानून-व्यवस्था, जातीय एवं धार्मिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले किसी भी आपत्तिजनक कंटेंट पर तत्काल संज्ञान लेकर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जाति या धर्म के नाम पर समाज को विभाजित करने, पुलिस पर दबाव बनाने अथवा अराजकता फैलाने वाले तत्वों के प्रति किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। ऐसे पोस्ट, फेक अकाउंट एवं संगठित दुष्प्रचार अभियानों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व महापुरुषों के नाम का दुरुपयोग कर नए-नए संगठन बनाकर अरा. जकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस को ऐसे संगठनों की पृष्ठभूमि की गहन जांच कर उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने तथा कानून के दायरे में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने धार्मिक कन्वर्जन को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि बलरामपुर जैसी घटनाएं संकेत हैं कि ऐसे प्रयास संगठित रूप से किए जा रहे हैं।

### कानून का राज उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून का राज उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। इसी ने प्रदेश से असुरक्षा का भाव खत्म किया, विश्वास का वातावरण बनाया और यूपी को निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बनाया है। रविवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित 'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन-2025 के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज देशभर में यूपी मॉडल की चर्चा है और यह बदलाव पुलिस की पेशेवर, निष्पक्ष और संवेदनशील कार्यप्रणाली का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने पुलिस मंथन जैसे अभिनव प्रयास के लिए डीजीपी और उनकी पूरी टीम को बधाई दी।



सेंसेक्स 85567.48
निफ्टी 26172.40



सोना रु. 139000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



# अर्थव्यवस्था के आंकड़ों पर रहेगी निवेशकों की नजर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर अर्थव्यवस्था के आंकड़ों पर रहेगी। अगले सप्ताह सोमवार को औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी किए जाएंगे।

इसके बाद 2 जनवरी को औद्योगिक क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़े जारी होंगे और सप्ताह के दौरान ही वाहनों की बिक्री के आंकड़े भी आएंगे। बीते सप्ताह गुरुवार को क्रिसमस के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 112.09 अंक (0.13 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त रही और यह शुक्रवार को 85,041.45 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी सप्ताह के दौरान 75.90 अंक यानी 0.29 प्रतिशत चढ़कर 26,042.30 अंक पर पहुंच गया। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.48 प्रतिशत गिर गया। स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 1.75 प्रतिशत की तेजी रही। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर बढ़त में और अन्य 13 के गिरावट में रहे। ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 5.47 प्रतिशत मजबूत हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.59 फीसदी, टाइटन में 1.56, बीईएल में 1.44, एनटीपीसी में 1.30, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.14 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में एक प्रतिशत की तेजी रही। इंफोसिस का शेयर 0.97 प्रतिशत, आईटीसी का 0.80, पावरग्रिड का 0.74, एचडीएफसी बैंक का 0.65, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 0.51, भारती एयरटेल का 0.45 और टाटा स्टील का 0.30 प्रतिशत चढ़ा। कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और टेक महिंद्रा में भी 0.02 प्रतिशत की तेजी रही। एशियन पेंट्स में सबसे ज्यादा 1.88 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 1.54 फीसदी, इंडिगो का 1.50, सनफार्मा का 1.48, भारतीय स्टेट बैंक का 1.40 और बजाज फिनसर्व का 1.22 प्रतिशत टूटा।

# वार्षिकी 2025- आम आदमी की पहुंच से दूर हुआ सोना, निवेशकों की चांदी

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर जारी भू-राजनैतिक और व्यापार तनावों के बीच पिछले एक साल में सोने-चांदी में जबरदस्त तेजी रही और एक तरफ जहां दोनों कीमती धातु आम लोगों की पहुंच से दूर हो गईं, वहीं निवेशकों को खूब फायदा हुआ।

एमसीएक्स इंडिया के आंकड़ों के अनुसार अहमदाबाद में सोने की कीमत 31 दिसम्बर 2024 को 75,913 रुपये प्रति दस ग्राम थी, जो 26 दिसम्बर 2025 को बढ़कर 1,37,591 रुपये पर पहुंच गई। इस प्रकार इसकी कीमत 81 प्रतिशत से अधिक बढ़ी। इस दौरान चांद भी 85,851 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2,28,948 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इसकी कीमत एक साल में 167 प्रतिशत बढ़ी। विशेषज्ञों का मानना है कि सोने की कीमत में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण वैश्विक है। एक तरफ रूस युक्रेन युद्ध और दूसरी तरफ पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली पीली धातु की मांग बढ़ी है। इसके अलावा, व्यापार तनाव भी इसकी एक वजह है। निवेशक ही नहीं, विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक भी सोना खरीद रहे हैं। एक तरफ जहां मूल्य में सोने की खपत बढ़ी है, वहीं वास्तविक खपत में कमी आई है। इसका मुख्य कारण इसकी आसमान छूती कीमतें हैं जिससे यह आम लोगों की पहुंच से दूर चला गया है। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) ने सोने चांदी में तेजी के लिए वैश्विक कारकों के साथ देश में वैवाहिक और त्योहारी मांग को भी जिम्मेदार ठहराया है। उसका कहना है कि बढ़ती कीमतों के बीच देश में इसकी निवेश मांग भी बनी हुई है।

# चावल, खाद्य तेलों में साप्ताहिक तेजी दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। वहीं गेहूं और चीनी के भाव लगभग स्थिर रहे। खाद्य तेलों में तेजी रही, जबकि दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत दो रुपये की मामूली बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं 2,857 रुपये प्रति क्विंटल पर कमोबेश अपरिवर्तित रहा। आटा छह रुपये महंगा हुआ और 3,311 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में तेजी देखी गई। वनस्पति की कीमत 142 रुपये और सरसों तेल की 121 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 74 रुपये और मूंगफली तेल में 47 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक बढ़त रही। सोया तेल 41 रुपये और पाम ऑयल 38 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान चना दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल की कीमत 66 रुपये और उड़द दाल की 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मसूर दाल में 30 रुपये और मूंग दाल में 29 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी के भाव में कोई साप्ताहिक बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7766.52 रुपये, मसूर काली 8127.93 रुपये, मूंग दाल 10106.60 रुपये, उड़द दाल 10369.04 रुपये, तुअर दाल 10540.84 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.44 रुपये और चावल 3828.79 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.30 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.70 रुपये और गुड़ 5030.04 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17769.40 रुपये, मूंगफली तेल 17734.93 रुपये, सूरजमुखी तेल 15864.06 रुपये, सोया तेल 13811.80 रुपये, पाम ऑयल 12524.07 रुपये और वनस्पति 14596.38 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# एकीकृत नियंत्रण कक्ष से जल्दी हो रहा हवाई यात्रियों की शिकायतों का समाधान

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट के समय नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा स्थापित एकीकृत यात्री सहायता नियंत्रण कक्ष (पीएसीआर) के जरिए यात्रियों की शिकायतों का अब कम समय में समाधान हो रहा है।



दिल्ली के राजीव गांधी उड़ान भवन स्थित नागरिक उड्डयन मंत्रालय में स्थापित इस पीएसीआर में मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), नागर विमानन महा. निदेशालय (डीजीसीए) और सभी विमान सेवा कंपनियों के प्रतिनिधि एक साथ बैठते हैं। सोशल मीडिया पर मंत्रालय को टैग करते हुए, जब भी कोई शिकायत आती है, तो मंत्रालय के प्रतिनिधि संबंधित एयरलाइंस से बात करते हैं और जल्द से जल्द समाधान का निर्देश देते हैं। इंडिगो संकट के समय नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा के निर्देश पर 10 दिसम्बर को पीएसीआर की शुरुआत की गई थी।

मंत्रालय के पहले से चल रहे शिकायत निवारण तंत्र एयर सेवा पोर्टल को भी इसी में मिला दिया गया है। तब से अब तक यहां 13 हजार से अधिक शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, जिसमें 03 दिसम्बर से 09 दिसम्बर के बीच प्राप्त 3,200 से ज्यादा शिकायत भी शामिल हैं। मंत्रालय में उप-महानिदेशक प्रमोद कुमार ठाकुर ने बताया कि पीएसीआर अब स्थाई तंत्र बन गया है और यह आगे भी जारी रहेगा। यह हर दिन चौबीसों घंटे काम कर रहा है। इंडिगो ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में चार हजार से अधिक उड़ानें रद्द की थीं। इस कारण लाखों यात्री अपने गंतव्यों तक नहीं पहुंच सकें और हजारों यात्री कई-कई घंटे तक विभिन्न हवाई अड्डों पर फंसे रहे। इस कारण, दिसम्बर अचानक शिकायतों की संख्या में भी भारी इजाफा देखा गया। डीजीसीए के आंकड़ों के अनुसार नवम्बर में जहां शिड्यूल विमान सेवा कंपनियों को यात्रियों से संबंधित 1,196 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, वहीं इस महीने 03 से 26 दिसम्बर तक 13,468 शिकायतें प्राप्त हुई और 13,061 का समाधान किया गया। इनमें 10,410 शिकायतें एयर सेवा पोर्टल के माध्यम से, 1,324 एयर सेवा ई-मेल के माध्यम से और 1,734 सोशल मीडिया के जरिए प्राप्त हुए हैं।

# आरक्षण विवाद: आगा रूहुल्लाह, वहीद-उर-रहमान पारा, इल्तिजा मुफ्ती नजरबंद

श्रीनगर, वार्ता

■ सामान्य श्रेणी या ओपन मेरिट के छात्रों ने आरक्षण नीति के बदलाव में हो रही देरी के विरोध में धरने का किया था ऐलान

जम्मू-कश्मीर में आरक्षण नीति को लेकर जारी विवाद के बीच प्रशासन ने रविवार को छात्रों और राजनीतिक दलों के नियोजित विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के मद्देनजर सख्त कदम उठाते हुए शहर के संवेदनशील इलाकों को सील कर दिया और आगा रूहुल्लाह, वहीद-उर-रहमान एवं इल्तिजा मुफ्ती सहित कई नेताओं को नजरबंद कर दिया। सामान्य श्रेणी या ओपन मेरिट के छात्रों ने आरक्षण नीति के बदलाव में हो रही देरी के विरोध में रविवार को श्रीनगर में धरने का ऐलान किया था।

सूत्रों के अनुसार नेशनल कांफ्रेंस के सांसद आगा रुहुल्लाह मेहदी, वरिष्ठ पीडीपी नेता वहीद-उर-रहमान पारा और महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती को सुबह नजरबंद कर दिया गया। प्रशासन ने न केवल इन नेताओं की आवाजाही पर रोक लगाई, बल्कि उनके घरों के बाहर अतिरिक्त पुलिस और अर्धसैनिक बल भी तैनात किए। मेहदी के कार्यालय ने एक कड़ा बयान जारी करते हुए कहा कि पुलिस ने आधिकारिक तौर पर सम्मानित सांसद को गिरफ्तार कर लिया है। हमें सूचना मिली है कि उन्हें नजरबंद कर दिया गया है और उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। देर रात हमें यह भी खबर मिली कि कई छात्रों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस उनके परिवारों को धमका रही है। यह सब सिर्फ इसलिए हो रहा है, क्योंकि वे एक निष्पक्ष, उचित और तर्कसंगत आरक्षण नीति की मांग कर रहे हैं। कार्यालय के अनुसार, छात्रों की सिलसिलेवार गिरफ्तारियां पूरी रात जारी रहीं और उन पर कथित दबाव बनाया गया जो विरोध के माहौल को दबाने का स्पष्ट प्रयास है।

इस बीच इल्तिजा मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रशासन की कार्रवाई पर गुस्सा व्यक्त करते हुए लिखा, ष्कई अन्य लोगों की तरह मैं भी आज श्रीनगर में नजरबंद हूं। सुरक्षा एजेंसियों की अनिश्चितता और भय की मानसिकता की कोई सीमा नहीं है। यही नए कश्मीर की 'सामान्य स्थिति' है। मुझे बाहर जाने से रो. कने के लिए मेरे गेट पर महिला पुलिसकर्मियों का एक बड़ा दल तैनात है। क्या कोई मुझे बता सकता है कि यह सब किस कानून के तहत हो रहा है? सुश्री मुफ्ती ने कहा कि ये उपाय लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं और जनता की आवाज को दबाने का जानबूझकर किया गया प्रयास है। पीडीपी विधायक वहीद पारा ने एक विस्तृत बयान जारी करते हुए आरोप लगाया कि आरक्षण नीति का संकट एक 'अस्तित्वगत समस्या' बन गया है, जो युवा पीढ़ी के भविष्य की नींव को हिला रहा है। पारा को उनके श्रीनगर आवास से बाहर निकलने की इजाजत नहीं दी गई। उन्होंने एक्स पर लिखा, आरक्षण नीति हमारे युवाओं के भविष्य के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा रही है। हम पिछले एक साल से छात्रों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री से संपर्क साधने का प्रयास कर रहे हैं। हम विद्यार्थियों के साथ उनके आवास के बाहर इकध होते रहे, लेकिन इस दौरान सरकार की ओर से इस मुद्दे को सुलझाने का कोई इरादा नहीं था। इस उपेक्षा ने युवाओं की चिंता और अनिश्चितता को कई गुना बढ़ा दिया है।

इससे पूर्व, श्रीनगर के पूर्व मेयर जुनैद अजीम मट्टू ने कहा कि छात्रों के धरने में उनके शामिल होने से पहले उनके घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस और सीआरपीएफ तैनात की गई थी। उन्होंने एक्स पर कहा कि छात्रों के खिलाफ भेदभाव की नीति न्याय मांगने वाली आवा. जों को दबाकर न तो सही हो सकती है और न ही स्थाई। मैं छात्रों के साथ खड़ा हूं। नेताओं को नजरबंद किए जाने पर पुलिस की ओर से कोई बयान नहीं आया है। जम्मू-कश्मीर में सामान्य श्रेणी के छात्र आरक्षण नीति का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि 40 प्रतिशत से भी कम सीटें अनारक्षित हैं, जबकि 60 प्रतिशत से जडादा सीटें आरक्षित हैं। छात्रों के लगातार दबाव के बाद उमर अब्दुल्ला सरकार ने एक कैबिनेट उप-समिति बनाई थी। इसकी सिफारिशों को अब कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है और अंतिम मंजूरी के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पास भेजा गया है।

## कोहरे की चादर में लिपटा जनजीवन

# दोपहर तक भी नहीं छंटा कोहरा, अलाव ही बना सहारा

**दिनभर नहीं हुए सूर्य देवता के दर्शन, लोग ठंड में ठिठुरे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** घना कोहरा और हाड़ कंपकपाने वाली हवा ने जनजीवन पर ब्रेक लगा दिया है हालात ऐसे हो गए हैं कि दोपहर तक सूरज के दर्शन नहीं हो सके और कोहरे के कारण जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित नजर आया। सर्द हवाओं, कोहरे और पाले के कारण आम लोगों से लेकर प्रशासन तक अलर्ट मोड पर दिखाई दिया। रविवार को भी पूरा शहर कोहरे की घनी चादर में लिपटा रहा। हालात इतने खराब रहे कि दोपहर 12 बजे तक भी अंधेरे जैसा माहौल बना रहा। लोग दिन में ही सर्दी से बचाव के लिए अलाव के सहारे बैठे नजर आए। गली-मोहल्लों में घरों और दुकानों के बाहर दोपहर एक बजे तक अलाव जलते दिखाई दिए। कोहरे के साथ पानी की बूंदों के रूप में पाला गिरने से सड़कों पर आवाजाही भी प्रभावित रही। दृश्यता बेहद कम होने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। राजमार्गों पर कोहरा अधिक घना रहा, जिससे यातायात की रफ्तार थमी नजर आई। लोगों को गरम कपड़ों में लिपटा देखा गया। पिछले चार दिनों से जारी इस कड़ाके की ठंड के चलते जिले के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। प्रशासन द्वारा 27 दिसंबर तक कक्षा 8 तक के स्कूलों में शीत अवकाश घोषित किया गया था, लेकिन मौसम में कोई नरमी नहीं दिखाई देने के कारण अब इस अवकाश को आगे बढ़ाए जाने की संभावना जताई जा रही है।


मुजफ्फरनगर: यह नजारा शहर के हृदय स्थल शिवचौक का है जहां दिन में भी अंधेरा छाया रहा।

## पारा लुढ़का, 9 डिग्री पहुंचा तापमान, विजिबिलिटी शून्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दिनभर औसत तापमान 20 डिग्री के आसपास बना रहा। सुबह के समय हालात इतने खराब थे कि धुंध में नजदीक का भी नज़र नहीं आया हालांकि दोपहर करीब एक बजे के बाद हल्की नीम धूप निकली, जिससे लोगों को कुछ देर के लिए सर्द हवा और कोहरे से राहत मिली, लेकिन यह राहत ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। शाम से पहले ही फिर से कोहरे की आमद ने ठंड का अहसास बढ़ा दिया।

## सड़क व रेल मार्ग प्रभावित, ट्रेनों की रफ्तार पर लगा ब्रेक

**मुजफ्फरनगर।** पहाडी इलाकों से आई ठण्डी हवा व धुंध के कारण सड़क व रेल यातायात भी पूरी तरह प्रभावित है। रूटीन में चलने वाली रोडवेज बसों का संचालन कोहरे के चलते बंद किया गया है। ठंड के चलते रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या लगातार घट रही है ऐसे में राजस्व नुकसान को देखते हुए परिवहन विभाग ने कई बसों का संचालन बंद कर दिया है। इसी के साथ रेल मार्ग पर भी कोहरे का असर पड़ता दिखाई दे रहा है। चलने वाली दर्जनों रेलगाडियां अपनी निर्धारित समय से देरी से पहुंच रही है। और कई ट्रेनो को रद्द भी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी कुछ दिन और ठंड बढने का अनुमान है।


मुजफ्फरनगर: वोटर लिस्ट में मृत दिखाने पर सपा नेता के साथ प्रदर्शन करती महिलाएं।

## बच्चों का एक दिन का अवकाश बढ़ा, टीचरों को आना होगा स्कूल

**डीएम के निर्देश के बाद बीएसए बच्चों पर हुए मेहरबान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लगातार पड रही कडाके की ठंड के बावजूद जिल बेसिक शिक्षा अधिकारी एक-एक दिन का अवकाश घोषित कर छोटे बच्चों पर मेहरबान नजर आ रहे है, लेकिन उनके द्वारा जारी किए गए हर आदेश में स्पष्ट तौर पर यहीं कहा जा रहा है कि बेसिक शिक्षा परिषदीय के समस्त विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी पूर्व की भांति विद्यालय में उपस्थित होकर विभागीय कार्य संपन्न कराएगे। रविवार को एक बार फिर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि कोहरे व ठंड के दृष्टिगत कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक के केवल छात्र-छात्राओं का 29 दिसम्बर का अवकाश घोषित किया जाता है शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारी पूर्व की भांति विद्यालय में उपस्थित होकर यू-डायस, अपार आईडी, एसआईआर व अन्य विभागीय कार्य सम्पन्न कराएंगे।


मुजफ्फरनगर: दिनभर सूर्य देवता के दर्शन नहीं हुए तो अलाव ही एक मात्र सहारा बना।

## आजादी दिलाने व संविधान निर्माण में कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका:मित्तल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** स्थापना दिवस पर कांग्रेस की विचार गोष्ठी में पार्टी के उद्देश्य और नीतियों का बखान करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले नेताओं को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उन्ही की बदौलत आज देशभर में तरक्की संभव हुई है।

पार्टी कार्यालय पर स्थापना दिवस पर आयोजित गोष्ठी में कांग्रेसी नेता एवं किसान चिंतक कमल मित्तल ने कहा कि 28 दिसंबर सन 1885 में कांग्रेस पार्टी की स्थापना पूर्व ब्रिटिश अधिकारी और 72 लोगों ने मिलकर की थी। कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी की लड़ाई से लेकर उसके बाद संविधान के निर्माण सहित देश के संचालन में अपनी अहम भूमिका निभाई। आजादी के 75 साल बाद कांग्रेस पार्टी देश की सबसे पुरानी पार्टी होने के साथ ही मौजूदा राजनीति में मुख्य विपक्षी दल है।

कमल मित्तल ने कहा कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 40 साल से राजनैतिक वनवास झेल रही है। 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है।

जिसके लिए संगठन को नए सिरे से मजबूत किया जा रहा है। कांग्रेस हमेशा से सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी रही है। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष सतपाल कटारिया ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस पार्टी 2027 में उत्तर प्रदेश में वापसी के लिए दृढ़ संकल्प है। कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतपाल कटारिया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं किसान चिंतक कमल मित्तल , गीता काकरान, अनमोल जैन, ममनून अंसारी, सगीर मलिक, मदन शर्मा, प्रदीप त्यागी, राकेश शर्मा आदि कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे।

# हाथों में तख्तियां लेकर महिलाएं बोली साहब हम जिंदा हैं

### सपा नेता शमशेर मलिक के नेतृत्व में किया प्रदर्शन, दिए जिंदा होने के साक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मौजूदा मतदाताओं को मृत दर्शाकर उनके नाम एसआईआर अभियान के दौरान वोटर लिस्ट से हटाए जाने के विरोध में पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जाकिर कॉलोनी के दर्जनों लोगों ने समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष शमशेर मलिक के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने एसआइआर प्रक्रिया में गंभीर धांधली के आरोप लगाए और इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया।

प्रदर्शन के दौरान शमशेर मलिक ने आरोप लगाया कि बीएलओ द्वारा जानबूझकर बड़ी संख्या में मतदाताओं को मृत घोषित कर दिया गया है, जबकि वे पूरी तरह जीवित और स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि उनके बूथ नंबर 73 पर कई ऐसे मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, जिनका न केवल क्षेत्र में निवास है बल्कि उन्होंने एसएआर फॉर्म भी समय पर जमा किया था। इसके बावजूद उन्हें कागजों में मृत या क्षेत्र से अनुपस्थित दिखा दिया गया। शमशेर मलिक ने कहा कि संबंधित मतदाताओं के पास विभाग द्वारा दी गई। आधिकारिक रिसीविंग पर्ची भी मौजूद है, फिर भी उनके मताधिकार को छीना जा रहा है। उन्होंने इसे एक गहरी राजनीतिक साजिश करार देते हुए कहा कि चुन-चुन कर पिछड़े वर्ग, दलित और अल्पसंख्यक समाज के लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटे जा रहे हैं, ताकि आगामी चुनावों में एक विशेष वर्ग को नुकसान पहुंचाया जा सके।

प्रदर्शन के दौरान अनवरी और हुस्नआरा नाम की महिलाएं हाथों में तख्तियां लेकर खड़ी नजर आईं, जिन पर लिखा था कि 'हम जिंदा हैं।' वहीं कई अन्य लोग तख्तियां लेकर यह साबित करते दिखे कि वे इसी क्षेत्र में रहते हैं, इसके बावजूद उन्हें अनुपस्थित घोषित कर दिया गया है। शमशेर मलिक ने दावा किया कि क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में ऐसे लोग हैं, जिन्हें या तो मृत घोषित कर दिया गया है या फिर क्षेत्र से अनुपस्थित दिखाकर उनके नाम एसआईआर सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस मामले पर ध्यान नहीं दिया, तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर प्रशासनिक स्तर तक आंदोलन करने को मजबूर होगी। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय लोगों में भारी रोष देखने को मिला।

## बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर ने की मंडलीय समीक्षा

**भाजपा छोड़कर आए लोगों को दिलाई सदस्यता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर रणधीर बेनीवाल ने एसआईआर अभियान में बूथ लेवल पर किए गए कार्यो की कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्यकर्ताओं की जागरूकता का ही परिणाम है। उन्होने कहा है कि बसपा ने हमेशा दबे, कुचले और कमजोर वर्ग की लडाई लडकर उसे इंसाफ दिलाने का काम किया है।

महावीर चौक स्थित बहुजन समाज पार्टी कार्यालय पर रविवार को शामली सहारनपुर व मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्षों के अलावा नरेश गौतम, कमलराज, सतीश रवि, कोषाध्यक्ष सुशील शर्मा के साथ समीक्षा बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर मंथन किया गया। यहां काफी संख्या में लोगों ने भाजपा छोड़कर बसपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान बेनीवाल ने एसआईआर में बूथ लेबल पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने भाजपा छोड़कर आए ठाकुर समाज के जयकुमार और उनके समर्थकों का स्वागत करते हुए बसपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

## मानव व पशु प्रेम का रिश्ता जोड़ेगा अर्जुन फाउंडेशन

### स्ट्रीट डॉग व बेसहारा पशुओं को मिलेगा आसरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सड़कों पर भटक रहे बेसहारा पशुओं की सुरक्षा को लेकर अर्जुन फाउंडेशन ने आगे बढ़कर स्ट्रीट डॉग के लिए सुरक्षित शैल्टर (आश्रय स्थल) बनाने की घोषणा की है। इस परियोजना के माध्यम से घायल, बीमार और असहाय पशुओं को उपचार, भोजन और सुरक्षित ठिकाना उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए एनजीओ अर्जुन फाउंडेशन ने पशु प्रेमियों, समाजसे. वियों के साथ साथ प्रशासन और पब्लिक से आर्थिक, सामाजिक और सरकारी सहयोग के लिए आगे आने की अपील की है।

रविवार को फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. संदीप अरोरा ने अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ रेस्टोरेंट में योजना को पत्रकारों से साझा करते हुए बताया कि नोएडा, मेरठ और बिजनौर के एबीसी सेंटर में 100 से अधिक स्ट्रीट डॉग्स को भेजकर उनकी नसबंदी कराई। शहर में हमारी टीम के लोग इनको भोजन की व्यवस्था प्रतिदिन करा रहे है। इसके लिए टीम को विरोध का भी सामना करना पड़ता है।

मुनीम कालोनी में एक मकान किराये पर रहकर एनजीओ ने एक अस्थाई शैल्टर बनाया हुआ है। शहर और ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में बेसहारा कुत्ते, गाय, बन्दर और अन्य पशु सड़कों पर दुर्घटनाओं, मौसम की मार और बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। कई बार भूख-प्यास के कारण उनकी हालत और भी दयनीय हो जाती है। इन जानवरों को जीवन की सुरक्षा देने के लिए हमारा एनजीओ लगातार चार वर्षो से सामाजिक तालमेल बनाते हुए पशु और मानव के बीच एक प्रेम का रिश्ता जोड़ने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में फाउंडेशन ने अब जनपद में एक रोड साइड एनीमल शैल्टर निर्माण का निर्णय लिया और सरकार की एनीमल बर्थ कंट्रोल गाइड लाइन 2023 के अनुसार ही इस एबीसी सेंटर का निर्माण कराने का प्रयास शुरू किया गया। इससे न केवल पशुओं को राहत मिलेगी, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

## सरेराह युवक के साथ मारपीट में तीन पर शिकंजा

**तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोकरहेड़ी-बसेड़ा मार्ग पर बाइक सवार युवक के साथ तीन युवकों ने मारपीट की पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला सुभाष चौक निवासी सन्दीप ने बताया की बीते 13 दिसम्बर को रात के समय कस्बे के ही सचिन कुमार के साथ वह हरिद्वार जनपद के लिब्बारहेडी से वापस आ रहा था।

वापस आते समय जैसे ही वह भोकरहेड़ी -बसेड़ा मार्ग पर गांव रहमतपुर मे पैट्रोल पम्प के पास पहुंचे तो राजन व हनी उर्फ चिडिया निवासी भोकरहेडी व दिपांशु निवासी छपार ने उनके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी व लाठी डण्डे से वार कर घायल कर दिया। घायल संदीप का उपचार कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की आरोपी राजन, हनी, दीपांशु के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।



मुजफ्फरनगर: पार्टी कार्यालय पर मण्डलीय समीक्षा करते बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर।


मुजफ्फरनगर: आश्रय स्थल परियोजना की जानकारी देतें अर्जुन फाउंडेशन के पदाधिकारी।

# बसेड़ा पंचायत घोटाला: एक साल में जांच एक कदम भी आगे नहीं

### कलेक्टर साहब के बार-बार अनुस्मारक जारी करने के बाद भी करोड़ों के गबन के आरोप ठंडे बस्ते में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम पंचायत बसेड़ा में ग्राम प्रधान और सचिव पर लगाए गए करोड़ों रुपये के गबन के आरोपों की जांच एक वर्ष में भी पूरी नहीं हो पाई है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देश पर यह जांच जिला गन्ना अधिकारी संजय सिसोदिया को सौंपी गई थी, लेकिन हैरानी की बात यह है कि बार-बार अनुस्मारक जारी होने के बावजूद अधिकारी गांव जाकर जांच तक नहीं कर पाए।




दरअसल 30 दिसंबर 2024 को बसेड़ा निवासी खुशनसीब पुत्र खुर्शीद अली ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि ग्राम पंचायत में करीब 2 करोड़ 70 लाख रुपये का गबन किया गया है। शिकायत में ग्राम प्रधान व सचिव पर निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता, फर्जी बिलों के भुगतान और घटिया सामग्री के इस्तेमाल के गंभीर आरोप लगाए गए थे। शिकायतकर्ता ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने संज्ञान लेते हुए इस मामले में कमेटी बनाकर जांच आख्या मांगी थी।

शिकायत के अनुसार शासन से ग्राम पंचायत को मिली धनराशि का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया गया। स्ट्रीट लाइट एलईडी-617 लगाने के नाम पर कमीशनखोरी, स्कूलों में बाल पेंटिंग के नाम पर फर्जी बिल, नालियों की खुदाई और सड़कों के निर्माण में कागजी कार्य दिखाकर भुगतान किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। पंचायत घर में टाइल्स लगाने और कंप्यूटर कक्ष में यूपीएस के नाम पर भी कथित रूप से बड़ी रकम निकाली गई। सरकारी स्कूलों की बाल पेंटिंग और लैब कार्यों में भी फर्जीवाड़े की बात कही गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पंचायत के सभी कार्य प्रधान प्रतिनिधि द्वारा देखे जाते हैं और जब इन अनियमितताओं की शिकायत की गई तो दबाव बनाने का प्रयास किया गया। कागजों में करीब 2.70 करोड़ रुपये खर्च दिखाए गए, जबकि अधिकांश कार्य धरातल पर दिखाई नहीं देते। ऐसे में साफ जाहिर है कि यहां बढ़ा घोटाला किया गया है। ग्रामीण की मांग है कि निर्माण कार्यो की तकनीकी जांच किसी अन्य विभाग के अधिकारी की अध्यक्षता में समिति बनाकर कराई जाए और दोषी प्रधान व सचिव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए। हालांकि एक साल बीत जाने के बावजूद जांच आगे नहीं बढ़ सकी है, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे

# सेनेटरी गोदाम में भीषण आग, लाखों की संपत्ति स्वाहा

## ढाई घंटे बाद पहुंची दमकल, जीटी रोड पर लगा लंबा जाम, जनता में भारी आक्रोश

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रविवार की भोर खतौली नगर के लिए दहशत और अफरा-तफरी लेकर आई, जब जानसठ तिराहे के समीप स्थित एक सेनेटरी गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विक. राल रूप धारण कर लिया और गोदाम में रखा लाखों रुपये का सेनेटरी सामान, पाइप व अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। आग की लपटें इतनी प्रचंड थीं कि दूर-दूर तक धुएं का घना गुबार आसमान में छा गया।

आग लगते ही आसपास के दुक. ानदार और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। भयावह ख्रश्य को देखकर जीटी रोड से गुजरने वाले वाहन थम गए, जिससे सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन गोदाम में रखी ज्वलनशील सामग्री के कारण आग लगातार फैलती चली गई। काफी देर तक पानी डालने के बावजूद आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इस बीच दमकल विभाग को सूचना दी गई, लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी करीब दो से ढाई घंटे की देरी से मौके पर पहुंची। दमकल के देर से पहुं. चने पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यदि समय रहते दमकल पहुंच जाती तो लाखों रुपये के नुकसान को रोका जा सकता था। फायर विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए लोगों ने जमकर नाराजगी जताई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गोदाम में रखा सेनेटरी सामान, पाइप, फिटिंग्स और अन्य सामग्री पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। घंटों तक लगी आग के कारण गोदाम की दीवारें भी तपकर कमजोर हो गई थीं और गिरने के कगार



पर पहुंच गई थीं। आग बुझने के बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली। पीड़ित दुकानदार सुनील कुमार गुप्ता, संच. ालक गुप्ता पाइप ट्रेडर्स, ने बताया कि आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस हादसे में उन्हें लगभग आठ से दस लाख रुपये का नुकसान हुआ है, जिससे उनके व्यापार को भारी क्षति पहुंची है। घटना की सूचना पर प्रशास. निक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। नुकसान का आकलन किया जा रहा है तथा आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र की दमकल व्यवस्था और आपात सेवाओं की तत्परता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# शिक्षा को समर्पित रहा मास्टर आसाराम सैनी का जीवन : योगराज सिंह

**शाहपुर।** राष्ट्रीय इंटर कॉलेज शाहपुर के संस्थापकों में से एक स्वर्गीय मास्टर आसाराम सैनी के सुपुत्र एवं वरिष्ठ कला शिक्षक 86 वर्षीय रणधीर सिंह के निधन पर आयोजित शोकसभा में जनपद के राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुड़े गणमान्य लोगों सहित उनके शिष्यों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में 100 से अधिक पूर्व छात्र उपस्थित रहे और अपने गुरु को स्मरण करते हुए उनके योगदान को नमन किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह ने कहा कि रणधीर सिंह ने अपना पूरा जीवन शिक्षा के क्षेत्र को समर्पित कर दिया और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहे। आज के समय में इस तरह की निष्ठा और समर्पण भावना बहुत कम देखने को मिलती है।

कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोकसभा में भाजपा पूर्व विधायक उमेश मलिक, तेग बहादुर सैनी एडवोकेट, पूर्व सांसद



राजपाल सैनी, चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी, पूर्व केंदीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के पिता डॉ. सुरेंद्र सिंह बालियान, वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश मित्तल, मांगेराम सैनी, वरिष्ठ सपा नेता सत्येंद्र सैनी, डॉ. ओमपाल सैनी, पूर्व प्रधान कैलाश चंद्र सैनी, जिला पंचायत सदस्य पद के दावेदार डॉ लोकेंद्र बालियान, पलडी ग्राम प्रधान मोनू सैनी, वरिष्ठ पत्रकार राजीव प्रताप सैनी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल, पत्रकार नंदकिशोर सैनी, नवीन राना, शैलेंद्र सैनी के अलावा तेगबहादुर सैनी एडवोकेट, पूर्व सांसद राजपाल सैनी, रणवीर सैनी कमांडर एमईएस, पूर्व सीओ युगवीर सिंह सैनी, एडवोकेट संजीव गौतम, एडवोकेट सतेंद्र त्यागी, युवा नेता अंकुर सैनी, संदीप सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता शामली नरेश सैनी कांधला, मान्यता प्राप्त विद्यालय जिलाध्यक्ष रकमपाल सैनी, मा ईश्वर दयाल सैनी पीटीआई, जितेंद्र मोहन एडवोकेट सहारनपुर, सहन्सर पाल सोरम, उमेश मित्तल, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, जितेंद्र सोरम, सोहन लाल, जोनी, नवीन राणा, राजेश गोयल, सुशील सैनी, बृजपाल सैनी, धनकुमार सैनी, अनिल सैनी, दिनेश, राकेश, आदित्य, अजय पौत्र गुढ्ढू, पौत्री विजय लक्ष्मी, विशाल आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दो पक्षों मे जमकर मारपीट खूब चले धारदार हथियार

**मोरना।** ब्लॉक् मुख्यालय के गांव मोरना मे शनिवार की देर शाम वाल्मीकि समाज व जाटव समाज के दो पक्षों मे कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गयी मारपीट मे रोहन नामक युवक व दीपा नामक महिला घायल हो गयी।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान किया है।

क्षेत्र के संवेदनशील माने जाने वाले गांव मोरना मे मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसमें दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चल रहे हैं।

# श्रीराम सुंदर परिवार के 26वे वार्षिकोत्सव का यज्ञ व भंडारे के साथ समापन

**मीरापुर।** श्रीराम सुंदर परिवार मीरापुर के 26वे वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित श्रीमदभागवत कथा का हवन व भंडारे के बाद समापन हो गया है। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में शिखर शिक्षा सदन के डॉयरेक्टर राजेश शर्मा व उनकी पत्नी शिखा शर्मा तथा वरिष्ठ अधिवद्रा सिद्धार्थ राजवंशी रहे। अन्य मूल पाठ यजमानो में नविन वर्मा, अंजू वर्मा, राजन व अनामिका माहेश्वरी आदि लोग उपस्थित रहे।



श्रीराम सुंदर परिवार मीरापुर के 26वे वार्षिकोत्स के अवसर पर पंजाबी कालोनी में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें कथा व्यास के रूप में शुक्रताल धाम के आचार्य ध्रुव प्रसाद जी महाराज ने एक सप्ताह तक कथा करते हुए श्रीमद भागवत कथा का महत्व कृष्ण लीला, पूतना वध, कंस वध, गोवर्धन लीला, गोपी गीत व सुदामा चरित्र की कथाओं की बहुत सुंदर ढंग से प्रस्तुति की। इन्होने कहा कि मानव योनी दूर्लभ है इसलिए मानव को अपने जीवन में भगवान को पाने का प्रयास करते रहना चाहिए। इसके उपरांत शनिवार की सांयकाल संगीतमय सुंदरकांड व दीपदान का आयोजन किया गया तथा रविवार को सुंदर कांड की चौपाईयों के द्वारा विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में बडी संख्या में लोगो ने भाग लेकर पूर्ण आहुति दी तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा के दौरान कथा व्यास आचार्य ध्रुव प्रसाद जी महाराज को श्रीहरि संकीर्तन मंडल, राघव परिवार, ने शाल, माला व पटका पहना कर सम्मानित किया। इस मौके पर योगी श्यामनाथ जी महाराज, मुनेश शुक्ल, सुबोध दूबे, विकास दूबे, रणजीत सिंह, मुकेश कुमार, संजय माहेश्वरी, सरल शर्मा, रजनीश रस्तौगी, संजय मुदगल, तेजपाल वर्मा, घनश्याम दास अग्रवाल, वासुदेव शर्मा, चंद्रभान धीमान, पवन कौशिक आदि लोग उपथित रहे।

# खाइखेड़ी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों पर जमकर हो रही है घटतोली

**चरथावल।** इस वर्ष जहाँ वर्षा अधिक होने के कारण गन्ने की फसल बहुत ज्यादा कमजोर है और किसानों के खेतो मे गन्ना की पैदावार बहुत ही कम निकल रही है और किसानों को इस वर्ष बहुत ज्यादा नुकसान होने की संभावना जताई जा रही हैस बहुत बड़ा गन्ना क्षेत्र वर्षा के कारण डूब गया है जिससे किसानों की आर्थिक हालत पर भी बहुत बड़ा बोझ पड़ने वाला है लेकिन योगी सरकार मे भी किसानों को जहाँ खून के आंसू रुलाया जा रहा है वही खाईखेड़ी चीनी मिल के अधिकतर गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों के साथ जमकर घटतोली की जा रही है क्षेत्र मे लगे चरथावल पश्चिम, लुहारी, चौकड़ा कुटेसरा सहित अनेको गन्ना क्रय केंद्रों पर जमकर घटतोली की शिकायते आ रही हैस क्योंकि पश्चिम मे किसानों के लिए गन्ना ही मुख्य जीविका का साधन हे और अधिकतर किसान गन्ने की?सल पर ही निर्भर हेस लेकिन क्षेत्र मे जहाँ बड़े पैमाने पर खाईखेड़ी चीनी मिल को क्षेत्रीय किसान अपना गन्ना सप्लाई करते हे सक्योंकि पूर्व दिनों मे जहाँ अन्य मिलो मे गन्ना भुगतान के हालत बहुत ज्यादा खराब थेस लेकिन अब खाइखेड़ी चीनी मिल का गन्ना भुगतान बहुत हद तक सही हो रहा है जिस कारण किसानों द्वारा बड़ी मात्र मे खाइखेड़ी चीनी मिल को गन्ना सप्लाई किया जा रहा है लेकिन प्रदेश सरकार जहाँ प्रदेश के किसानों का गन्ना घटतोली मुक्त खरीदने के कितने ही दावे कर रही हो लेकिन क्षेत्र के किसान नेता शाहबाज प्रधान सहित अन्य ने खाइखेड़ी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों पर होने वाली घटतोली से किसानों को मुक्ति दिलाने के लिए गन्ना आयुक्त लखनऊ से खाइखेड़ी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों पर रोक लगाने की मांग की हेस वही किसान नेता ने कहा की बार बार अवगत कराने के बाद भी आखिरकार खाईखेड़ी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों के साथ होने वाली घटतोली पर रोक नहीं लग रही हे जिस कारण खाइखेड़ी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों की शिकायत और घटतोली से किसान नेता द्वारा मुख्यमंत्री को भी अवगत कराया जाने की बात कही जा रही है और गन्ना क्रय केंद्रों पर पूरी तरह घटतोली पर रोक लगाने की मांग की हैं वही जब जिला गन्ना अधिकारी से इस संबंध मे जानकारी करनी चाही तो जिला गन्ना अधिकारी द्वारा फोन को रिसीव नहीं किया गया।

### विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाये गंभीर आरोप

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की कोशिश का गंभीर आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर मीरापुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी मीरापुर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुई है। वर्तमान में उसका पति काम के सिलसिले में बाहर रहता है, जिसका फायदा उठाकर ससुराल पक्ष के लोग उस पर बेवजह शक करते हैं। महिला के अनुसार, 26 दिसंबर की शाम उसने किसी से घरेलू उपयोग का सामान मंगवाया था। इसी बात को लेकर ससुराल पक्ष के लोग भड़क गए और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूसों और लाठी-डंडों से मारपीट की।महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसके गले में दुपट्टा डालकर जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बायवाला पुलिस चौकी बनेगी थाना

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र की बायवाला पुलिस चौकी अगले साल थाने में परिवर्तित हो जाएगी। इससे बुढ़ाना कोतवाली से इसी चौकी क्षेत्र के कुछ गांव कट जाएंगे और बड़े एरिए के चलते बुढ़ाना पुलिस का भी काफी सिरदर्द घट जाएगा। फिलहाल खबर है कि बायवाला नाम से नया थाना बनाने के लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। उम्मीद है कि नये थाने की बिल्डिंग का निर्माण कार्य अब जल्द ही शुरु हो जाएगा। बाकायदा बायवाला पुलिस चौकी को थाने में परिवर्तित किए जाने की पुष्टी जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने भी की है। बताया जाता है कि बुढ़ाना कोतवाली का एरिया काफी बड़ा है। इस एरिए के घटाने के लिए ही पुलिस विभाग ने बायवाला पुलिस चौकी को थाना बनाने का प्रस्ताव विगत दिवस शासन को भेज दिया था।

### क्या कहते हैं गांव बिटावदा के मौजूदा प्रधान

**बुढ़ाना।** इस संबंध में जब ग्राम बिटावदा के मौजूदा प्रधान मनोज कुमार से फोनघ्पर बातचीत हुई तो उनका कहना था कि उनको कोतवाली बुढ़ाना में किसी काम के लिए पांच छह किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। उनके ग्राम क्षेत्र में नया थाना बन जाएगा तो उनको सहूलियत होगी और समय भी खराब होने से बचेगा। वे इसमें तन मन धन से सहयोग करेंगे। उनके यहां नया थाना बनने जा रहा है वे इस बात से खुश हैं और वे इसके लिए एसएसपी का भी आभार व्यक्त करते हैं।?

### बुलट सवार तीन युवकों ने रिक्शा चालक को पीटकर घायल किया

**मीरापुर।** भुम्मा रोड पर साइड न मिलने को लेकर हुए विवाद में बुलेट बाइक सवार तीन युवकों ने एक ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव कैथोड़ा निवासी अफ़सर पुत्र इरफान ने मीरापुर थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह अपनी ई-रिक्शा से भुम्मा रोड पर सवारी छोड़ने गए थे। इसी दौरान सामने से एक बुलेट बाइक पर सवार तीन युवक आ गए। गली संकरी होने के कारण साइड को लेकर कहासुनी हो गई।आरोप है कि ई-रिक्शा देखकर युवक उत्तेजित हो गए और अफ़सर के साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर मीरापुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# खतौली में वीर साहिबजादों के शौर्य को नमन

**खतौली।** श्री गुरु गोविंद सिंह जी के वीर साहिबजादों के अतुलनीय बलिदान की स्मृति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को खतौली नगर में भव्य एवं अनुशासित वीर बाल पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती विद्या मंदिर, मूलचंद विहार से हुआ, जहां बाल स्वयंसेवकों में उत्साह और राष्ट्रभक्ति का अद्‌भुत ख्रश्य देखने को मिला।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग सेवा प्रमुख बृजेश जी ने अपने प्रेरक बौद्धिक में गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के शौर्य, त्याग और धर्मरक्षा के लिए दिए गए बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि साहिबजादों का जीवन राष्ट्र, धर्म और मानवता के प्रति निस्वार्थ समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण है। उनके ओजस्वी विचारों को बाल स्वयंसेवकों ने गंभीरता से सुना और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। पथ संचलन सरस्वती विद्या मंदिर से प्रारंभ होकर बुवाड़ा रोड, होली चौक के सामने से जानसठ तिराहा तक पहुँचा तथा वहीं से पुनः बुवाड़ा रोड होते हुए विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। मार्ग में नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया, जिससे वातावरण देशभक्ति और उल्लास से भर उठा। इस अवसर पर टैगोर जूनियर हाई स्कूल का घोष दल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। घोष की गूंज ने नगर को अनुशासन, साहस और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम में नगर सहसंघ चालक चंद्रकांत, नगर कार्यवाह दीनदयाल, नगर प्रचार प्रमुख विशाल पाल, नगर



सहशारीरिक प्रमुख अभिषेक, नगर शारीरिक प्रमुख अनंत, नगर सेवा प्रमुख संजय सनातन, नगर संपर्क प्रमुख आलोक, नगर व्यवस्था प्रमुख प्रभात, सह संपर्क प्रमुख सतीश, नगर बौद्धिक प्रमुख बाबूलाल सहित सैकड़ों स्वयंसेवकों ने अनुशासित रूप से सहभागिता निभाई। कुल मिलाकर, वीर बाल पथ संचलन ने नगरवासियों के हृदय में बलिदान, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को और सशक्त किया

### आरोप लगाने वालों के आरोप एक सिरे से किए खारिज

**बुढ़ाना।** रविवार के दिन इस्तखार उर्फ भोटा पुत्र असरार निवासी गांव लोई ने मीडिया को बताया कि तीन लोगों ने उस पर वे आरोप लगाए हैं जिनमें वह लिप्त नही है। प्रथम झूठा आरोप हारुन पुत्र वकील निवासी गांव खेड़ी गनी ने लगाया है। जिसमें उस पर 350 वर्ग गज के प्लाट पर कब्जा करने का आरोप बताया गया है जबकि उसने कभी भी हारुण को ना ही कोई प्लाट बेचा और ना ही कोई लेन देन किया। उसका एक प्लाट खसरा संख्या 1537 में 240 वर्ग गज का था। जिसको 6 वर्ष पूर्व उसने रेशमा पत्नि शहजाद को दिया था। तब से रेशमा प्लाट पर मकान बनाकर रह रही है। दूसरा झूठा आरोप मोहसीन पुत्र सगीर निवासी चंधेडी रोड बुढ़ाना ने लगाते हुए कहा था कि 150 वर्ग गज के प्लाट पर मेरे द्वारा कब्जा किया हुआ है जबकि उसने कभी भी मोहसीन को ना तो कोई प्लाट बैंचा और ना ही कोई लेन देन उसके साथ में किया। तीसरा आरोप खुशह्लदा पत्नि शमशाद अली के द्वारा इसी प्रकार का उस पर लगाया गया है। तीनों ने लुहसाना रोड नहरवाई क्वार्टर के आगे अपने प्लाट पर मेरा कब्जा दिखाकर उन्हें बदनाम कर समाज में अपमानित करने और मानहानि करने का लगातार अपराध किया। वे समाज के सम्मानित व्यक्ति हैं। ये लोग मेरी सामाजिक छवि खराब कर रहे हैं। ये लोग पूर्व में भी ऐसा कर चुके हैं। इसलिए अब वे सोमवार को तीनों आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करेंगे।

### मूवी राजपाल हज्जाम का ट्रेलर रिलीज.........

# फिल्म में गोलियों-गालियों की जबरदस्त बौछार



**(नसीम कुरैशी)**

**बुढ़ाना।** स्थानीय एक्टर नईम राणा की आगामी फिल्म राजपाल हज्जाम का ट्रेलर गत दिवस यू टड्ब पर रिलीज हो गया। कुल 02 मिनट 57 सैकेंड के फिल्म के इस ट्रेलर में गोलियों के साथ साथ गंदी गालियों की जबरदस्त बौछार है। ग्रामीण परिवेश में बनी यह फिल्म छूआछूत को भी दर्शाती है। ट्रेलर में नईम राणा सिगरेट के कश लगाते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इस फिल्म के डायरेक्टर वसीम अहमद हैं। फिल्म की कहानी दिलशाद शामली ने लिखी है। ट्रेलर के हिसाब से फिल्म की कहानी में दम है। डायलाग और स्क्रीन प्ले आसिफ अली, डीओपी राजू धीमान, एडीटिंग योगेश पांडे ने की। मेकअप आर्टिस्ट शराफत अककास व हेयर स्टाइल नीलम का है। फिल्म के कलाकारों में नईम राणा के अलावा फिल्म में महिमा चौधरी द्वितीय, गौरी शंकर, ज्योति कलाश, राजीव बालियान, अभिषेक शर्मा, सनव्वर शाह, आसिफ खान, शराफत अक्कास, कय्यूम सलमानी, गायत्री मिश्रा और रुबिया खान सहित अन्य कई स्थानीय कलाकार भी फिल्म में अभिनय कर रहे हैं। यह फिल्म नव वर्ष पर रिलीज होगी ऐसी संभावना है। फिल्म की एक विशेषता यह भी है कि फिल्म को फिल्म स्टार नवाजुद्दीन सिद्दीकी के मंझले भाई फैजुद्दीन सिद्दीकी से टिप्स लेकर बनाई गई है। तभी तो फिल्म बेहतरीन बन गयी है। अब यह तो फिल्म देखने के बाद ही पता लगेगा कि फिल्म कैसी है लेकिन अगर देखा जाए तो ट्रेलर के हिसाब से फिल्म दमदार दिखाई पड़ रही है।

# ठंड में राहत का दावा बेअसर: सीएचसी खतौली का रैन बसेरा 'तालाबंद'

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कड़ाके की ठंड में गरीबों, बेसहारा लोगों और उपचार के लिए दूर-दराज़ से आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को राहत देने के उद्देश्य से बनाए गए रैन बसेरे सीएचसी खतौली में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

यहां रैन बसेरा कागज़ों में तो मौजूद है, लेकिन व्यवहार में वह शोपीस बनकर रह गया है। कमरों पर दिन-रात लटके ताले जरूरतम. ंदों को खुले आसमान के नीचे ठिठुरने को मजबूर कर रहे हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि रैन बसेरे तक पहुंचने के लिए न तो कोई सां. केतिक बोर्ड लगाया गया है और न ही इसकी उपलब्धता की कोई जानकारी प्रदर्शित की गई है। बाहर से आने वाले मरीजों के परिजन और राहगीर यह तक नहीं जान पाते कि रैन बसेरा कहां है और खुला भी है या नहीं। जानकारी के अभाव में लोग अस्पताल परिसर में भटकते रहते हैं। समस्या यहीं खत्म नहीं होती। सीएचसी के मुख्य द्वार पर फैला जलभराव और कीचड़ हालात को और बदतर बना रहा है। प्रवेश मार्ग पर जमा गंदा पानी मरीजों,



बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है। रैन बसेरे के सामने भी कीचड़ का आलम है, जिससे वहां तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं। सवाल यह है कि जब रास्ता ही दुर्गम हो, तो राहत का दावा कैसे सच माना जाए। रैन बसेरे की हालत भी बदइंतजामी की कहानी कहती है। टूटे गेट, रखरखाव का अभाव और साफ-सफाई न होने से फैली दुर्गंध व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। प्रशासन द्वारा बिस्तर, कंबल और गर्म कपड़ों की व्यवस्था के दावे किए जाते हैं, लेकिन ताले लटके होने की स्थिति में इन सुविधाओं का लाभ किसे मिलेगा, यह अबूझ पहेली बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल सर्दियों में रैन बसेरों को लेकर निर्देश और निरीक्षण के दावे तो होते हैं, मगर उनका असर धरातल पर दिखाई नहीं देता। सीएचसी जैसे संवे. दनशील स्थान पर रैन बसेरे का बंद रहना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। जरूरतमंदों की मांग है कि रैन बसेरा नियमित रूप से खोला जाए, साफ-सफाई कराई जाए, मुख्य द्वार से कीचड़ हटाकर सुगम रास्ता बनाया जाए और स्पष्ट सांकेतिक बोर्ड लगाए जाएं, ताकि ठंड में राहत वास्तव में मिल सके।

# पुरातन छात्र एसोसिएशन ने चलाया सफाई अभियान एवं किया पौधारोपण



**मुजफ्फरनगर।** इं राजीव सिंह, प्रधानाचार्य गांधी पालीटेक्निक, मुजफ्फरनगर के निर्देशन व पुरातन छात्र एसोसिएशन की देखरेख में पॉलीटेक्निक छात्रावास में ष्मेरा छात्रावास मेरा गौरव के तहत साफ-सफाई का एक दिवसीय विशेष सफाई अभियान चलाया गया स पुरातन छात्र एसोसिएशन के सचिव इ बसन्त कुमार गोयल ने बताया कि छात्रावास में उगी घास-फूस को साफ किया गया व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पौधा, माँ के नाम पर विभिन्न प्रकार के गुलाब, गेंदे आदि के सजावटी पौधे लगाए गए स सफाई अभियान में छात्रावास अधीक्षक अमित कुमार, मैस ठेकेदार राजेश पंडित, राहुल मलिक, लक्की यादव, तुषार, सोनू कश्यप, राहुल, विशाल आदि का विशेष योगदान रहा।

# रेनबो एकेडमी में वार्षिक उत्सव उमंग आयोजित

**चरथावल।** नगर में स्थित रेनबो एकेडमी में वार्षिक समारोह उमंग का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। चरथावल विधायक पंकज मलिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और अनुशासन स्पष्ट दिखाई दिया। इन प्रस्तुतियों में देशभक्ति के कार्यक्रम भी शामिल थे, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि चरथावल विधायक पंकज मलिक ने अपने संबोधन में विद्यालय और छात्र-छात्राओं की सराहना की। उन्होंने कहा, आपका विद्यालय जनपद के किसी भी विद्यालय से कम नहीं है।

यहाँ प्रदर्शित प्रदर्शन, हौसला, जज्बा और सीखने की चाहत बहुत काबिले तारीफ है।ष उन्होंने संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित



किया। विधायक मलिक ने समाज में सांप्रदायिक सद्‌भाव का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, जब हम देशभक्ति की बात करते हैं, तो हमें एक शिक्षा ज़रूर देनी चाहिए। आजकल हिंदू और मुसलमान की बात करने की प्रवृत्ति चल गई है। राजनीतिक लोग हिंदू और मुसलमान का ज़हर घोलने का काम करते हैं। उन्होंने एक प्रस्तुति का उदाहरण देते हुए कहा कि महकार की बेटी भी उसमें माँ का किरदार निभा रही थी, और यह हिंदुस्तान है, जिससे हमें सीख लेनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय संस्थापक देवेंद्र बंसल, प्रबंधक अंकुर बंसल,प्रमुख समाजसेवी अभिषेक बंसल, प्रिंसिपल शालिनी अरोड़ा, मास्टर इस्लाम चेयरमैन, सत्यप्रकाश धीमान, नीटू त्यागी, दीपक त्यागी, सतीश त्यागी, विशाल त्यागी, मिथुन त्यागी, मासूम त्यागी, विपुल त्यागी, राजेश गर्ग, नवाब एडवोकेट सहित कई गणमान्य व्यक्ति और अभिभावक मौजूद रहे।

# विधवा ने ससुर के विरुद्ध पुलिस में की शिकायत

**बुढ़ाना।** एक विधवा महिला ने अपने ससुर, देवर व ननदों पर उसके मृतक पति के हिस्से में आई संपत्ति को हड़पने का आरोप लगाया है। कस्बे के डाक बंगले के पास रहने वाली विधवा महिला ने पुलिस को बताया कि उसके ससुर के नाम पैतृक कृषि भूमि है जो पारिवारिक है। कस्बे में एक दुकान है।

उसके पति अमर, देवर शरद, सास, ससुर व दोनों ननदों के मध्य एक पारिवारिक समझौता हुआ था। जिसमें उसके पति को कृषि भूमि का आधा भाग देना तय हुआ था। कुछ समय पूर्व उसके पति की मृत्यु हो गई। उसके 2 पुत्रियां व 1 पुत्र है। पति की मृत्यु के बाद उसके ससुर, देवर व ननदों द्वारा उसे किसी प्रकार की आर्थिक मदद नहीं दी गई। उसे प्राइवेट स्कूल मे पढाकर बच्चों का भरण पोषण करना पड़ रहा है। उसके ससुर के नाम जो पैतृक कृषि भूमि थी उसका कुछ भाग हाईवे मे चला गया जिसका हिस्से से भी बहुत कम उसे रुपया दिया गया जबकि पति की मृत्यु के बाद उसका व उसके बच्चों का आधा भाग बनता है मगर उसके ससुर, देवर व ननदों के द्वारा उसका पैसा हडपकर लिया गया।

उसे पता लगा है कि उसके ससुर ने सम्पूर्ण कृषि भूमि को विक्रय कर दिया है जो गैर कानूनी है क्योंकि उसके 3 छोटे बच्चे हैं जिनका पैतृक भूमि व मकानों मे आधा भाग है। उसने ससुर से अपने बच्चों के हिस्से के पैसे मांगे तो वह उसे धमकाता है तथा क्रूरतापूर्वक नजरो से देखता है तथा उसके बच्चों के हिस्से के पैसे देने से इंकार करता है।

ऐसी परिस्थिति मे उसे अपने बच्चो को पढाने व भरण पोषण करने में काफी परेशानी हो रही है। जिससे उसके बच्चों का भविष्य बिगडने के कगार पर है। इसलिए इन सब कारणों को देखकर उसके बच्चों का पैतृक सम्पत्ति मे से आधा भाग का पैसा उसके बच्चों को दिलाया जाए। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

### प्रेमजाल मे फंसाकर युवती का रिश्ता तुड़वाया

**मोरना।** क्षेत्र के कस्बा निवासी व्यक्ति ने गांव निवासी युवक पर पुत्री को प्रेम जाल में फंसा कर अश्लील फोटो बनाने व रिश्ता तुड़वाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई पुलिस ने आरोपीयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी व्यक्ति ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह मजदूरी करता है गांव निवासी युवक ने उसकी पुत्री को अपने प्रेम जाल में फंसा कर उसके अश्लील फोटो और वीडियो अपने मोबाइल में बनाकर ब्लैकमेल करना चाहता है। बार बार आरोपी फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देता है पीड़ित में अपनी लड़की की शादी मुजफ्फरनगर के निकट गांव में तय कर शादी की तैयारी पूरी कर ली थी। आरोपी ने होने वाली रिश्तेदारी मे फोन कर रिश्ता तुड़वा दिया। जिससे पीड़ित को मानसिक आर्थिक क्षति पहुंची है व आरोपी पीड़ित के नाबा. लिग पुत्र को भी जान से मारने की धमकी दे रहा है जब इसकी शिकायत आरोपी के परिवार वालों से की तो वह भी मारपीट पर उतारू हो गए पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि आरोपी विशाल व शुभम निवासी भोकरहेड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शहर में तीन करोड़ खर्च कर लगवाए जाएंगे 400 सीसीटीवी कैमरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से पालिकाध्यक्ष ने शहर के विभिन्न हिस्सों में पुलिस बूथ और चौकियों के निर्माण का भी निर्णय लिया है। इसी क्रम में पालिका नई मंडी रेलवे स्टेशन गेट पर पुलिस चौकी के निर्माण कराने जा रही। पालिका प्रशासन के द्वारा महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए शहर के प्रमुख अटल चौक पर महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पहले से ही पिंक पुलिस बूथ स्थापित कराया जा चुका है। यह बूथ 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए समर्पित किया गया है।

पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि नगर में डिजिटल सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए 400 सीसीटीवी कैमरे लगाने की व्यापक कार्ययोजना पर काम शुरू हो चुका है। इन कैमरों के सहारे पूरे शहर की निगरानी के लिए टाउनहाल परिसर में एक इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा, जहां से 24 घंटे शहर के नागरिकों के लिए डिजीटल सिक्योरिटी सुनिश्चित की जाएगी। इस कंट्रोल रूम को पुलिस लाइन के सीसीटीवी कंट्रोल रूम से जोड़कर पुलिस के द्वारा लगाये गये कैमरों का एक्सेस भी लिया जायेगा, ताकि इस सुरक्षा को वृहद बनाया जा सके। योजना के तहत शहर के प्रवेश मार्गों और मुख्य सड़कों पर एनपीआर (नंबर प्लेट रीडर) सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी विचार किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर करीब 3 करोड़ रुपये खर्च करने का ब्लू प्रिंट तैयार किया जा रहा है।

शहर के विकास को गति देने के लिए पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप द्वारा अधिशासी अधिकारी डक्क प्रज्ञा सिंह के साथ एटूजेड रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डिवाइडर के सौंदर्यकरण, रैलिंग लगाने और पौधरोपण कर उसे हरा-भरा व स्वच्छ बनाने के निर्देश दिए गए। एटूजेड कॉलोनी गेट पर नाले की पुलिया के रैम्प के धंसने की जनशिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए ठेकेदार के प्रति नाराजगी जताई गई और दोबारा गुणवत्तापूर्ण रैम्प निर्माण के निर्देश दिए गए। साथ ही एटूजेड रोड पर पथ प्रकाश व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए नई एलईडी लाइटें लगाने के आदेश दिए गए। इसके साथ ही रोड किनारे खाली प्लाट में कूड़ा करकट पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अजय शाही को ऐसे स्थलों पर प्लॉट मालिक और गन्दगी फैलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि 2 जून को लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर उनसे मुलाकात के दौरान मुजफ्फरनगर की सामाजिक एवं डिजिटल सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा हुई थी।



## जोगी समाज के नेता का भव्य स्वागत



**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय घुमंतू समाज कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन सुभाष चंद जोगी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर जोगी ने बुढ़ाना कस्बा के मोहल्ला दक्षिणी भटवाड़ा टू निवासी साजिद रफीक जोगी को उक्त बोर्ड का जिला अध्यक्ष बनाया। आज रविवार की देर रात नये जिला अध्यक्ष साजिद रफीक जोगी के बुढ़ाना आगमन पर उनका उनके जोगी समाज के सैंकड़ों पुरुष और महिलाओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और कहा कि वे साजिद रफीक से उम्मीद करते हैं कि वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर हिंदू मुस्लिम जोगी समाज को आरक्षण दिलाने का काम करेंगे। उनके यहां पर जिंदाबाद के भी नारे लगे। यहां आगामी 15 फरवरी को जिला सहारनपुर में होने वाली बोर्ड की समीक्षा बैठक के बारे में भी काफी विचार विमर्श किया गया। यहां बोर्ड के नये जिला अध्यक्ष साजिद रफीक जोगी ने अपने जोगी समाज के उत्थान की बात भी कही। इस दौरान यहां पर बोर्ड के जिला अध्यक्ष साजिद रफीक जोगी का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से महमूद जोगी, इकबाल जोगी, नसीम जोगी, नौशाद जोगी, मास्टर याकूब जोगी, वहीद जोगी, इंतजार जोगी, नूरहसन जोगी और सोनू जोगी सफीपुर पट्टी सहित सैंकड़ों महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

खेल रहा बच्चा गंदे गहरे नाले में डूबा.....

# फिल्मी स्टाइल में युवक ने बच्चे की जान बचाई

**बुढ़ाना।** एक ढाई वर्षीय बच्चा मौहल्ले के अन्य बच्चों के साथ खेलने के दौरान गहरे गंदे नाले में असंतुलित होकर गिर गया। जिसमें बच्चा डूबने लगा तो अन्य बच्चों ने शोर मचा दिया।

तब फिल्मी स्टाइल में अपनी जान की परवाह ना करते हुए मौहल्ले के एक नवयुवक ने नाले में छलांग लगा दी और बच्चे को बाहर निकाल लाया। बच्चे को गंभीर हालत में चिकित्सकों ने मुजफ्फरनगर के लिए रैफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला शाहबाडा धोबियान निवासी 3 वर्ष का मौहम्मद पुत्र तनवीर मंसूरी मौहल्ले के ही अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। तब अचानक खेलते खेलते वह असंतुलित होकर गहरे गंदे नाले में गिर गया। तब अन्य बच्चों ने शोर मचा दिया तो वहीं से गुजर रहे मौहल्ले के युवक समीर पुत्र महबूब कस्सार को समझते देर नहीं लगी और उसने तुरंत फिल्मी स्टाइल में अपनी जान की परवाह ना करते हुए गहरे गंदे नाले में छलांग लगाकर एक मिनट से पहले ही पानी के अंदर से बच्चे को निकाल लिया। बच्चा बेहोश था। तुरंत उसको चिकित्सक के यहां पर ले गये। जहां उसने बच्चे को गंभीर हालत में मुजफ्फरनगर के लिए रैफर कर दिया। उधर बच्चे को बचाने वाले समीर कस्सार की पूरे मौहल्ले में तारीफ हो रही है और सभी उसको फरिश्ता बता रहे हैं। वहीं आज की इस घटना को लेकर मौहल्ले के लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है।

## घटना होते ही चेयरपर्सन ने काम कराया शुरु

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना की महिला चेयरपर्सन उमा त्यागी को जब इस घटना का पता लगा तो उनके प्रतिनिधि एडवोकेट अभिनव त्यागी ने मौके पर पहुंचकर घटना पर अफसोस जताया और जहां पर बच्चा नाले में गिरा वहां पर तुरंत दीवार कराने के लिए ईंटें और मजदूर मंगाकर हाथों हाथ काम भी शुरु करवा दिया। जिसको लेकर मोहल्ले के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी और उन्होंने इसके लिए चेयरपर्सन का आभार जताया। दरअसल इस नाले की दीवार ना होने के कारण ही यह घटना हुई। पिछले माह भी एक बच्ची जैनब पुत्री समीर रंगरेज इसी नाले में गिर गयी थी। जिसको उसी दौरान बचा लिया गया था। आगे कोई भी दुर्घटना ना हो इसी को लेकर आज नाले पर दीवार खड़ी करने का काम शुरु करवा दिया गया।



बुढाना: गहरे गंदे नाले में डूबे बच्चे को लेकर प्रदर्शन करते क्षेत्रवासी।

## संक्षिप्त समाचार

### क्षत्रिय अपमान नहीं सह सकते : ठा.हरबंश सिंह



**छपार।** अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा की आम सभा बैठक व सम्मान समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर कुंवर हरबंश सिंह ने कहा कि क्षत्री हक मांगता नहीं छीनता है वह भूखा रह सकता है पर अपमान नहीं सह सकता। रामपुर- रोहाना मार्ग पर स्थित एक वेंकट हाल में अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राजपूत बिरादरी के दूर दूर से आये लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि क्षत्रीय किसी के सामने विनती नहीं करता वह जान देने के लिए तैयार है वह किसी का अधिकार नहीं छीनता उन्होंने पूरी बिरादरी से कहा कि लडका हो या लड़की सभी को शिक्षा दिलाएं ओर भगवान राम के आदर्शों पर चले ओर कमजोर की मदद करें। मंत्री सांसद बने ओर देश की सेवा करें रक्षा करें। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट के वकील जो कृष्ण जन्मभूमि का केस लड रहे हैं। उन्होंने कहा की पश्चिम उत्तर प्रदेश को हाईकोर्ट बैंच मिलनी चाहिए जिससे गरीब को भी सस्ता न्याय मिल सके। मुजफ्फरनगर या मेरठ से इलाहाबाद जाने के लिए 700 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती है जो गरीब के लिए बहुत महंगी होती है। इसलिए हाईकोर्ट की बैंच मेरठ में होनी चाहिए उन्होंने कहा कि स्वर्णों के लिए भी आरक्षण होना चाहिए। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर कहा कि वहां बराबर में मस्जिद है क्या श्रीकृष्ण, बलराम नमाज पढ़ते थे, वहां गर्भ गृह है वहां मस्जिद नहीं होनी चाहिए क्योंकि वे कोर्ट में कोई सबूत पेश नहीं कर सके ओर उनके पास कोई सबूत नहीं है उन्होंने कहा कि बैठक में प्रस्ताव है।कि बंगलादेश में हिंदूओं पर कैसे अत्याचार हो रहे हैं सरकार को उसकी जांच करनी चाहिए कि कितने स्थानों पर सनातनियों पर अत्याचार हो रहे हैं उन्होंने तलवार दिखाते हुए कहा तलवार अपनी ,देश की व सनातनियों की रक्षा के लिए है।भानू प्रताप सिंह भाकियू भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने श्रीराम के आदर्शो पर अपने विचार व्यक्त किए।प्रबोधानंद गिरि महामंडलेश्वर,पूर्व विधायक संगीत सोम, ठाकुर रामनाथ सिंह, मामेश ठाकुर, अक्षय पुंडीर, विजय प्रताप सिंह,सुरेंद्र रावल, ठाकुर ओमबीर सिंह, समर पुंडीर, देवेन्द्र सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

### शिकारियों के बिछाये तारों ने ली शोभित की जान

**रामराज।** थाना क्षेत्र के जलालपुर नीला गांव निवासी शोभित (30) पुत्र ऋषिपाल की करंट लगने से मौत हो गई थी। युवक का शव शुक्रवार सुबह नया गांव के पास एक खेत में संदिग्ध हालात में मिला था। पुलिस के अनुसार, शव पर बिजली के करंट लगने के स्पष्ट निशान पाए गए थे। परिजनों ने आशंका जताई कि खेत में जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए अज्ञात शिकारियों द्वारा अवैध रूप से बिजली के तार लगाए गए थे। उन्हीं तारों की चपेट में आने से शोभित की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के भाई जसवीर पुत्र ऋषिपाल ने रामराज थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात शिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी रवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों की तलाश जारी है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से तीन युवक घायल

**छपार।** बरला - बसेडा मार्ग पर सेटरिंग के सामान से भरी ट्रेक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई उसपर बैठें तीन युवक घायल हो गये ओर घंटों तक यातायात प्रभावित रहा। रविवार को गांव तेजलहेडा से सेटिंग का सामान ट्रेक्टर ट्राली से बसेडा जा रहा था जब ट्रेक्टर ट्राली बरला बसेडा मार्ग पर पहुंची तो तेजगति होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे उस पर सवार बसेडा निवासी नौशाद, आरिफ़ व राहुल घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे बसेड़ा चौकी प्रभारी राहुल वर्मा ने तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया ओर ओर ट्रेक्टर ट्राली व सामान को हटवाकर यातायात चालू कराया।

### कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**खतौली।** रविवार को कांग्रेस पार्टी के 141वें स्थापना दिवस के अवसर पर नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बुढ़ाना रोड स्थित नितिन कटारिया के आवास पर कांग्रेस नेता एडवोकेट योगेश खारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर एडवोकेट योगेश खारी ने कांग्रेस पार्टी के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में उसके योगदान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में पार्टी की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की आवाज उठाई है और देश को एकजुट रखने का कार्य किया है। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार रखे और पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में शाहिद हाफिजी, राकेश, सुरेश, वहीद, नवाब सिंह ताजपुर सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### सभासद के प्रस्ताव पर लगाए गये सीसीटीवी कैमरे

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 14 के सभासद राशिद भूरू कुरैशी के विगत दिवस हुई बोर्ड की मीटिंग में सर्व सम्मति से हुए प्रस्ताव पर आज रविवार की सुबह नगर पंचायत बुढ़ाना की अध्यक्षा श्रीमति उमा त्यागी कौशल और बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन स्वरूप ने वार्ड नंबर 14 की गलियों में जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगवाए। यह कैमरे वार्ड की जनता की सुरक्षा को देखते हुए लगाएं गये हैं। जिसको लेकर वार्डवासियों में खुशी की लहर दौड़ गयी और इसके लिए अध्यक्षा उमा त्यागी, बुढाना ईओ आलोक रंजन, सभासद राशिद भूरु कुरैशी का आभार जताया। इस बारे में सभासद राशिद भूरू कुरैशी ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्षा उमा त्यागी की अध्यक्षता में सीसी टीवी कैमरे लगाए गए। मैं अपने पूरे वार्ड नंबर 14 के लोगों की तरु से अध्यक्षा उमा त्यागी के विकास में अमूल्य योगदान के लिए आपके प्रति कृतज्ञ हूं। आपके कुशल नेतृत्व ने हमें नई दिशा दी है। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए नगर पंचायत अध्यक्षा उमा त्यागी को में धन्यवाद देता हूं।

### नायब तहसीलदार ने किया विवादित उद्योग का निरीक्षण

**बुढ़ाना।** श्री बालाजी ग्राम अलीपुर अटेरना का निरीक्षण बीती शनिवार को संयुक्त टीम द्वारा किया गया। संयुक्त टीम में कुंवर संतोष कुमार, बुढाना नायब तहसीलदार अमन कुमार, उमरपुर पुलिस चौकी इंचार्ज मोहित तेवतिया और जेई राज गुप्ता आदि अधिकारी थे। निरीक्षण के समय उद्योग प्रतिनिधि के रूप में नीरज मलिक उपस्थित रहे। उद्योग में वेस्टेज का प्रयोग का प्रोणडेसिज प्रेसिज स्टोर पेयरोलेरिस ओड एवं कार्बन, स्टील वाइक का उत्पादन किया जाता है। निरीक्षण के समय उद्योग प्रतिनिधि नीरज मलिक और देवव्रत निवासी शास्त्री कालोनी सोनीपत हरियाणा के द्वारा अवगत कराया गया कि उद्योग विगत दो दिन से स्वयं के कालों से वैध किया गया है। अग्रेलर अवगत कराना है कि स्वाधीन उद्योग में पाइरो. लिम सोप का पूर्ण अनुपालन व व्यवस्था को स्थापित कर कार्यकाल द्वारा निरीक्षण बाद संचालन किया जाए। इसके लिए निर्देशित किया गया। उद्योग प्रतिनिधि द्वारा अनुपालन किये जाने की स्थिति में उद्योगों के विरुद्ध वायू प्रदूषण निश्चित कारण निर्माण के अधिकरण 1984 यथा संशोधन के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। वहीं भाकियू तहसील उपाध्यक्ष मौहम्मद शहजाद ने बताया कि भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान ने यह बहुत अच्छा कार्य कराया है। उन्होंने इस मुद्दे को उठाया तो इसी के तहत प्रदूषण फैक्ट्री पर अधिकारियों ने सील लगा दी। अब लोग सकून की सांस ले सकेंगे।

# बीएलए और बीएलओ की हुई जरूरी मीटिंग

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के कांधला रोड पर कमल मार्किट के सामने स्थित शिक्षण संस्था कन्या जूनियर हाईस्कूल बुढ़ाना में आज रविवार के दिन बीएलओ और बीएलए की एक आवश्यक मीटिंग का सफल आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्येक बीएलओ के द्वारा एएसडीडी की लिस्ट पढ़कर सुनाई गई। जिसको सभी बीएलए के द्वारा अच्छी प्रकार से सुना गया कि उनके भाग संख्या में कितने मृतक हैं, कितने शिफ्टेड हैं, कितने डबल हैं और कितने एब्सेंट मतदाता हैं। इस अवसर पर यहां सुपरवाइजर सुशील सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि सभी जागरूक मतदाता अपने भाग की एएसडीडी लिस्ट चेक कर लें और जिसकी वोट अभी तक भी नही बनी है वे सभी लोग अपनी वोट बनवा लें। इस अवसर पर यहां मुख्य रुप से रमेश चंद, राखी, दीपक कुमार, रचना, मीनाक्षी, सीमा, इमराना, अमित कुमार, असमा अली और जेनूबा सहित अन्य समस्त बीएलओ और बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 के सभासद इमरान कुरैशी, बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 03 के सभासद सलीम कुरैशी, पूर्व सभासद राशिद मंसूरी, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता नवाब इम्तियाज़, आजाद समाज पार्टी के नेता अनुज जाटव, अरुण जाटव और दिनेश कुमार सहित आदि गणमान्य व्यक्तियों की भी उपस्थिति देखने को मिली।

## थानों में दलालों को बर्दाश्त नहीं करूंगा : गजेन्द्र सिंह

**शाहपुर।** नवनियुक्त थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने पत्रकारों के साथ आयोजित परिचय बैठक में स्पष्ट किया कि पीड़ित को न्याय दिलाना उनकी पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि थानाक्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थानाध्यक्ष ने साफ शब्दों में कहा कि थाने में दलालों का प्रवेश पूर्णतया वर्जित है। कोई भी पीड़ित व्यक्ति किसी भी समय सीधे उनसे आकर मिल सकता है और उसकी समस्या को गंभीरता से सुना जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रत्येक फरियादी की शिकायत पर निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि थानाक्षेत्र में कच्ची एवं अवैध शराब का कारोबार, जुआ-सट्टा तथा नशीले पदार्थों के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पत्रकारों ने भी अपने सुझाव रखे और थानाध्यक्ष ने आपसी सहयोग से क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाने की अपील की।

# एसआईआर अभियान में गलत नोटिस पर होगा कड़ा विरोध: साजिद हसन

**मुजफ्फरनगर।** एस आई आर अभियान में गणना फॉर्म दाखिल करने के चरण की समाप्ति व बीएलओ द्वारा मृतक,शिफ्ट व लापता मतदाताओं की सूची जारी करने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी सपा जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट के आह्वान पर सभी 6 विधानसभाओं में डटे रहे। मतदान स्थलों पर मौजूद रहकर सपा नेताओं पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपने पोलिंग स्टेशन पर बीएलओ व सुपरवाइजर से मिलकर अभियान के दौरान डबल वोट,मृतक,अनुपस्थित रहे मतदाताओं की लिस्ट प्राप्त करके उसकी सत्यता पर काम शुरू कर दिया।सपा नेता साजिद हसन,सपा अल्पसंख्यक सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ इसरार अल्वी, सपा छात्र सभा महानगर अध्यक्ष नदीम मलिक,सपा सोशल मीडिया प्रभारी नावेद रंगरेज ने पी आर पब्लिक स्कूल सुभाषनगर सपा नेता सादिक चौहान द्वारा मीरापुर के नरसिंहपुर चुड़ियाला,इमरान खान एडवोकेट व मुशर्रफ अंसारी ग्राम ककरौली,युवा सपा नेता डॉ हनी समाहत ग्राम बेल्डा,फैसल राणा व नदीम राणा सुजड़ू में लोकेंद्र कुमार ग्राम सिमरथी में सपा नेता साजिद हसन जसवंतपुरी,केवलपुरी मल्हूपूरा के मतदान स्थलों पर दुर्गेश पाल केवलपुरी व अन्य मतदान केंद्रों पर डटे रहकर अभियान की रिपोर्ट प्राप्त की। सपा नेता साजिद हसन ने कहा कि गणना फार्म में 2003 की अपनी वोट अथवा माता पिता,दादा दादी या नाना,नानी का गणना फार्म में ब्यौरा देने वालो को दस्तावेज नहीं देने थे उनको वोटर सूची में नाम दर्ज किया जाएगा तथा न उनको नोटिस जारी किया जाएगा।लेकिन ऐसे मतदाताओं को यदि गलत प्रकार से नोटिस भेजा जाकर परेशान किया गया तो कड़ा विरोध किया जाएगा।



# शुक्रताल में गंगा के पुल पर फंसा गन्ने से भरा ट्रोला,मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ स्थल शुकतीर्थ में स्थित गंगा के पुल पर रविवार की दोपहर गन्ने से भरा एक ट्रोला पुल के बीच फंस गया जिसके बाद पुल मार्ग बंद हो गया। तथा भारी जाम लग गया। किसी प्रकार ट्रॉले को निक. ाला गया साधु संतो ने प्रशासन से समस्या पर संज्ञान लेने की मांग की है।

शुकतीर्थ मे गंगा पर बना पुल खादर क्षेत्र को शुकतीर्थ से जोड़ता है। रविवार को पुल पर गन्ने से भरा एक ट्रोला पुल पर फंस गया। जिसके पुल के दोनों ओर वाहनों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। वही पुल को नुकसान होने की आशंका को लेकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकठा हो गई हड़कंप मच गया।किसी प्रकार ट्राली को अन्य ट्रैक्टरों की सहायता से ऊपर खींचा गया।

महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज वह रालोद नेता मनोज कुमार उर्फ बिन्नू राठी ने बताया कि प्रतिदिन इस संकरे पुल पर गन्ने से भरे ट्रॉले गुजर रहे हैं जिससे पुल को खतरा बना हुआ है प्रशासन इस और ध्यान दे। नागरिकों की माने तो सन 2004 में इस पुल का निर्माण किया गया था जो शुक्रताल को गंगा खादर क्षेत्र से जोड़ता है विशेष रूप से इस पुल से खेती बाड़ी वाले वाहन गुजरते हैं किंतु सर्दी के मौसम में गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्रालियां व ट्राले गुजरने से पुल का क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है।

# लोजपा ( रामविलास ) को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की तैयारी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नवनियुक्त पश्चिमी उत्तर प्रदेश युवा प्रदेशाध्यक्ष लक्षय अहलावत ने संगठन को शहरों से लेकर गांवों तक सशक्त बनाने का संकल्प दो. हराया है। उन्होंने कहा कि पार्टी में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाकर उन्हें संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिससे पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। नवनियुक्त युवा प्रदेशाध्यक्ष लक्षय अहलावत पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राघव दास अग्रवाल के साथ गांव भैंसी पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने दोनों नेताओं का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर लक्षय अहलावत ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने उन पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत करने का भरोसा जताया है, जिसे वे पूरी निष्ठा और मेहनत से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी संगठन की ताकत होते हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी से ही राजनीतिक बदलाव संभव है। लोजपा (रामविलास) एक ऐसी पार्टी है जो किसान, मजदूर, महिलाएं और युवाओं सहित समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलती है।

युवाओं और महिलाओं की बढ़ती राजनीतिक सहभागिता से लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा। लक्षय अहलावत ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की नीतियों और कार्यशैली से जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है, जिसका असर पार्टी के तेजी से हो रहे विस्तार में साफ दिखाई देता है। पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि किसानों और मजदूरों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा और जल्द ही संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा, ताकि पार्टी आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव मजबूती के साथ लड़ सके।

इस मौके पर मनोज अहलावत, श्यामवीर, बिल्लू, अमित प्रधान, नीलम, अजय अहलावत, सत्येंद्र, उदयपाल सिंह, विपिन, विभू सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# शरारती तत्वों ने आंबेडकर के पोस्टर में लगाई आग

**बुढ़ाना।** अज्ञात शरारती तत्वों ने दीवार पर लगे बाबा आंबेडकर के एक फ्लेक्सी बोर्ड में आग लगा दी और माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही बुढ़ाना कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल की और दौड पडे और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। इस घटना को लेकर दलित समाज में रोष फैल गया और उन्होंने घटनास्थल पर खूब हंगामा काटा मगर क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह के समझाने बुझाने पर आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए।

दलित व मुस्लिम समाज के नेता भी मौके पर पहुंचे और पुलिस से शरारती तत्वों की गिरफ्तारी की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नगवा में बाबा आंबेडकर के फलेक्सी बोर्ड में किसी अज्ञात शरारती तत्व ने माहौल बिगाड़ने के उद्देश्य से आग लगा दी। घटना का पता रविवार की सुबह ग्रामीणों को लगा तो उनमें आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही बुढाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल सुभाष अत्री, क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह, एसएसआई ललित शर्मा व बायवाला चौकी प्रभारी रणवीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर गुस्साए लोगों को शांत किया। पुलिस ने पास में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह से भीम आर्मी के जिला संगठन मंत्री हाजी नसीम अंसारी, संत लाल सागर व अनुज जाटव ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इस मामले में गांव नगवा निवासी बिटू पुत्र ओमबीर ने पुलिस को बताया कि गांव के राहुल पुत्र तीर्थपाल की दीवार पर बाबा आंबेडकर का फ्लेक्सी बोर्ड दलित समाज के मौहल्ले के तिराहे पर लगा था। रविवार की प्रथम रात्रि अज्ञात शरारती तत्वों ने उक्त फ्लेक्सी बोर्ड में आग लगा दी। इस मामले में भारतीय संविधान के रचयिता के चित्र के साथ की गयी घटना निंदनीय है। घटना को लेकर लोगों में रोष है। यहां रोहित, राहुल, आकाश, सुमित, शेखर, अंकित, राजीव आदि ग्रामीण मौजूद थे।



### खुलासे को 7 दिन का दिया समय....

बुढ़ाना। बाबा आंबेडकर के फ्लैक्सी बोर्ड को जलाने के मामले में भीम आर्मी के जिला संगठन मंत्री हाजी नसीम अंसारी, अनुज जाटव व बिटू आदि ने बुढ़ाना पुलिस को एक हफ्ते का समय देते हुए कहा अगर एक सप्ताह में घटना का सही खुलासा न हुआ तो वे 5 जनवरी में सोमवार को धरना प्रदर्शनष करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

# फास्ट फूड से बचें, स्वदेशी और संस्कारों को अपनाएं: ज्ञानेश्वर सेवादल

**जानसठ।** नगर की अग्रणी धार्मिक एवं सामाजिक संस्था श्री ज्ञानेश्वर सेवादल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बाल संस्कारशाला का भव्य समापन हुआ। सनातन धर्म शिशु मंदिर (बृजलाल धर्मशाला) में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतिम दिन बच्चों को उत्तम स्वास्थ्य और नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया गया।

रविवार को कार्यक्रम के तीसरे दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं संस्था के संरक्षक, निवर्तमान चेयरमैन प्रवेंद्र भड़ाना ने भारत माता एवं भगवान श्री राम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कार ही मनुष्य के जीवन की असली पूंजी है। संस्था के प्रबंधक दीपेश गुप्ता (एडवोकेट) ने बच्चों को आधुनिक खान-पान के खतरों के प्रति सचेत किया। उन्होंने आह्वान किया कि ष्फास्ट फूड से दूर रहें और स्वदेशी अपनाएं।ष उन्होंने जोर देकर कहा कि जंक फूड शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक है और यह कई गंभीर बीमारियों की जड़ है।

स्वस्थ रहने के लिए हमें अपने पारंपरिक और सात्विक भोजन की ओर लौटना होगा। संस्था द्वारा यह आयोजन गुरु गोविंद सिंह जी के शहीद साहिब. जादों, अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह की पावन स्मृति में किया गया। बच्चों को साहिबजादों के अद्वितीय त्याग और साहस की गाथा सुनाई गई। उन्हें बताया गया कि धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए कैसे नन्हे साहिबजादों ने अपना बलिदान दे दिया। बच्चों को ईमानदार बनने, कुरीतियों से दूर रहने और गलत आदतों को न अपनाने की शिक्षा दी गई। संस्कारशाला के अंतिम दिन एक मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी 287 बच्चों को संस्था की ओर से कॉपी, पेंसिल और प्रसाद वितरित किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सतीश कुमार, सचिव राजू भैया, राजेश सैनी, प्रदीप गर्ग (एडवोकेट), आलोक वर्मा, विमल पोसवाल (एडवोकेट), कार्तिक गुप्ता, दीपक सैनी, अंकुर उपाध्याय, संदीप प्रजापति (एडवोकेट), भारत गोयल, राम अवतार दीक्षित, अमन सिंह वालिया (एडवोकेट) और डॉ. प्रमोद तेजियान का विशेष सहयोग रहा।



**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।






# कोहरे व ठंड से राहत के आसार नहीं, ठिठुर रहे लोग, बाजार सुनसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार की सुबह भी घने कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित रहा, वहीं ठंड से भी लोग मुहाल नजर आए। हालांकि धूप निकलने से लोगों को कोहरे व ठंड से राहत मिली लेकिन ठिठुरन का दौर जारी रहा।

जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से पड रहे घने कोहरे व कडाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कोहरे के कारण .श्यता भी काफी कम है जिस कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है वहीं कडाके की ठंड से भी जीवन बेहाल हो रहा है। ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपडों में पूरी तरह ढके नजर आ रहे हैं, अलाव पर हाथ तापकर लोग ठंड से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। रविवार की सुबह भी घने कोहरे का असर बना रहा, वहीं ठंड से लोग परेशान दिखे। कोहरे के कारण कुछ दूरी का भी साफ नजर न आने से वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पडा। रविवार को अवकाश होने के कारण लोग अपने-अपने घरों में रहे और धूप का आनंद उठाया।

बाजारों में भी चहल-पहल कम ही दिखी। ठंड के कारण हाथ पांव सुन्न होने के कारण लोग अलाव पर हाथ सेंकते भी दिखाई दिए। शाम होने के साथ ही ठंड व कोहरे का असर बढने से बाजार भी सुनसान हो गए। वहीं कोहरे व ठंड को देखते हुए डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने भी नगर पालिका को रेन बसेरों में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश जारी किए हैं, साथ ही शहर में विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था के भी कडे दिशा निर्देश दिए गए हैं ताकि गरीब तबके के लोगों को परेशानियों का सामना न करना पडे।

**रविवार की सुबह भी छाया रहा घना कोहरा, धूप निकलने से मिली बड़ी राहत, शाम होने के साथ ही बढा कोहरा व ठिठुरन का असर, घरों में दुबके लोग**

## कोहरे में दिखेंगे गन्ना ट्रक दूर से, पीछे चमकीला लाल चिन्ह किया अनिवार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सर्दी के मौसम में घने कोहरे और गन्ना ढुलाई के बढ़ते आवागमन के चलते सड़क दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। दृश्यता कम होने के कारण हाल के दिनों में कई स्थानों पर वाहन आपस में टकराए हैं। इन्हीं हालात को देखते हुए सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गन्ना लदे ट्रकों के लिए विशेष व्यवस्था लागू की गई है। चौसाना क्षेत्र के कोहरे में हादसों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से आरटीओ शामली रोहित राजपूत ने गन्ना लदे सभी ट्रकों के पीछे चमक. ीला लाल कपड़ा अनिवार्य किया है, जिस पर स्पष्ट रूप से 'एक्स' चिन्ह अंकित हो। यह चिन्ह ऐसा होना चाहिए जो रात के समय वाहनों की हेडलाइट पड़ते ही दूर से साफ दिखाई दे, ताकि पीछे से आने वाले वाहन चालक समय रहते ट्रक को पहचान सकें। निर्देश जारी होने के बाद चौसाना क्षेत्र में ट्रक मालिकों और चालकों ने तेजी से इसका पालन शुरू कर दिया है। एक-दो ट्रकों को छोड़कर लगभग सभी गन्ना लदे ट्रकों के पीछे यह चमकीला लाल चिन्ह लगा दिया गया है। इससे कोहरे और अंधेरे में ट्रकों की पहचान आसान हुई है और टक्कर की घटनाओं में कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है। परिवहन विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि यह आदेश अनिवार्य है। जांच के दौरान यदि किसी ट्रक पर यह चमक. ीला लाल चिन्ह नहीं पाया गया तो वाहन को मौके पर ही सीज किया जाएगा। विभागीय टीमें क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही हैं, ताकि सभी ट्रक निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करें और सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

कोहरे और रात के समय सड़क पर दृश्यता बेहद कम हो जाती है। गन्ना ढुलाई करने वाले ट्रकों से हाद. सों का खतरा बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए ट्रकों के पीछे चमकीला लाल कपड़ा और एक्स चिन्ह अनिवार्य किया गया है, जो हेडलाइट पड़ते ही दूर से दिखाई देता है। नियम न मानने पर ट्रक सीज किया जाएगा। -**आरटीओ रोहित राजपूत**

## जिला टैक्स बार एसो. की नई कार्यकारिणी का गठन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला टैक्स बार एसोसिएशन रजिस्टर्ड शामली द्वारा हनुमान धाम मिलन प्वाइंट रेस्टोरेंट पर वर्ष 2026 के लिए नई कार्यकारणी का गठन हुआ जिसमें चुनाव अधिकारी अधिवक्ता अनिल मित्तल द्वारा अध्यक्ष मुनव्वर हसन महासचिव सचिन गोयल उपाध्यक्ष मोहित गुप्ता कोषाध्यक्ष सनूज शर्मा जी को मनोनीत किया बाद में संगठन को आगे बढ़ाने के लिए आशीर्वाद के रूप में अपने विचार भी सभी के सम्मुख रखे।

मनोनीत सभी पदाधिकारी द्वारा बार एसोसिएशन को और अधिक ऊंचाई की पर ले जाने का आश्वासन दिया स अध्यक्ष जी द्वारा अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए कार्यकारिणी सदस्यों को भी मनोनीत किया।

जिसमें अधिवक्ता दिव्य मित्तलजी अधिवक्ता अनुज पवार अधिवक्ता विकास शर्मा अधिवक्ता शाहनवाजसिद्दीकी अधिवक्ता सुनील सोनी अधिवक्ता अनुराग गॉड अधिवक्ता सदाकत अली को वर्ष 2026 के लिए कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया अंत में कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा भी अध्यक्ष जी को आश्वासन किया कि हम सब मिलकर संगठन को और अधिक ऊंचाई तक लेकर जाएंगे और इसका मान सम्मान बढ़ाएंगे।

# आईआईएः नववर्ष 'आरंभ-2026' का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा नए वर्ष को लेकर 'आरंभ-2026' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में डीएम अरविन्द कुमार चौहान सहित गणमान्य लोगों, उद्यमियों ने भी भाग लिया तथा नए वर्ष की शुभकामनाएं दी।

जानकारी के अनुसार इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा शनिवार की रात एक रेस्टोरेंट में नए वर्ष को लेकर आरंभ-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, डीएम अरविन्द कुमार चौहान, एसपी एनपी सिंह रहे। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रमों के भी आयोजन किए गए। कार्यक्रम में मिरास बैंड, प्रसिद्ध मेंटालिस्ट विराज ने अपने प्रदर्शन से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा चार गायकों ने भी अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में आईआईए के विभिन्न चौप्टरों सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बडौत के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया। इस असर पर आईआईए चेयरमैन विशाल गुप्ता, महासचिव तुषार कुच्छल, अशोक बंसल, अशोक मित्तल, आशीष जैन, अनुज गर्ग, आकाश गुप्ता, शिशिर जैन, भारत मित्तल, सुधीर धीमान, अभिनव गर्ग, संजय अग्रवाल, सचिन श्याम, शुभम मंगल, विपुल मित्तल, परविन्द जैन, मोहित जैन सहित आईआईए से जुडे उद्यमी, गणमान्य मौजूद रहे।

## थानाभवन बाजारों में महिलाओं को किया गया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** रविवार को मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम थाना थानाभवन द्वारा कस्बा थानाभवन के विभिन्न बाजारों में भ्रमण कर बालि. काओं व महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान उप निरीक्षक लोकेश कुमार एवं महिला हेड कांस्टेबल विनीता द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण, साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, छेड़छाड़, बाल अपराध सहित विभिन्न सामाजिक विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को आपात स्थिति में सहायता हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। टीम द्वारा 1090 वूमेन पावर, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा 108 एंबुलेंस सेवा के उपयोग के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं समूह विवाह योजना आदि की जानकारी भी महिलाओं को दी गई। पुलिस टीम ने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में बिना डर के संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें तथा जागरूक बनकर समाज में सुरक्षित वातावरण बनाने में सहयोग करें।

## बिजली चोरी का वारंटी घर से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** रविवार को पुलिस ने बिजली चोरी के एक पुराने मामले में जारी वारंट की तामील करते हुए आरोपी कन्नू पुत्र सुरेश, निवासी मंटी हसनपुर को गिरफ्तार कर लिया पुलिस टीम ने उप निरीक्षक विपिन कुमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल दुर्गेश शर्मा और हेड कांस्टेबल बाबूराम की मौजूदगी में आरोपी के घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी था। पुलिस ने बताया कि बिजली चोरी जैसे अपराधों पर पुलिस की पैनी नजर है और फरार आरोपियों को किसी भी कीमत पर गिरफ्तार किया जाएगा। इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में बिजली चोरी करने वालों को कड़ा संदेश गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** दिल्ली सहारनपुर हाइवे स्थित नान्नूपुरी गेट के समीप कार की टक्कर लगने से स्कूटी सवार युवक घायल हो गए। गंभीर हालत के चलते डॉक्टर ने एक घायल को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। कस्बे के मौहल्ला गुजरान निवासी आसिफ अपने दोस्त शामली कोतवाली के मौहल्ला सराय निवासी इमरान सैफी के साथ स्कूटी पर सवार होकर किसी कार्य हेतू अपने खेत जा रहा था। पीछे से आ रही कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी और कार चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्कूटी सवार दोनों युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। इमरान की गंभीर हालत के चलते चिकित्सक ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है।

## 60वीं यूपी स्टेट क्रास कंट्री चैम्पियनशिप के लिए हुआ ट्रायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एथलेटिक एसोसिएशन सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि रविवार को शहर के उधमसिंह स्टेडियम में 60वीं यूपी स्टेट क्रॉस कंट्री चौंपियनशिप के लिए ट्रायल हुआ। ट्रायल से चयनित खिलाड़ी 4 जनवरी 2026 को झांसी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे। उन्होंने बताया कि ट्रायल के अंडर-16 में जावेद प्रथम, अंकित द्वितीय, अंडर-16 बालिका वर्ग में कविता प्रथम, सोनाक्षी द्वितीय, अंडर-18 बालक वर्ग में आर्यन प्रथम, मोनू द्वितीय, अंडर-18 बालिका वर्ग में निधि प्रथम, सौम्या द्वितीय रही। वहीं अंडर-20 बालक वर्ग में अभिषेक प्रथम, रोहित द्वितीय, राजन तृतीय, तुषार चतुर्थ, अंडर-20 बालिका वर्ग में तनुजा राठी प्रथम, साक्षी द्वितीय रही। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कुलदीप तोमर, कोच अनिल कुमार, अजय धीमान, विकास, रंजीत ठाकुर आदि भी मौजूद रहे।

## पट्टे की भूमि जोतने पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव नाईंनंगला नवीन में सनव्वर पुत्र यामीन अपने खेत को जोत रहा था। उसी दौरान दूसरे पक्ष के रिफाकत ,ताहिर व अकरम पुत्रगण महमूद,रियाज ,अहमद हसन पुत्रगण अजीज, तालिब पुत्र गय्यूर,हामिद पुत्र अख्तर आए और गाली गलौच करने लगे। विरोध पर दोनो पक्षो मे मारपीट हुई। सनव्वर ने पुलिस को दी तहरीर मे आरोपियों पर तमंचे से गोली चलाने का आरोप लगाया है। सनव्वर के सिर मे गम्भीर चोटे आई है। सूचना पर पहुॅची पुलिस ने घायल को सीएचसी ऊन मे भर्ती कराया। पुलिस चौकी प्रभारी संदीप यादव का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## भ्रष्टाचार के विरोध में तहसील में भाकियू का धरना-प्रदर्शन आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** भाकियू टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटीयान ने प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि तहसील में हैसियत, जाति और मूल प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। साथ ही कार्यालय में तैनात अधिकारी-कर्मचारी आमजन से अभद्र व्यवहार कर रहे हैं,जिससे किसानों का शोषण बढ़ा है।उन्होंने कहा कि जब से एसडीएम निधि भारद्वाज ने तहसील का कार्यभार संभाला है, तब से कार्यालय कथित तौर पर वसूली का केंद्र बन गया है। आरोप है कि निष्पक्षता से काम नहीं हो रहा और किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। संगठन का यह भी कहना है कि पूर्व में तैनात कुछ कर्मचारियों का स्थानांतरण कर मनमाफिक वसूली करने वाले कर्मचारियों को तैनात किया गया, जिससे हालात और बिगड़े हैं। धरना प्रदर्शन के दौरान खादर क्षेत्र के गांवों को वन विभाग की कार्रवाई से बचाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई जाएगी। भाकियू पदाधिकारियों ने आसपास के गांवों के किसानों और पीड़ितों से बड़ी संख्या में पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने का आ]वान किया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## सुंदर नगर में शहीदी दीवान का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गांव सुंदर नगर में सिख पंथ के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों तथा जगत माता मती गुजरी जी की शहादत को समर्पित शहीदी दीवान का आयोजन श्रद्धा और सम्मान के साथ किया गया। यह दीवान शाम से लेकर मध्य रात्रि तक सजाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



दीवान में रागी भाई गुलाब सिंह ने गुरुवाणी के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन, उनके त्याग, बलिदान और सिख इतिहास के गौरवशाली अध्यायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी ने देश और धर्म की रक्षा के लिए पहले अपने पिता गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान देखा और बाद में माता गुजरी जी तथा अपने चारों साहिबजादों का सर्वोच्च बलिदान दिया। यह शहादत मानव इतिहास में अद्वितीय उदाहरण है, जो आज भी समाज को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देती है।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार गुरबाज सिंह ने बताया कि 21 दिसंबर से 27 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह मनाया जाता है, क्योंकि इसी अवधि में गुरु जी का पूरा परिवार शहीद हुआ। इसी क्रम में प्रतिवर्ष 27 दिसंबर को शहीदी समागम का आयोजन किया जाता है, जिसमें संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इसी दिन शहीदी समागम फतेहगढ़ साहिब गया हुआ जत्था सेवा करके गांव वापस लौटता है।

इस शहीदी समागम में नवाब सिंह चेयरमैन, ग्राम प्रधान सिमरन जीत, करनजीत सिंह प्रत्याशी वार्ड नंबर 7, प्रधान सरबजीत हनी, अमरजीत, गुरमीत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं महिलाओं में अमनदीप कौर, रमनजीत कौर, देवेंद्र कौर, दलजीत, रणबीर, दमन और सिमरजीत कौर ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। सैकड़ों बच्चों और युवाओं ने भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम में सहभागिता कर शहीदों को नमन किया।

## आदर्श मंडी पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर चलाया नशामुक्ति जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आपरेशन सवेरा के तहत जनपद में चलाए जा रहे नशामुक्ति जागरूकता अभियान के तहत रविवार को आदर्श मडी पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानक. ारी दी, साथ ही नशे से दूर रहने की भी अपील की। जनपद में आपरेशन सवेरा के तहत चलाए जा रहे नशामुक्ति जागरूकता अभियान के तहत रविवार को आदर्श मंडी थाने के पुलिसकर्मियों द्वारा स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिसकर्मियों ने स्टेशन पर मौजूद यात्रियों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक एवं मान. सिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से क्षति पहुंचाता है, बल्कि उसके पारिवा. रिक, सामाजिक एवं आर्थिक जीवन को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। नशे की लत के कारण व्यक्ति अपराध, हिंसा एवं अवैध गति. विधियों की ओर अग्रसर हो जाता है, जिससे समाज की शांति एवं सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे नशे से दूर रहें तथा दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें।

उन्होंने नशा छोडने के लिए परामर्श, पुनर्वास, सहयोग एवं हेल्पलाइनों की भी जानकारी दी। साथ ही अपील की कि नशे का कारोबार करने वालों की सूचना पुलिस को दें। दूसरी ओर गढीपुख्ता पुलिस द्वारा भी आपरेशन सवेरा के तहत नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए लोगों को जागरूक किया। गांव भैंसवाल में ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया, साथ ही नशे से दूर रहने की भी अपील की। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि नशे के खिलाफ कठोर आवाज उठाएं और ऐसे लोगों की जानकारी पुलिस को दें जो नशे का काला कारोबार करते हैं ताकि समय रहते ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

**यात्रियों से की नशे से दूर रहने की अपील, नशे का कारोबार करने वालों की सूचना देने का आह्वान, गढीपुख्ता के गांव भैंसवाल में गढीपुख्ता पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान**

## पुलिस ने जिलाबदर आरोपी को घर से दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत कैराना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।जिला बदर आरोपी को घर से गिरफ्तार किया गया है। रविवार को कैराना पुलिस अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुण्डा अधिनियम के तहत जिला बदर किए गए एक अभियुक्त को छापेमारी करके घर से गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में जिला बदर की कार्रवाई की गई थी, इसके बावजूद वह जनपद सीमा में घूमता रहता था। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कैराना पुलिस ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के खिलाफ थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।पकड़े गए जिला बदर आरोपी ने अपना नाम व पता इमरान उर्फ सुल्लड पुत्र नसीर, निवासी नवाब दरवाजा, कैराना, जनपद शामली बताया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियुक्तों के विरुद्ध सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी हाल में शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# गुरुद्वारा क्षेत्र में दुकानों में चोरी एक चोर गिरफ्तार, बाकी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गत रविवार को मेरठ-करनाल हाईवे पर स्थित गुरुद्वारे के आसपास चोरों ने की दुकानों में चोरी कर दहशत फैला दी। हालांकि, सतर्क दुकानदारों और स्थानीय निवासियों की पहल से एक आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया, जबकि उसके फरार हो गए।

रविवार की रात्रि में चोरों के एक गिरोह ने सबसे पहले गुरुद्वारे के समीप ट्रक मिस्त्री सुहेल की दुकान से बैटरी, जैक, कमानी और गाड़ियों के एक्सल जैसा कीमती सामान चुराया। इस सामान को चोरों ने पास के गन्ने के खेत में छिपा दिया।

इसके बाद, उन्होंने गुरुद्वारे के नजदीक सुनील की चाय की दुकान में सेंध लगाने का असफल प्रयास किया। वहीं, गुरुद्वारे के सामने ईदगाह परिसर में रिजवान की चाय की कैंटीन का शटर तोड़ने की कोशिश की जिसमें विफल होने पर चोरों ने पीछे से दुकान में कुंबल लगाने का प्रयास किया, तभी अंदर सो रहे दुकान संचालक फरमान व उसके भतीजे फिरोज की नींद खुल गई। उनके शोर मचाने पर चोर वहां से भाग खड़े हुए।

रविवार शाम तक चोर घटना स्थल से दूर नहीं गए थे। शाम के समय जब वह चोरी का सामान गन्ने के खेत से निकालकर एक रेहड़े में लादकर ले जा रहे थे, तभी सतर्क दुकानदारों ने उन्हें देख लिया। लोगों ने चोरों का पीछा किया। इस दौरान एक आरोपी को दबोच लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। हालांकि, उसका एक साथी रेहड़ा लेकर होने में सफल रहा।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है और फरार अन्य साथियों की तलाश जारी है। लगातार की गई इन वारदातों से क्षेत्र के दुकानदारों एवं निवासियों में रोष है, जिन्होंने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



## मनुष्य जैसा चाहे अपने जीवन को वैसा बना सकता है: महंतत सतीश नाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** प्राचीन मंदिर कचोरी नाथ पर चल रही जल धारा तपस्या के 35 वे दिन आयोजित सत्संग मे तप कर रहे नाथ सम्प्रदाय के महन्त सतीश नाथ ने कहा मनुष्य जीवन में अंतिम क्षणों तक जीवन परिवर्तन की संभावना के द्वार सदा खुले रहते हैं। वह चाहे तो सदैव अपने जीवन को उत्कृष्ट से उत्कृष्ट बनाने में अथवा निकृष्ट से निकृष्ट बना पाने में समर्थ होता है। मनुष्य जीवन के अलावा अन्य सभी प्राणी प्रकृति के ही अधीन होते हैं। उनमें जन्म के बाद अपने जीवन परिवर्तन की कोई संभावना बाकी नहीं रह जाती है। मनुष्य अपने संग से, अपने संस्कारों से एवं अपने परिवेश से जीवन को परिवर्तित करने में सक्षम होता है। प्रभु पर भरोसा ही भजन है। अनन्यता का अर्थ है अन्य की ओर ना ताकना। इस अवसर महंत अर्जुन नाथ, अजय नाथ, पद्म विष्णु दत्त शास्त्री मुकेश सैनी पुष्प गर्ग देवेन्द्र सिंघल गोपाल सैनी मोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को किया गया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रविवार को थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान टीम ने मुख्य चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मिशन शक्ति टीम में शामिल हेड कांस्टेबल रविंदर तोमर व महिला कांस्टेबल प्रियंका शर्मा ने महिलाओं व बालिकाओं को घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, छेड़छाड़, उत्पीड़न तथा अन्य अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर महिलाएं बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें, पुलिस उनकी सहायता के लिए हर समय तत्पर है।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही महिलाओं को 112, 1090, 181 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग के बारे में समझाया गया। टीम द्वारा जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए।

# युवती को नकदी व जेवरात सहित अगवा कर ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव हबीबपुर निवासी चार सगे भाइयों पर पीड़ित की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और लाखों रूपए की नगदी व जेवरात अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि विगत 24 दिसंबर की दोपहर को पीड़ित मजदूरी करने के लिए घर से बाहर गया हुआ था। आरोप है कि इसी बीच बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव हबीबपुर निवासी सुहैल पुत्र उस्मान पीड़ित की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि पीड़ित की पुत्री घर में रखे ढाई लाख रूपए और सोने चांदी के आभूषण भी अपने साथ ले गई। पीड़ित का आरोप है कि पीड़ित की पुत्री को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने में सुहैल के भाईयों मेहरबान, फैजान व राशिद का भी सहयोग है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा और किशोरी को पीड़ित परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

# गंदगी व बदहाल कच्ची सड़क से ग्रामीणों का प्रदर्शन

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम में फैली गंदगी और कच्ची सड़क का निर्माण न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव की बदहाल स्थिति से नाराज ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी ग्राम प्रधान द्वारा समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे लोगों में रोष लगातार बढ़ता जा रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि गांव की मुख्य कच्ची सड़क जगह-जगह से खराब हो चुकी है, पानी की निकासी नहीं होने के कारण सड़क पर जल भराव हो गया है।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि गांव के बीच स्थित एक छोटे तालाब की सफाई तक ग्राम पंचायत द्वारा नहीं कराई जा रही है। मजबूरन ग्रामीणों को अपने स्तर पर चंदा और श्रम लगाकर तालाब की सफाई करानी पड़ रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि गांव में विकास कार्यों को लेकर ग्राम प्रधान पूरी तरह उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में तत्काल साफ-सफाई कराई जाए, कच्ची सड़क का निर्माण कराया जाए तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। ग्रामीणों का आरोप है कि जहां प्रदेश सरकार गांव-गांव विकास कार्यों को गति देने का दावा कर रही है।

वहीं उनका गांव आज भी विकास से कोसों दूर नजर आ रहा है।इस दौरान, रामकुमार, ओमपाल, लंबरदार, सोनू कश्यप, पप्पू, राजेंद्र, जसवीर, महेंद्र, शौकीन कश्यप, नीतू कश्यप, रामकुमार कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम प्रधान पति राशिद जंग का



कहना है की सभी आरोप बुनियाद है, उनके पास ऐसी कोई भी शिकायत नहीं पहुंची है,ग्रामीणों की जो भी समस्या है जल्दी टीम भेज कर विकास कार्य कराए जाएंगे और जल्दी निस्तारण कराया जाएगा।

# प्लॉट विवाद को लेकर मारपीट, दो नामजद समेत अज्ञात पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे में प्लॉट को लेकर हुए विवाद में मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कैराना पुलिस ने दो नामजद आरोपियों सहित एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित के अनुसार उसका एक प्लॉट है, जिसमें एक अन्य व्यक्ति भी हिस्सेदार है। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने पूरे प्लॉट पर फर्जी तरीके से अपना नाम दर्ज करा लिया और न तो हिस्सेदार को कोई धनराशि दी और न ही उसका हिस्सा लौटाया। जब पीड़ित ने प्लॉट या पैसे की मांग की तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।पीड़ित ने बताया कि घटना की सूचना 112 पर भी दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया। आरोप है कि इस दौरान मुजीब पुत्र इरशाद, जुनैद पुत्र इरशाद तथा एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मारपीट की गई।कोतवाली कैराना पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# आर्य समाज वैदिक जीवन मूल्यों पर आधारित समाज निर्माण का सशक्त माध्यम: मांगेराम आर्य

**जिला आर्य प्रतिनिधि सभा एवं आर्य समाज बाबरी के संयुक्त तत्वावधान में आर्य जागृति सम्मेलन का आयोजन**

**वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार, सशक्त राष्ट्र निर्माण के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना सम्मेलन का उद्देश्य**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा एवं आर्य समाज बाबरी के संयुक्त तत्वावधान में आर्य जागृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार, समाज जागरण एवं सशक्त राष्ट्र निर्माण के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

जानकारी के अनुसार रविवार को जिला आर्य प्रतिनिधि सभा एवं आर्य समाज बाबरी द्वारा बाबरी स्थित एक बैंकेट हाल में आर्य जागृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा शामली के प्रधान अशोक बहादुर आर्य, मंत्री रविन्द्र आर्य, गिरधारीलाल, अनूप बहादुर आर्य, योगेश आर्य मौजूद रहे। वहीं बाबरी आर्य समाज की ओर से प्रधान धर्मेन्द्र आर्य, मंत्री सुधीर कुमार आर्य, श्यामवीर सिंह आर्य भी शामिल रहे। सम्मेलन का उद्देश्य वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार, समाज जागरण एवं सशक्त राष्ट्र निर्माण के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

आर्य समाज बाबरी के संस्थापक संरक्षक मांगेराम आर्य ने कहा कि आर्य समाज केवल एक संस्था नहीं, बल्कि वैदिक जीवन मूल्यों पर आधारित समाज निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं से वेदों के सिद्धांतों को अपनाकर सामाजिक कुरीतियों से मुक्त एवं सशक्त राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

मुख्य विद्वान स्वामी सूर्यवेश ने कहा कि वेद मानव जीवन का सर्वोच्च मार्गदर्शक हैं। वैदिक शिक्षा से व्यक्ति में चरित्र, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का विकास होता है तथा एक समान शिक्षा व्यवस्था देश को वैचारिक रूप से एक सूत्र में बांध सकती है। स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों और नशे से मुक्त समाज के बिना सशक्त राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने राष्ट्र में शराबबंदी और वैदिक जीवन मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा शामली के प्रधान अशोक बहादुर आर्य ने कहा कि आर्य समाज सदैव समान शिक्षा, समान न्याय और सामाजिक समरसता का पक्षधर रहा है। इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व सुबह के समय वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें यज्ञमान मास्टर मनोज कुमार शर्मा सपत्नीक रहे। सम्मेलन में बड़ी संख्या में आर्यजन, समाजसेवी एवं धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



**थानाभवन।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर जलालाबाद बिजलीघर के पास शुक्रवार रात्रि हुए सड़क हादसे में घायल 17 वर्षीय युवक ने शनिवार देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस हृदयविदारक घटना से पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई है और हर कोई इस असमय मौत से स्तब्ध है। थानाभवन निवासी कृष्ण कुमार (17 वर्ष) पुत्र विजय सैनी शुक्रवार रात एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत लगातार नाजुक बनी रही। चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद शनिवार रात्रि कृष्ण कुमार ने इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। कृष्ण कुमार थानाभवन स्थित अर्पण पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 का छात्र था। वह पढ़ाई में होनहार और व्यवहार में सरल स्वभाव का बताया जा रहा है। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जैसे ही मौत की खबर कस्बे में फैली, शोक संवेदना जताने वालों का घर पर तांता लग गया। रविवार को गमगीन माहौल में कृष्ण कुमार का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में कस्बे के लोग, रिश्तेदार, मित्र और स्कूल से जुड़े लोग शामिल हुए। हर आंख नम थी और माहौल पूरी तरह शोकाकुल था। युवा बालक की मौत ने पूरे कस्बे को झकझोर कर रख दिया।17 वर्ष की अल्पायु में हुई इस दर्दनाक मौत से क्षेत्र में गहरा दुख व्याप्त है। लोग इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

# पत्रकारों की मांगों को लेकर भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह को सौंपा ज्ञापन

**कांधला।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पांचाल के नेतृत्व में पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी विभिन्न मांगों को लेकर भाजपा एमएलसी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र सिंह के गाव जसाल स्थित कैंप कार्यालय पर पहुंचा। इस दौरान पत्रकारों ने उन्हें एक ज्ञापन सौंपते हुए पत्रकार हितों से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया।ज्ञापन में पत्रकारों ने प्रमुख रूप से पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने, सम्मानजनक पहचान, नि:शुल्क अथवा रियायती चिकित्सा सुविधा, तथा परिवहन संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई। संगठन की ओर से यह भी मांग की गई कि ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पत्रकारों के लिए प्रदेश मुख्यालय स्तर पर एक स्थाई कार्यालय की व्यवस्था की जाए, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों और पत्रकारों की समस्याओं के समाधान में सुविधा मिल सके।इसके साथ ही पत्रकारों ने सरकार से आग्रह किया कि उन्हें मान्यता समिति में भी शामिल किया जाए, ताकि पत्रकारों से जुड़े निर्णयों में उनकी सीधी भागीदारी सुनिश्चित हो सके और जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे पत्रकारों की आवाज शासन तक प्रभावी रूप से पहुंच सके।एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने पत्रकारों की बातों को गंभीरता से सुना और




आश्वासन दिया कि वे पत्रकार हितों से संबंधित मांगों को उचित मंच पर उठाकर समाधान का प्रयास करेंगे।इस अवसर पर ज्ञापन देने मे विनय बालियान, फुरकान जंग, देवेंद्र, राजेश कुमार, इस्तखार भाटी, आरिफ जंग, राकेश, सोनू जंग, सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

# स्कूटी सवार दो युवक संतुलन बिगड़ने से घायल





**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव नानूपुरी गेट के समीप स्कूटी सवार दो युवकों की स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया। पीछे से आ रही ईको गाडी की टक्कर से दोनों युवक घायल हो गए। 108 एंबुलेंस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार जिला अस्पताल रेफर किया है। शामली के मोहल्ला कबाड़ी बाजार निवासी इमरान सैफी अपनी स्कूटी पर सवार होकर किसी कार्य से कस्बे में आया था और वापस स्कूटी से सवार होकर शामली जा रहा था। बीच रास्ते में कस्बा निवासी आसिफ ने स्कूटी सवार को रोक कर लिफ्ट मांग ली। स्कूटी सवार दोनों युवकों का क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित नानूपुरी गेट के समीप अचानक से संतुलन बिगड़ गया। पीछे से आ रही ईको गाड़ी ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों युवक घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी होने पर दोनों घायल युवकों के परिजन भी अस्पताल में पहुंच गए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया है। खबर लिखे जाने तक परिजन दोनों घायलों को उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल ले गए और थाने पर कोई भी लिखित शिकायत नहीं की।

# ड्रीम वर्ल्ड स्कूल पावटी कलां में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**झिंझाना।** कैराना ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता पावटी कलां के ड्रीम वर्ल्ड स्कूल पावटी कलां में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व नेशनल कबड्डी खिलाड़ी राकेश कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल मैनेजर साजिद चौहान एवं प्रधानाचार्य रविकांत भारद्वाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन उस्मान ने किया। कबड्डी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में पावटी कलां की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गोगावान की टीम द्वितीय स्थान पर रही। बालिका वर्ग में पावटी कलां प्रथम तथा कैराना द्वितीय स्थान पर रही। एक हजार मीटर दौड़ के बालक वर्ग में मोहम्मद आजम ने प्रथम, नोमान ने द्वितीय तथा रमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की दौड़ में खुशबू प्रथम, नैन्सी द्वितीय तथा पूजा तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कार्तिक प्रथम, सुमित द्वितीय एवं अनस तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की लंबी कूद में डोली प्रथम, खुशबू द्वितीय तथा ज्योति तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल मैनेजर साजिद अली एवं प्रधानाचार्य रविकांत भारद्वाज ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ सहित रियाज हसन, राशिद, खुर्शीद, कैफ आदि उपस्थित रहे।

## अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**कैराना।** रविवार को पुलिस टीम गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान हाईवे पर फ्लाईओवर के नीचे खड़े एक युवक को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तो वह भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से प्लास्टिक की कैन में कुल पांच लीटर कच्ची देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सचिन निवासी कैराना बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए अभियान जारी रहेगा। वहीं पुलिस ने सोनू पुत्र बबलू खोजीकुंआ, बावली, जिला पानीपत को चार लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

# जन आरोग्य मेले में पहुंचे 127 मरीज, चर्मरोग व नजला, जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर में रविवार को आयोजित जन आरोग्य मेले में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।स्वास्थ्य मेले में कुल 127 मरीजों की ओपीडी की गई, जहां विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों की जांच कर प्राथमिक उपचार दिया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकित्सक अशोक कुमार के अनुसार मेले में चर्मरोग के 24, बुखार के 7, शुगर टेस्ट 18, खांसी के 34, बीपी के 8 तथा एसिडिटी के 19 मरीजों की जांच की गई। इसके अलावा अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़े मरीजों को भी परामर्श दिया गया। चौसाना-थानाभवन मार्ग स्थित पीएचसी पर



आयोजित मेले में डॉ। अशोक कुमार सैनी ने मरीजों का परीक्षण किया। अरविंद कुमार ने दवाइयों का वितरण किया, जबकि पारुल द्वारा कुल 17 जांचें की गईं। मेले के दौरान सौरभ ने पंजीकरण से लेकर जांच कक्ष तक मरीजों को सहयोग प्रदान किया।स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को मौसम परिवर्तन के दौरान सतर्क रहने और किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराने की सलाह दी।



# राधावल्लभ मंदिर में धूम धाम से मनाया खिचड़ी उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सिद्धपीठ श्री राधावल्लभ मंदिर में खिचरी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ठाकुर जी के दर्शन के लिए कड़ाके की ठंड के बावजूद प्रात: काल से ही श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। प्रतिदिन ठाकुर ही की नई पौशाक आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

श्रीराधा वल्लभ मंदिर में श्रीराधा नवरंगी लाल जी को प्रतिदिन प्रात: विभिन्न मेवों से तैयार विशेष खिचड़ी का भोग लगाया जाता है। इस दौरान श्रद्धालु ठाकुर जी के मंगल गीतों पर जमकर झूम रहे हैं। मंदिर के सेवादार गोस्वामी श्रीहित शिरोमणि लाल महाराज व गोस्वामी श्रीहित नितिन लाल महाराज ने बताया कि प्रात: से ही खिचड़ी महोत्सव प्रत्येक वर्ष पोष मास के शुक्ल पक्ष में दौज तिथि से शुरू होकर एक मास तक लगातार चलता है। कड़ाके की ठंड के बावजूद



प्रात: 5 बजे से श्रद्धालुओं का तांता ठाकुर जी के दर्शन के लिए लग रहा है।

इस दौरान गोस्वामी आचार्य नवनीत लाल, शशि विनोद महाराज, मुदित महाराज, अंकित महाराज, वंश महाराज, लाल जी महराज, नितेश महाराज, प्रियांशु महाराज, विवान महाराज आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धा के साथ मनाया छोटे साहिबजादों का शहीदी पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह महाराज के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह व माता गुजर कौर का शहीदी पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में 35 छोटे बच्चों ने कविता व कीर्तन के माध्यम से संगत को छोटे साहिबजादों के शहीदी इतिहास से रूबरू कराया।

गुरूद्वारा साहिब में आयोजित हुए कार्यक्रम में पहुंचे लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि गुरू गोबिंद सिंह के परिवार की कुर्बानी का प्रत्येक भारतवासी ऋणी रहेगा। उनका त्याग व बलिदान देशवासियों के लिए प्रेरणा देने वाला है। श्री राधा वल्लभ मंदिर के सेवाधिकारी श्रीहित निकुंज गोस्वमी ने साहिबजादों का शहीदी इतिहास सुनाया। गुरूद्वारा कमेटी के सचिव गुरजोत सिंह सेठी ने भी विचार रखे। कमेटी की ओर से



राज्यमंत्री व अन्य अतिथियों को शाल ओढ़ाकर व कविता और कीर्तन के माध्यम से छोटे साहिबजादों के शहीदी इतिहास को बताने वाले 35 बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मनरूप कौर व गणिव कौर ने गुरवाणी गायन कर संगत को निहाल किया। लंगर की सेवा विवेक अरोड़ा परिवार की ओर से की गई। इस दौरान गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान सेठ कुलदीप कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष अरूण गुप्ता, सतीश गिरधर, श्याम लाल भारती, चंद्रदीप सिंह, राजेश अजमानी, गुरदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# मासूम आहद का लापता होना बना रहस्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** घर के बाहर निर्माणाधीन घेर में खेलने के लिए गया चार वर्षीय आहद ऐसा लापता हुआ कि एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। परिजन और पुलिस की कई टीमें लापता मासूम को लगातार ढूंड रही हैं। लेकिन बच्चे का अचानक लापता हो जाना गेहरा रहस्य बना हुआ है।

### निर्माणाधीन घेर में खेलने के दौरान हुआ था मासूम लापता

21 नवम्बर की शाम से लापता मासूम आहद घर के पास ही निर्माणाधीन घेर में दो अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों ने बच्चे को इधर उधर तलाश करने के बाद पुलिस को सूचना दी थी। बाद में घेर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी गई तो निर्माणाधीन घेर से केवल दो बच्चे आते दिखाई दिए जबकि उनके ही साथ खेल रहा आहद गायब था।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बन्हेड़ा खास निवासी शफकत का चार वर्षीय पुत्र आहद बीती 21 नवंबर से लापता है। पुलिस और परिजन गांव का कोना कोना तलाश कर चुके हैं लेकिन मासूम का अब तक कुछ पता नहीं चल सका है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है उन्हें किसी अनहोनी की चिंता सता रही है।

वहीं, पुलिस का कहना है कि आहद की तलाश में तांत्रिक क्रिया और अनहोनी समेत सभी बिंदुओं पर जांच की जा चुकी है। गांव में हर मकान की तलाशी ली गई है, आसपास बने उपलों के बिटोड़ों की भी तलाशी ली गई। लेकिन बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला। सभी थानों में उसकी तलाश के लिए फोटो भी भेजी गई है। लेकिन कहीं से कोई जानकारी नहीं मिली। अब एक अंतिम बिंदू बच्चा उठाने वाले गिरोह का बचा है। ऐसे सभी गिरोह की कुंडली खंगाली जा रही है। कहा कि पुलिस लापता बच्चे के बारे में पता करने के लिए अपनी तरफ से हर संभव कोशिश कर रही है।

# छह दिवसीय प्रभात फेरी का हुआ शुभारम्भ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आगामी 4 जनवरी को मनाए जाने वाले साहिब श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकलने वाली 6 दिवसीय प्रभात फेरियों का रविवार को शुभारंभ हुआ। पहली प्रभातफेरी प्रात: काल गुरूद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर सुभाष चौक, रेलवे रोड़, इंडस्ट्रियल स्टेट, शिव विहार, गणेशपुरम कालोनी होते हुए प्रभात नगर स्थित अमन सिंह सेठी के निवास पर पहुंची जहां परिवार ने फूलों की वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया। भाई गुरदयाल सिंह, चंद्रदीप सिंह, चन्नी बेदी, बिट्टू कपूर, रोजी बेदी, हरप्रीत कौर ने गुरवाणी गायन कर संगत को निहाल किया।

# मजहब से पहले इंसानियत: देवबंद में मुस्लिमों ने किया हिंदू व्यक्ति का अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बांग्लादेश और बिहार में धर्म के नाम पर घटित हुई घटनाओं के बाद देश में धार्मिक गतिविधियां गरमाई हुई हैं। इस बीच गंगा जमुनी तहजीब के लिए प्रसिद्ध देवबंद से धर्म, इंसानियत और भाईचारे की एक ऐसी खबर सामने आई है, जो बताती है कि मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना।

नगर के मोहल्ला कोहला बस्ती में मुस्लिमों ने इंसानियत का पैगाम देते हुए पूरी श्रद्धा के साथ हिंदू व्यक्ति की अर्थी तैयार की और उसके अंतिम संस्कार की सभी रस्मों को विधिविधान के साथ पूरा कराया। दरअसल, कोहला बस्ती में मुस्लिम आबादी के बीच अजय कुमार सैनी (40) परिवार के साथ पिछले करीब 20 साल से किराये के मकान में रह रहे थे। किड़नी की बीमारी के कारण दो दिन पूर्व उनकी मौत हो गई। परिवार में कोई जिम्मेदार न होने के चलते मोहल्ले के सभासद अख्तर अंसारी के बेटे और समाजसेवी गुलफाम अंसारी जानकारी लगने पर अपने कई साथियों के साथ उनके घर पहुंचे और उनके अंतिम संस्कार की सभी तैयारियां पूरी की। उन्होंने अर्थी का सामान इकट्ठा कर पूरी श्रद्धा के साथ अर्थी तैयार की और देवीकुंड स्थित श्मशानघाट में विधिविधान के साथ अंतिम संस्कार कराया। गुलफाम अंसारी ने बताया कि उन्हें हिंदू परंपरा के बारे में अधिक जानकारी नहीं थी, जिसके चलते उन्होंने अजय कुमार के घर आए मेहमानों से पूछ-पूछकर अंतिम संस्कार की सभी रस्मों को पूरा किया। इतना ही नहीं परंपरा के मुताबिक तीन दिनों तक अजय कुमार के यहां रुकने वाले मेहमानों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई।

### इंजन मैकेनिक थे अजय कुमार

मृतक अजय कुमार सैनी परिवार में अकेले कमाने वाले थे, वे इंजन मैकेनिक थे और उससे होने वाली कमाई से परिवार का पालन पोषण कर रहे थे। पिछले काफी समय से वह किड़नी की बीमारी से जूझ रहे थे। अजय कुमार अपने पीछे माता, पत्नी, तीन बेटी और दो बेटों को छोड़ गए।

# नौशाद खान को ग्लोबल बिजनेस अवॉर्ड

**सहारनपुर।** अल-अफरोज कैटरिंग के निदेशक नौशाद खान को प्रतिष्ठित ग्लोबल बिजनेस अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर पूरे जनपद में हर्ष और गौरव का माहौल है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर राजनेताओं, समाजसेवियों, उद्यमियों एवं पत्रकारों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जनपदवासियों ने घोषणा की है कि सहारनपुर आगमन पर नौशाद खान का भव्य स्वागत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के एक पांच सितारा होटल में आयोजित भव्य समारोह के दौरान अल-अफरोज कैटरिंग के निदेशक नौशाद खान को यह सम्मान प्रदान किया गया। इस मौके पर नौशाद खान के साथ सोहेल खान भी मौजूद रहे यह पुरस्कार प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडीज द्वारा दिया गया। समारोह में फिल्म जगत, व्यवसाय, राजनीति, साहित्य और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी देशभर की कई नामचीन हस्तियां मौजूद रहीं। अल-अफरोज कैटरिंग के मैनेजर राहुल सिंह ने बताया कि आयोजकों के अनुसार यह पुरस्कार उन विशिष्ट व्यक्तियों को दिया गया, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट



कार्य करते हुए समाज और देश का नाम रोशन किया है।

उन्होंने कहा कि नौशाद खान की सफलता के पीछे उनकी पूरी टीम का अहम योगदान है। निदेशक नौशाद खान के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले सोहेल खान ने बताया कि नौशाद खान कभी भी अपनी टीम को स्वयं से अलग नहीं मानते, बल्कि वे टीम के सदस्यों के साथ बैठकर भोजन करते हैं और हर उपलब्धि का श्रेय पूरी टीम को देते हैं। राहुल सिंह ने यह भी बताया कि नौशाद खान की कैटरिंग सेवाएं फिल्मी हस्तियों, राजनेताओं और बड़े-बड़े औद्योगिक घरानों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। किसी भी बड़े समारोह में कैटरिंग के लिए नौशाद खान को ही आमंत्रित किया जाता है। मोहल्ला पिलखनतला निवासी नौशाद खान सहारनपुर से दिल्ली एक सपना लेकर गए थे, जिसे पूरा करने में उन्हें लगभग 35 वर्ष का समय लगा। कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण के बल पर उन्होंने देशभर के नामचीन लोगों को अपने स्वादिष्ट व्यंजनों का दीवाना बना दिया है। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में भी नौशाद खान को आईफा अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है, जो उन्हें फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी एवं आइकॉन अवार्ड भी मिल चुका है इस पुरस्कार को फिल्म अभिनेत्री मल्लिका अरोड़ा द्वारा प्रदान किया गया था। इसके अलावा उन्हें कई अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कार भी मिल चुके हैं। नौशाद खान की इस उपलब्धि पर जनपद के पूर्व सांसद हाजी फजलुर रहमान, मेयर डॉक्टर अजय सिंह डीपीसी चेयरमैन जावेद साबरी, उद्यमी औसाफ गुड्डू, वरिष्ठ समाजसेवी व पंजाबी समाज के नेता महेंद्र तनेजा, पूर्व अध्यक्ष नोमान मसूद, मसूद बदर, गुलाम रब्बानी, मुजीब मलिक, निर्यातक अकरम सैफी ,जामा मस्जिद के प्रबंधक मौलवी फरीद मजाहिरी, डाक्टर पीडी गर्ग, डॉ। कलीम अहमद, डॉ। राहुल सिंह, रहमान अजीज, इनाम राशिद, अयान खान,आसिफ शम्सी, अतहर उमर, कमर काजमी, गुड्डू ,मारूफ बदर ,ईशान साबरी ,शफाअत अजीम, संजय शर्मा एडवोकेट, डॉ। शाहिद जुबैरी, राव महबूब, ऐनान मसूद, पप्पू खान, हजरत सूफी,चांद रहमान खान, पार्षद फजलुर रहमान ,शाहनवाज खान,डॉ मोनिश ,खान समीर, फखरुल, यूसुफ सहित अनेक गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन देने की तैयारी कर रहे भाकियू के धर्मवीर गुर्जर को हाउस अरेस्ट किया



**रामपुर मनिहारान।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या को किसानों की विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन देने की तैयारी रहे भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर गुर्जर को हाउस अरेस्ट कर लिया गया।चौधरी धर्मवीर गुर्जर ने कहा कि किसानों की आवाज को किसी सूरत दबाया नहीं जा सकता। थानाक्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर गुर्जर सहारनपुर दौरे पर आए यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को संगठन के साथियों के साथ किसानों की विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित एक ज्ञापन देना चाहते थे लेकिन पुलिस ने उन्हें साथियों सहित गांव में ही हाउस अरेस्ट कर लिया।जिस कारण वह ज्ञापन देने सहारनपुर नहीं जा सके। रोष प्रकट करते हुए भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर गुर्जर ने कहा कि हम संगठन के साथियों के साथ गन्ना भुगतान कराने, आवारा पशुओं से मुक्ति दिलाने,किसानों का कर्ज माफी सहित किसानों व मजदूरों की अन्य समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को देना चाहते थे।लेकिन पुलिस प्रशासन ने हमें घर पर ही रोक दिया और हम ज्ञापन देने नहीं जा सके।धर्मवीर गुर्जर ने कहा कि इस तरह किसानों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता।किसान डरने वाला नहीं है। इस दौरान चौधरी शैलेन्द्र कुमार, संजीव कुमार, मांगेराम कश्यप, विजयपाल सिंह,सतीश कुमार, दिनेश कुमार, सुरेश कुमार, युवराज चौधरी, गालिब प्रधान, राशिद चौधरी, चौधरी कुशलपाल आदि मौजूद रहे।

# मृतकों के परिवार से मिलने पहुंचे बेहट विधायक उमर अली



**सहारनपुर।** बीती रात विधानसभा क्षेत्र बेहट के जसमोर में एक सड़क हादसा हुआ।जिसमें एक कार में 4 व्यक्ति सवार थे।जो अनियंत्रित होकर घने कोहरे के कारण पेड़ से टकरा गई।जिनको हॉस्पिटल में डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जिनमें मनीष पुत्र नेमसिंह उम्र 35 निवासी तिडफवा, विजय पुत्र नेमसिंह उम्र 37 निवासी तिडफवा, सोनू उम्र 35 निवासी मुजफ्फराबाद, जितेंद्र उम्र 35 निवासी सोना सैयद माजरा थे। आज पोस्ट मार्टम हाउस पहुंचकर मृतकों के परिवार वालों से मुलाकात कर अपनी शौक संवेदनाएं व्यक्त करने और पोस्ट मार्टम की औपचारिकताएं पूर्ण कराने हेतु पहुंचे बेहट विधायक उमर अली खान।





# एक ही घर से एक साथ उठी दो अर्थी, गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

**चिलकाना।** कार हादसे में जान गंवाने वाले ग्राम तिरफुआ कलां निवासी दो सगे भाईयों विजय व मनीष पुत्र नेम सिंह का अंतिम संस्कार भारी भीड़ के बीच गमगीन माहौल में किया गया। एक ही घर से एक साथ दो दो अर्थी उठने पर हर किसी की आंखे नम थी। ज्ञात हो कि शनिवार को शाम के समय बेहट थाना क्षेत्र के गांव जसमोर में माता शाकंभरी देवी के दर्शन कर वापस लौटते समय हुई एक कार दुर्घटना में चार युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। इन्ही मृतकों में दो युवक चिलकाना थाना क्षेत्र के गांव तिरफुआ कलां निवासी सगे भाई विजय कुमार व मनीष कुमार पुत्र नेमसिंह शामिल थे। स्थानीय पुलिस द्वारा मृतकों को पोस्टमार्टम हेतु सहारनपुर स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया था। रविवार को लगभग दो बजे पोस्टमार्टम के बाद दोनों सगे भाईयों का शव गांव तिरफुआ कलां स्थित उनके आवास पर पहुंचा। जहां पर ग्रामीणों की पहले से ही भारी भीड़ जमा हो गई थी। दोनों भाईयों का शव घर पर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दोनों के अंतिम दर्शन के पश्चात गमगीन माहौल मे परिजनों द्वारा ग्रामीणों व रिश्तेदारों की भारी भीड़ के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष शौर्य अम्बेडकर, आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष सचिन खुराना, मेनपाल कांसेपुर, रजनीश तथा ग्राम प्रधान असजद सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाये

**धामपुर।** वरिष्ठ नागरिक समिति रानीबाग कालोनी की मासिक बैठक अल्हैपुर ब्लाक परिसर में हुई। बैठक में अनेक विषयों पर चर्चा करते हुए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाने एवं उसे अति शीघ्र लागू करने की मांग उठाई गई। शिवकुमार ने कहा कि देश में जनसंख्या सन्तुलन वनाया जाये। यशपाल सिंह ने कहा कि ईसाई और मुस्लिम मंतान्तरण करा रहे हैं। इससे जनसंख्या बढ़ने के साथ जनसंख्या सन्तुलन बिगड़ रहा जो देश के हित में नहीं हैं। प्रधानाचार्य सत्यवीर सिह ने बताया कि आज का प्रजातंत्र है जिसकी धर्म, समुदाय, पार्टी का जनसंख्या बल होगा रही राज करेगा। अध्यक्ष जगदीश प्रसाद ने कहा कि सभी समस्यों जड़ अति जनसंख्या है चाहे वो मंहगाई हो, गरीबी हो आवास की हो शिक्षा हो या राजनीति हो जनसंख्या सन्तुलन जरूरी है। देशहित में यह कदम उठाने में जितनी देर होगी उतनी ही देश की स्थिति भयावह होगी।


**नाम परिवर्तन/सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD ARIF से MOHAMMAD ARIF ANSARI कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाए।

मोहम्मद आरिफ अंसारी
पुत्र मरगूब हसन, निवासी सराय पीरजादगान, अलबरकत कालोनी, ए-10 मजनूवाला रोड, देवबंद।


# सरकार नहीं चाहती जनता की समस्या सुनना: डॉ अशोक मलिक



**सहारनपुर।** 28 दिसंबर 2025 को गंगोह रोड स्थित ग्राम उनाली के एम आर एस हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वर्गीय पूर्व सांसद मुल्कीराज सैनी जी की मूर्ति अनावरण के अवसर पर माननीय उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी का पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार शिक्षक नेता डॉ अशोक मलिक के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ कार्यक्रम में शिक्षण संस्थान में पहुंचे अशोक मलिक विद्यालय के ऑफिस में प्रबंध निदेशक के स्कूल के कार्यालय में माननीय उप मुख्यमंत्री जी का इंतजार कर रहे थे लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री को निजी स्कूलों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन देने से मना कर दिया इस प्रकार सरकार नहीं चाहती की जनता की समस्याएं सुनी जाए हम जनहित में निजी स्कूलों के हितों के लिए विभिन्न समस्याओं से उप मुख्यमंत्री जी से मुखारविंद होकर समस्याओं से अवगत कराने का प्रयास कर रहे थे लेकिन प्रशासन के अधिकारीगण व सरकार जनता की समस्या सुनना ही नहीं चाहती

देश में व प्रदेश में फर्जी रामराज की घोषणा की जा रही है और प्रदेश में जनता की सरकार नहीं अधिकारियों की सरकार चल रही है

प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए शिक्षक नेता डॉक्टर अशोक मलिक ने कहा की शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है शिक्षा विभाग मोटी रकम लेकर पशु शालाओं में फर्जी मान्यता बिना मानको को पूरे किए फर्जी मान्यता देने का काम कर रही है एक सीबीएसई इंटर कॉलेज 12वीं के मानक पूरे कर सकता है लेकिन बेसिक स्तर की प्राइमरी स्कूल की मान्यता बिना सुविधा शुल्क दिए नवीनीकरण नहीं की गई और रिजेक्ट कर दी गई जिला बेसिक अधिकारी के आचरण से सभी संगठनों के प्रतिनिधि व शिक्षा विभाग के कर्मचारीगण व अधिकारी गण भी बी एस ए के आचरण से आगाज आ चुके है। आगे मलिक ने कहा की 1 जुलाई 2022 में महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने अपने आदेश में 2016 से 22 तक आधा अधूरी फीस प्रतिपूर्ति के मांग पत्र के लिए सभी जनपदों को भेजा गया था मांग पत्र के अनुरूप सभी स्कूलों ने प्राप्त और अप्राप्त धनराशि का लेखा-जोखा विभाग को भेजा गया था लेकिन सहारनपुर शिक्षा विभाग ने भ्रष्टाचार के चलते आधी अधूरी फीस से लगभग सभी स्कूल फीस प्रतिपूर्ति से सभी लगभग सभी स्कूल वंचित है इसके संबंध में आने को मांग पत्र जिलाधिकारी जिला बेसिक अधिकारी महोदय के द्वारा शासन को अवगत कराया जा रहा है लेकिन आज तक भी बकाया भुगतान निजी स्कूलों को नहीं दिया गया जनपद के दो दर्जन से अधिक विद्यालयों में शिक्षा विभाग में वर्तमान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को रिश्वत नहीं दी गई इस प्रकार दो दर्जन से अधिक स्कूल संचालकों को फीस प्रतिपूर्ति व अभिभावको को प्रोत्साहन राशि से वंचित रहने पर मजबूर कर दिया कुछ स्कूलों को 100: फीस प्रतिपूर्ति दी जा रही है और कुछ स्कूलों को बजट कम होने का हवाला देकर आधी अधूरी फीस प्रतिपूर्ति देकर टरका दिया जा रहा है इस सब के संज्ञान के लिए उपमुख्यमंत्री को 15 सुत्रीय ज्ञापन देने का संगठन ने निर्णय लिया था लेकिन जिला प्रशासन में ज्ञापन दिलाने की व्यवस्था नहीं की इसलिए जिला उपअधिकारी सदर मान सुधीर कुमार को शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक ने ज्ञापन सोपकर मायूस होकर अपने गंतव्य को वापस लौट आए।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव अमजद अली एडवोकेट प्रदेश महामंत्री अरविंद शर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष वीरेंद्र पवार प्रदेश उपाध्यक्ष केपी सिंह जिला अध्यक्ष योगेश शर्मा महानगर अध्यक्ष अजय सिंह रावत प्रभारी धनंजय शर्मा जिला महामंत्री हंस कुमार गययूर आलम दिनेश रूपडी वीरेंद्र चौधरी कुलदीप कुमार भोपाल सिंह बालेश सैनी अशोक सैनी आदि स्कूल संचालक व पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।


**-:: सार्वजनिक नीलामी सूचना ::-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जामुन के 01, आम 02, बड 01, मरमरी 02, सागोन 06, अमरूद 01 अर्थात कुल 13 वृक्षों की सार्वजनिक नीलामी रिजर्व पुलिस लाइन सहारनपुर में दिनांक: 01/01/2026 को समय 12.00 बजे गठित कमेटी द्वारा की जायेगी। नीलामी मे भाग लेने के इच्छुक ठेकेदार अधिक जानकारी पुलिस लाइन सहारनपुर में प्रतिसार निरीक्षक से प्राप्त कर सकते हैं। बोलीदाता रुपये 5000 हजार जमा कर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। बोली की राशि पर 18 प्रतिशत जीएसटी अदा करना अनिवार्य होगा। पातन अनुज्ञा शुल्क, अभिवहन शुल्क व घनपंजीकरण शुल्क ठेकेदार को देना होगा।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर।**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### श्रीलंका सीरीज के लिए पाकिस्तान की नई टी-20 टीम घोषित

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने सात फरवरी से शुरु होने वाले पुरुष टी-20 विश्व कप की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए सलमान अली आगा की अगुवाई वाली नई टी-20 टीम की घोषणा की है जिसमें कई सीनियर खिलाड़ी शामिल नहीं हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार पूर्व कप्तान बाबर आजम, तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ऑस्ट्रेलिया की घरेलू बिग बैश लीग में अपने कमिटमेंट्स के कारण श्रीलंका सीरीज नहीं खेलेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में अनकैप्ड कीपर-बल्लेबाज ख्वाजा नफे को 15 सदस्यों वाली टीम में पहली बार शामिल किया गया है। नफे के साथ वापसी करने वालों में ऑलराउंडर शादाब खान भी हैं।

### एसईसी ने पार्ल रॉयल्स को 49 रन पर आउट कर बड़ी जीत हासिल की

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 अभियान की शानदार शुरुआत की, पार्ल रॉयल्स को रिकॉर्ड कम स्कोर 49 रन पर ऑल आउट कर दिया और बोनस पॉइंट के साथ 137 रन की बड़ी जीत हासिल की। एनरिक नॉर्टजे ने शानदार स्पेल और चार विकेट लेकर टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अच्छी तैयारी की। एसईसी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जैसा कि इस टूर्नामेंट में अब तक ट्रेंड रहा है, ओपनर क्विंटन डी कॉक और जॉनी बेयरस्टो ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़े, जिसमें पावरप्ले में 52 रन शामिल थे।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टी ने दो बड़े अंतर्राष्ट्रीय पदक जीकर किया वर्ष 2025 का सफल समापन




**● टीम ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप में रजत और एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने दो बड़े अंतर्राष्ट्रीय पदक सुल्तान ऑफ जोहोर कप में रजत और एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु में कांस्य जीतकर वर्ष 2025 का समापन एक बहुत ही सफल साल के तौर पर किया।

पूरे साल पीआर श्रीजेश के मार्गदर्शन में कई गहन राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से कोच ने एक टीम बनाई और खिलाड़ियों को दिसम्बर में जूनियर विश्व कप के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार किया। भारत की प्रतिस्पर्धी तैयारी जून में चार देशों के टूर्नामेंट से शुरू हुई, जो अच्छी यूरोपीय टीमों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण तैयारी का अवसर था। मेजबान जर्मनी के साथ-साथ स्पेन और ऑस्ट्रेलिया का सामना करते हुए, भारतीय जूनियर टीम ने बड़ी टीमों के खिलाफ अपनी योजना परीक्षण किया और टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने अक्टूबर में 2025 सुल्तान ऑफ जोहोर कप में उसी लय और सीख को आगे बढ़ाया, जहां भारत ने रजत पदक जीतने के लिए एक मजबूत और लगातार प्रदर्शन किया। टीम ने ग्रेट ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और मलेशिया पर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की और पाकिस्तान के साथ 3-3 से ड्रॉ भी खेला और लीग चरण में शानदार प्रदर्शन के बाद फाइनल में पहुंची। खिताबी मुकाबले में, भारत ने 59वें मिनट में एक दुर्भाग्यपूर्ण गोल खाया और ऑस्ट्रेलिया से 1-2 से हार गई और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह सारी तैयारी टीम को एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 तक ले गई, जो सीजन का सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट था, जहां भारत ने घरेलू धरती पर एक यादगार अभियान चलाया। भारत ने पूल चरण में क्रमशः चिली, ओमान और स्विट्जरलैंड पर तीन आसान जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। क्वार्टर-फाइनल एक निर्णायक पल साबित हुआ, क्योंकि भारतीय टीम ने अपना संयम बनाए रखा और शूटआउट में बेल्जियम को 4-3 से हराकर सेमी- फाइनल में जगह बनाई। गोलकीपर प्रिंस ने शूटआउट में दो अहम बचाव करके शानदार क्लास और हिम्मत दिखाई, जिससे भारत टूर्नामेंट में आगे बढ़ सका। दुर्भाग्य से, भारत सेमी-फाइनल में चैंपियन जर्मनी से 1-5 से हार गया, लेकिन तीसरे/चौथे स्थान के प्लेऑफ में टीम ने शानदार वापसी करते हुए अर्जेंटीना के खिलाफ अविश्वसनीय प्रदर्शन किया और कांस्य पदक हासिल किया। चौथे क्वार्टर तक दो गोल से पीछे होने के बावजूद, भारत ने मैच के आखिरी 15 मिनट में अपना सब कुछ लगा दिया और लगातार चार गोल करके मैच को अपने नाम किया।

# पीएम ने भारत की ऐतिहासिक खेल सफलता की तारीफ की

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने महीने के रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 129वें एडिशन में देश को संबोधित करते हुए भारत की खेल उपलब्धियों पर जोर दिया। 2025 को भारतीय खेलों के लिए एक यादगार साल बताते हुए, प्रधानमंत्री ने अलग-अलग डिसिप्लिन और फॉर्मेट में एथलीटों की सफलता की तारीफ की। उन्होंने कहा कि 2025 खेलों के लिहाज से भी एक यादगार साल था। हमारी पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार वर्ल्ड कप जीता। भारत की बेटियों ने महिला ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया। पीएम मोदी ने कॉन्टिनेंटल कॉम्पिटिशन में भारत की सफलता के बारे में भी बात की, और कहा कि भारत के एशिया कप टी-20 टाइटल जीतने के बाद राष्ट्रीय तिरंगा गर्व से लहराया। उन्होंने भारतीय पैरा-एथलीटों की उपलब्धियों की भी तारीफ की, जिन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप में कई मेडल जीते। प्रधानमंत्री ने भारतीय खिलाड़ियों की हिम्मत और बेहतरीन काम की भावना को दिखाते हुए कहा कि वर्ल्ड चैंपियनशिप में कई मेडल जीतकर, हमारे पैरा-एथलीटों ने साबित कर दिया कि कोई भी रुकावट उनके पक्के इरादे को नहीं रोक सकती। भारतीय खेलों में 2025 में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला।

# दो दिन में मैच खत्म हो जाने पर क्रिकेट जगत सदमे में

**● क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने वादा किया कि उनका संगठन देशभर में विकेटों के मैनेजमेंट की सीजन के आखिर में समीक्षा करेगा**

**मेलबर्न, वार्ता।** 2017-18 एशेज के बोर-ड्रॉ का डर मेलबर्न क्रिकेट क्लब के लिए बॉक्सिग डे पिच बनाने का मुख्य कारण था, जो तेज गेंदबाजी के पक्ष में बहुत ज्यादा झुकी हुई थी, और जिसके कारण चौथा एशेज टेस्ट तीसरे दिन तक नहीं पहुंच पाया।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने वादा किया है कि उनका संगठन देश भर में टेस्ट विकेटों के मैनेजमेंट की सीजन के आखिर में समीक्षा करेगा, क्योंकि एडमिनिस्ट्रेटरसीम-फ्रेंडली सतहों की पसंद को टीमों द्वारा अब इस्तेमाल की जा रही आक्रामक बल्लेबाजी रणनीति के साथ बैलेंस करने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि इस हफ्ते क्रिकेट के खराब दिनों से होने वाले वित्तीय नुकसान से सीए को 10 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से ज्यादा का नुकसान होगा, उन्होंने माना कि पिछले महीने पर्थ में इस सीरीज के दूसरे दो-दिवसीय टेस्ट से लगभग आधी रकम गंवाने के बाद यह घाटा चुभता है।

ग्रीनबर्ग ने रविवार को कहा कि जिस तरह से बल्लेबाज बल्लेबाजी कर रहे हैं, और जिस तरह से खेल विकसित हो रहा है, क्या हमारी विकेटों की तैयारी उसके साथ तालमेल बिठा रही है?अगर नहीं, तो हम यह कैसे सुनिश्चित करें कि वे ऐसा करें ताकि हम कमर्शियल जरूरतों और परफॉर्मेंस के बीच संतुलन बना सकें? मेलबर्न क्रिकेट क्लब ने आज एक खराब पिच की जिम्मेदारी ली, जिस पर सिर्फ 142 ओवर में 36 विकेट गिरे। हेड क्यूरेटर मैट पेज ने बताया कि उन्होंने टेस्ट के पिछले हिस्से में गर्म मौसम की उम्मीद में ड्रॉप-इन सतह पर 10मिमी घास छोड़ी थी, जो इस देश के क्रिकेट कैलेंडर का सबसे बड़ा टेस्ट है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के मैच रेफरी जेफ क्रो का फैसला सोमवार को आने की उम्मीद थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि खिलाड़ियों और एडमिनिस्ट्रेटर ष्असंतोषजनकष रेटिंग के लिए तैयार हैं। रविवार को लगातार तीसरी बार 90,000 से ज्यादा दर्शकों के आने की उम्मीद थी, लेकिन शानदार धूप में आए फैंस को यारा पार्क में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के साथ जल्दबाजी में आयोजित ऑटोग्राफ-साइनिग सेशन से ही संतोष करना पड़ा। पेज ने एमसीजी पिच को फिर से बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रशंसा हासिल की है, जो 2017 में सबसे खराब स्थिति में पहुंच गई थी, जब पांच दिवसीय ड्रॉ एशेज टेस्ट में 1,000 से ज्यादा रन बने थे और सिर्फ 24 विकेट गिरे थे। इसके बाद एमसीसी ने सीए के साथ मिलकर सीम-फ्रेंडली कंडीशंस देने पर जोर दिया, जिससे ज्यादा मनोरंजक क्रिकेट को बढ़ावा मिले। चैनल सेवन ने घोषणा की कि इस मेलबर्न टेस्ट को सबसे ज्यादा टीवी और स्ट्रीमिग दर्शक मिले, जिससे यह बात साबित हुई कि दर्शकों ने इस बदलाव का आनंद लिया है। लेकिन पेज ने माना कि जब उन्हें पता चला कि उन्होंने बैलेंस को तेज गेंदबाजों के पक्ष में बहुत ज्यादा झुका दिया है, तो वह शॉक की स्थिति में थे। रविवार को जब उस मशहूर जगह के टर्फ बॉस ने पत्रकारों का सामना किया, तो पेज ने रिपोर्टर्स से कहा कि मैं कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं हुआ, और उम्मीद है कि फिर कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं होऊंगा।

# बॉक्सिंग लीजेंड मैरी कॉम ने कंबाला को एल अनोखी खेल परंपरा बताया



**● मैरी कॉम ने मंगलुरु कंबाला के नौवें एडिशन में हिस्सा लिया, सांसद बृजेश चौटा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों दर्शक पहुंचे**

**मंगलुरु, वार्ता।** ओलंपिक बॉक्सिग लीजेंड मैरी कॉम ने रविवार को कंबाला को एक अनोखी खेल परंपरा बताते हुए मंगलुरु कंबाला के नौवें एडिशन में हिस्सा लिया, जिससे तटीय कर्नाटक की इस पारंपरिक भैंस दौड़ को राष्ट्रीय पहचान मिली। दक्षिण कन्नड़ के सांसद कैप्टन बृजेश चौटा के नेतृत्व में बंगराकुलुरु के गोल्डफिच सिटी में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों दर्शक पहुंचे।


लगभग 170 जोड़ी रेसिग भैंसों ने अलग-अलग कैटेगरी में हिस्सा लिया, जिससे तुलुनाडु की सबसे महत्वपूर्ण स्वदेशी खेल परंपराओं में से एक के रूप में कंबाला की स्थिति और मजबूत हुई। सभा को संबोधित करते हुए, मैरी कॉम ने तुलु भाषा में क्षेत्र के लोगों का अभिवादन किया, और कहा मंथेरेगला नमस्कार जिस पर जोरदार तालियां बजीं। आयोजकों को निमंत्रण के लिए धन्यवाद देते हुए, उन्होंने कहा कि मणिपुर के एक छोटे से गांव से आने के कारण, उन्हें सामुदायिक जीवन से जुड़ी परंपराओं से गहरा जुड़ाव महसूस होता है। उन्होंने कहा कि कंबाला देश के किसी भी अन्य खेल से अलग है और आधुनिक चुनौतियों के बावजूद सदियों पुरानी परंपरा को बनाए रखने के लिए किसानों, भैंस मालिकों और प्रतिभागियों की प्रशंसा की। शाम को हुए औपचारिक उद्घाटन के दौरान, मैरी कॉम ने कंबाला उत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विज.ेताओं को पुरस्कार वितरित किए। कीचड़ वाला ट्रैक उत्साह का केंद्र बन गया क्योंकि कुशल जॉकी के मार्गदर्शन में भैंसों की जोड़ियों ने खेतों में दौड़ लगाई, जिससे दक्षिण कन्नड़, उडुपी और पड़ोसी क्षेत्रों के दर्शक रोमांचित हो गए। इससे पहले, कैप्टन चौटा ने मंगलुरु और तुलुनाडु के सांस्कृतिक और सभ्यतागत महत्व पर प्रकाश डाला, और इस क्षेत्र को सनातन संस्कृति का पालना बताया। उन्होंने दक्षिण कन्नड़ जिले के बारे में गलत सूचनाओं का मुकाबला करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# ब्रेट ली ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली को खेल में उनके शानदार योगदान के लिए ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। यह घोषणा ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम के चेयरमैन पीटर किग ने की, जिन्होंने ली के असर की तारीफ करते हुए उन्हें अपनी पीढ़ी के सबसे खतरनाक और सम्मानित पेस बॉलर में से एक बताया।

ली का इंटरनेशनल करियर शानदार रहा, उन्होंने वन-डे इंटरनेशनल मैचों में 380 विकेट और ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी फॉर्मेट में शानदार 718 विकेट लिए। ली ने 76 टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, और 30-81 के औसत से 310 विकेट लेकर देश के आठवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गें. दबाज बने, जिसमें 5/30 और 10 बार पांच विकेट लेना उनका बेस्ट प्रदर्शन रहा। वनडे में उनका प्रदर्शन और भी शानदार रहा, 221 मैचों में 23-36 की औसत से 380 विकेट लेकर वे ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, साथ ही 14 बार चार विकेट और नौ बार पांच विकेट भी लिए। टी-20 में, ली ने 25 मैचों में 25.50 की औसत से 28 विकेट लिए। सभी इंटरनेशनल फॉर्मेट में, ली ने 322 मैचों में 718 विकेट लिए, जिससे वे ऑस्ट्रेलिया के कुल मिलाकर चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने यह 26.66 की शानदार औसत से हासिल किया, जिसमें उनके नाम 31 बार चार विकेट और 19 बार पांच विकेट शामिल हैं। निचले क्रम के एक उपयोगी बल्लेबाज के तौर पर, उन्होंने 212 पारियों में 18.94 की औसत से 2,728 रन बनाए, जिसमें आठ अर्द्धशतक और 64 का उच्चतम स्कोर शामिल है। अपने करियर के दौरान, ली ऑस्ट्रेलिया के साथ तीन बड़े आईसीसी खिताब जीतने वाले अभियानों का हिस्सा थे।

# लॉरा हैरिस ने महिला टी-20 में सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड बराबर किया




**● लॉरा हैरिस ने ओटागो के लिए 15 गेंदों में फिफ्टी लगाकर महिला सुपर स्मैश में तुरंत प्रभाव डाला**

**एलेक्जेंड्रा, वार्ता।** डब्ल्यूबीबीएल में सिडनी थंडर के लिए निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, लॉरा हैरिस ने रविवार को ओटागो के लिए 15 गेंदों में अर्द्धशतक बनाकर महिला सुपर स्मैश में तुरंत प्रभाव डाला। यह महिला टी-20 में (जहां डेटा उपलब्ध है) संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्द्धशतक है, जो 2022 में वारविकशायर के लिए ग्लॉस्टरशायर के खिलाफ मैरी केली द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड के बराबर है। ओटागो के लिए अपने पहले मैच में, बड़े शॉट लगाने के लिए जानी जाने वाली अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैरिस ने कैंटरबरी के खिलाफ ओटागो के 146 रनों के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। वह छठे ओवर में 46 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद मैदान पर आईं और यह सुनिश्चित किया कि उनकी टीम 15वें ओवर तक लक्ष्य को पार कर ले। उन्होंने एलेक्जेंड्रा के मोलिनक्स पार्क में 17 गेंदों में 52 रन बनाए, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल थे, इससे पहले कि उन्हें मीडियम पेसर गैबी सुलिवन की गेंद पर कैच आउट कर दिया गया। हैरिस का डब्ल्यूबीबीएल में प्रदर्शन औसत रहा, जैसा कि थंडर का भी रहा, जो आठ टीमों की तालिका में नीचे से दूसरे स्थान पर रही, केवल बिना जीत वाली ब्रिस्बेन हीट से बेहतर। हैरिस ने थंडर के लिए सीजन के सभी दस मैच खेले, आठ बार बल्लेबाजी की और कुल 69 रन बनाए, हालांकि उनका स्ट्राइक रेट 197-14 था, जो प्रतियोगिता में सबसे अच्छा था। हालांकि, वह इस साल की शुरुआत में अच्छी फॉर्म में थीं, और इस साल की शुरुआत में वार. विकशायर के लिए खेलते हुए केली के रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास किया था, जब उन्होंने वाइटैलिटी ब्लास्ट में डरहम के खिलाफ 21 गेंदों में 55 रन बनाकर प्लेयर-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार जीता था, जिसमें उन्होंने 17 गेंदों में अर्द्धशतक बनाया था। हैरिस के नाम टी-20 में 15 और 17 गेंदों के रिकॉर्ड के अलावा, तीन 18-गेंदों की हाफ-संेचुरी और एक 19-गेंदों की हाफ-सेंचुरी भी है। इसका मतलब है कि टी-20 में उनके सभी छह 50 से ज्यादा के स्कोर 20 से कम गेंदों में आए हैं। महिला क्रिकेट में किसी और बल्लेबाज ने यह कारनामा एक से ज्यादा बार नहीं किया है। रविवार को, हैरिस की तेज रन बनाने की गति का मतलब था कि ओटागो बोनस पॉइंट हासिल करने वाली पहली टीम बन गई, जिसे इस सीजन से पहले महिला सुपर स्मैश में ज्यादा स्कोर वाले मैचों को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया था। मैच जीतने पर मिलने वाले रेगुलर चार पॉइंट्स के अलावा, टीमें बोनस पॉइंट हासिल कर सकती हैं।

# एमसीजी क्यूरेटर सदमे की हालत में हेड ने समर्थन दिया

**● दो दिन में मैच खत्म होने से सीए को 10 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर तक का नुकसान होने की उम्मीद**

**मेलबर्न, वार्ता।** एमसीजी के क्यूरेटर मैट पेज ने कहा कि बॉक्सिग डे टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद वह सदमे की हालत में थे, जबकि ट्रैविस हेड ने ग्राउंड स्टाफ के प्रति सहानुभूति व्यक्त की, जिन्होंने सीम-फ्रेंडली पिच तैयार की, जिसके कारण मैच दो दिन में खत्म हो गया, जिससे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को 10 मिलियन ऑस्ट्रेलियन डॉलर तक का नुकसान होने की उम्मीद है।

मैच के आखिरी तीन दिनों के लिए गर्म मौसम के पूर्वानुमान के आधार पर सतह पर 10मिमी घास छोड़ने के पेज के फैसले पर काफी सवाल उठे, जब 142 ओवर में 36 विकेट गिरे, और इंग्लैंड ने दूसरे दिन देर से ऑस्ट्रेलिया में जनवरी 2011 के बाद अपनी पहली जीत हासिल की। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि दुनिया में कहीं और ऐसी ही पिच 'तबाही' मचा देगी, और स्टीवन स्मिथ ने इतनी घास छोड़ने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा: ष्शायद इसने थोड़ा ज्यादा ही मदद की शायद अगर इसे 10 से 8मिमी कर दिया जाता, तो यह एक अच्छी चुनौतीपूर्ण विकेट होती - शायद थोड़ी और संतुलित।

पेज ने कहा कि वह परिणाम से वास्तव में निराशष हैं, और उन्होंने यह सुनिश्चित करने का वादा किया कि एमसीजी में फिर से दो दिन में मैच खत्म न हो। उन्होंने कहा कि पहले दिन के बाद मैं सदमे की हालत में था, जो कुछ भी हुआ, एक दिन में 20 विकेट।मैं कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं हुआ, और उम्मीद है कि फिर कभी ऐसे टेस्ट मैच में शामिल नहीं होऊंगा।

# ब्यू वेबस्टर-जोश इंगलिस बीबीएल खेलने के लिए टेस्ट टीम से रिलीज



**● दोनों खिलाड़ी 4 जनवरी से एससीजी में शुरू टेस्ट की तैयारी को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया टीम में फिर शामिल होंगे**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के रिजर्व ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को होबार्ट के लिए बिग बैश लीग में खेलने के लिए टीम से रिलीज कर दिया गया है। जोश इंगलिस, जिन्हें रैपिड-फायर बॉक्सिग डे टेस्ट के लिए बाहर कर दिया गया था, वे भी बीबीएल में वापसी करेंगे और पांचवें और आखिरी एशेज टेस्ट से पहले पर्थ के लिए खेलेंगे।

अपने बीबीएल मैचों के बाद, दोनों खिलाड़ी 4 जनवरी से एससीजी में शुरू होने वाले नए साल के टेस्ट की तैयारी के लिए सिडनी में ऑस्ट्रेलिया टीम में फिर से शामिल होंगे। इस साल सात टेस्ट खेलने के बाद, वेबस्टर को पर्थ में एशेज के शुरुआती मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया इलेविन से बाहर रखा गया था और वह टीम में वापस नहीं आ पाए हैं। लेकिन इस सीरीज के दौरान कैमरून ग्रीन के बल्ले से बार-बार फेल होने के कारण वेबस्टर के पास अपनी जगह वापस पाने का एक अच्छा मौका दिख रहा है। एशेज के पहले चार टेस्ट में बल्ले से सिर्फ 18.66 का एवरेज बनाने के बाद ग्रीन की जगह पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। मेलबर्न में पहले दिन खुद रन आउट होने के बाद, उन्होंने दूसरी इनिग में फिर से अपना विकेट गंवा दिया। 26 साल के ग्रीन ने स्टोक्स की गेंद को ऑफ-साइड में गाइड करने की कोशिश की, लेकिन दूसरी स्लिप पर कैच हो गए।

# कोलकाता में फिटनेस एक्टिविटीज साथ साल 2025 के फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का हुआ समापन

**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय तीरंदाजी के पावर कपल दीपिका कुमारी और अतानु दास और बंगाल के अन्य ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता रविवार को भारतीय खेल प्राधिकरण के कोलकाता क्षेत्रीय केंद्र में आयोजित फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल 2025 के आखिरी संस्करण में भाग लिया। साल के आखिर के इस विशेष संस्करण में आज यहां 1500 नागरिक इकध हुए थे। इस कार्यक्रम में उत्साही साइकिल चलाने वालों की भारी भीड़ देखी गई, जिसमें एथलीट, कॉर्पोरेट पेशेवर, छात्र, सीआईएसएफ जवान और फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 54वां संस्करण के खास भागीदार बीमा कंपनी के कर्मचारी तथा सभी उम्र के लोग शामिल हुए। साइक्लिग के साथ-साथ, प्रतिभागियों ने हाई-एनर्जी जुम्बा सेशन, मधुर बंगाली लोक संगीत, मनमोहक योग प्रदर्शन, रस्सी कूदने के प्रदर्शन और कई फिटनेस एक्टिविटीज का आनंद लिया। कोलकाता में इस बड़े कार्यक्रम को ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता दीपिका कुमारी, जॉयदीप कर्माकर और मंगल सिंह चंपिया ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया, जिससे फिटनेस और एक्टिव जीवन शैली को समर्पित एक पावर-पैक्ड सर्दियों की सुबह की शुरुआत हुई। इस मौके पर अर्जुन पुरस्कार विजेता अतानु दास, राहुल बनर्जी, बॉम्बेला देवी लैशराम और सुष्मिता सिघा रॉय भी मौजूद थे। इस अवसर पर पद्म श्री और अर्जुन अवॉर्डी दीपिका कुमारी ने रोजाना फिटनेस के महत्व पर बल देते हुए कहा कि एनर्जी और ताकत केवल खेल के लिए ही नहीं, बल्कि निजी जिदगी के लिए भी जरूरी है और इसे प्रतिदिन करना चाहिए, केवल एक रविवार

# गजनफर-पोलार्ड की मदद से एमिरेट्स दूसरे स्थान पर




**● पालार्ड ने एमआई एमिरेट्स के लिए एक ओवर में 30 रन बनाए जबकि गजनफर ने तीन विकेट लेकर 28 रन दिए**

**दुबई, वार्ता।** एमआई एमिरेट्स ने 123 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए दुबई कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर आईएल टी 20 में दूसरा स्थान पक्का कर लिया। कैपिटल्स को पहले मुख्य रूप से एएम गजनफर के तीन विकेट (28 रन देकर 3 विकेट) की बदौलत रोका गया, जिसके बाद एमआई एमिरेट्स के टॉप-चार बल्लेबाजों ने यह सुनिश्चित किया कि रन चेज में कोई रुकावट न आए।

कीरोन पोलार्ड ने भी एमआई एमिरेट्स की जीत के रास्ते में एक ओवर में 30 रन बनाए। बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद, कैपिटल्स ने शुरुआती तीन ओवरों में चार चौके लगाए। लेकिन, चौथे ओवर में गजनफर द्वारा स्पिन गें. दबाजी शुरू करने के बाद रनों की गति धीमी हो गई। यह शाकिब अल हसन थे जिन्होंने दूसरे छोर से शयान जहांगीर का विकेट लेकर सफलता दिलाई, इससे पहले कि गजनफर ने अपने दूसरे ओवर में अपने अफगान समकक्ष सेदिकुल्लाह अटल का विकेट लिया। स्पिन काम कर रही थी, इसलिए एमआई एमिरेट्स ने डैन मौसली को गेंद सौंपी, जिन्होंने ओवर में पहले ल्यूस डू प्लोय के रन आउट होने के बाद रोवमैन पॉवेल का विकेट लिया। अरब गुल मोमंद ने जॉर्डन कॉक्स का बड़ा विकेट लिया, जिससे कैपिटल्स आधे रास्ते में 53 रन पर 5 विकेट पर थी।

नए बल्लेबाज जेम्स नीशम अपनी तेज 21 रनों की पारी में तीन चौकों के साथ अच्छे फॉर्म में दिखे, इससे पहले कि उन्होंने गजनफर को कैच दे दिया। इसके बाद अफगान गेंदबाज ने उसी ओवर में डेविड विली को आउट कर दिया, जिससे कैपिटल्स 84 रन पर 7 विकेट पर थी। मौ. नबी और स्कॉट करी ने आठवें विकेट के लिए 28 रन जोड़े, जिससे कैपिटल्स 100 रन के पार पहुंची और 122 रन पर 8 विकेट का सम्मानजनक स्कोर बनाया। एमआई एमिरेट्स के लिए चेज की शुरुआत शानदार तरीके से हुई।

# उपमुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना, कहा-कांग्रेस भ्रष्टाचार की समर्थक

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की समर्थक है और अब देश से लगभग उजड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का राजनीतिक भविष्य अंधकारमय है और वह लगातार अंत की ओर बढ़ रही है, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है, जो राष्ट्र के लिए गर्व का विषय है। उपमुख्यमंत्री मौर्य शनिवार को सहारनपुर में एक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार स्मार्ट सिटी की तर्ज पर स्मार्ट गांव विकसित करने के उद्देश्य से जो कानून और योजनाएं लेकर आई है, कांग्रेस उनका



विरोध कर रही है। इसका कारण यह है कि कांग्रेस विकास नहीं बल्कि भ्रष्टाचार की राजनीति करती रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न केवल भ्रष्टाचार की समर्थक है, बल्कि वह भ्रष्टाचार की ह्जननीह्न भी रही है। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देश में कांग्रेस पहले ही अपना जनाधार खो चुकी है। जिन कुछ राज्यों में उसकी सरकारें बची हैं, वहां भी उसकी राजनीतिक जमीन खिसकती जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता अब विकास चाहती है और विकास के मुद्दे पर केवल भारतीय जनता पार्टी ही खरा उतरती है। मौर्य ने कहा कि भाजपा की नीति और नीयत पूरी तरह से विकास को समर्पित है, जबकि कांग्रेस विकास में बाधा बनकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का विरोध करती रही है। उन्होंने दो टूक कहा कि कांग्रेस अब



समाप्ति की ओर अग्रसर है, वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष का उत्सव मना रहा है, जो राष्ट्र निर्माण के लिए उसकी दीर्घकालिक सेवा का प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात के माध्यम से देश की जनता को जागरूक करने और उन्हें राष्ट्र से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करती है और समाज के हर वर्ग को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## विकास बनाम अरावली, क्या हम भविष्य की कीमत पर वर्तमान गढ़ रहे हैं

**सहारनपुर।** अरावली पर्वतमाला को लेकर चल रही बहस अब केवल पर्यावरण विशेषज्ञों या शोध पुस्तकों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि यह आम जनजीवन से सीधे तौर पर जुड़ चुकी है। कभी हरियाली, जल संरक्षण और स्वच्छ हवा की पहचान रही अरावली आज खनन, निर्माण गतिविधियों और तेजी से फैलते तथाकथित विकास के दबाव में लगातार कमजोर होती जा रही है। एसएएम इंटर कॉलेज के भूगोल प्रवक्ता बृजेश पुंडीर ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अरावली से जुड़े क्षेत्रों में रहने वाले लोग अब इसके दुष्परिणाम महसूस करने लगे हैं। भूजल स्तर लगातार गिर रहा है, हवा में प्रदूषण बढ़ रहा है और गर्मी पहले से अधिक असहज हो चली है। दिल्ली-एनसीआर सहित आसपास के क्षेत्रों में सांस लेना तक चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे में अरावली का संरक्षण अब किसी दूर का पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि लोगों के अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न बन गया है। दूसरी ओर सरकार और उद्योग विकास की आवश्यकता पर जोर देते हैंकृसड़कों, आवास, निवेश और रोजगार को समय की मांग बताया जाता है। यह तर्क पूरी तरह गलत भी नहीं है, लेकिन सवाल यह है कि क्या विकास का यही एकमात्र रास्ता है? पर्यावरणविदों का कहना है कि यदि अरावली को इसी तरह नुकसान पहुंचता रहा, तो आने वाले समय में जल संकट और प्रदूषण की समस्या और भयावह रूप ले सकती है। नियम और स्वीकृतियां मौजूद होने के बावजूद जमीनी स्तर पर स्थिति संतोषजनक नहीं दिखती। यह विवाद दरअसल हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि हम किस तरह का भविष्य चुन रहे हैं और उसकी कीमत कौन चुका रहा है। विशेषज्ञों का



मानना है कि इस समस्या का समाधान केवल सरकारी फाइलों से नहीं होगा, बल्कि इसके लिए स्पष्ट नीति, पारदर्शिता और आम जनता की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। प्रकृति लगातार संकेत दे रही है, लेकिन सवाल यह है कि क्या हम समय रहते इन संकेतों को समझने के लिए तैयार हैं, या फिर बहुत देर हो जाने के बाद ही चेतेंगे?

## राष्ट्रीय लोकदल का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा गांव शेखपुरा कदीम



**सहारनपुर।** हरियाणा में मजदूरी करने गए गांव शेखपुरा कदीम के पांच मजदूरों की दम घुटने से हुई दर्दनाक मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है! इस हृदयविदारक घटना के बाद राष्ट्रीय लोक दल पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल गांव शेखपुरा कदीम पहुंचा और मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर गहरा दुख व्यक्त किया। आरएलडी ने शोक संतप्त परिवारों को ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में पार्टी उनके साथ मजबूती से खड़ी है। इस दौरान आरएलडी के महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान ने कहा कि मजदूरों की मौत लापरवाही का नतीजा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ उचित मुआवजा दिलाने की मांग सरकार से की जाएगी। उन्होंने ने साफ कहा कि पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की लड़ाई हर मंच पर लड़ी जाएगी। गौरतलब है कि गांव शेखपुरा कदीम के रहने वाले 5 मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई थी। ए सभी मजदूर हरियाणा में रहकर मजदूरी का काम कर रहे थे। ठंड से बचने के लिए इन्होंने अपने कमरे में कोयले की अंगीठी जलाकर रखी थी! लेकिन उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि दिसंबर की ए सर्द रात आखिरी होगी। अगली सुबह जब कमरे से कोई हलचल नहीं मिली तो स्टॉफ ने कमरे का दरवाजा खोलकर देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। ए सभी मजदूर 21 दिसंबर को ही अपना गांव छोड़कर गए थे और 24 दिसंबर को उनकी मौत की खबर सामने आने से हड़कप मच गया था?

## धूमधाम से मनाया कांग्रेस पार्टी का 140वां स्थापना दिवस

**सहारनपुर।** कांग्रेस पार्टी का 140वां स्थापना दिवस रविवार को महानगर कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी द्वारा पार्टी का ध्वजारोहण कर की गई, तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कार्यकर्ताओं को कांग्रेस को मजबूत बनाने का आ]वान करते हुए कहा कि पार्टी की विचारधारा इस देश की मिट्टी में रची-बसी है। उन्होंने कहा कि 140 वर्ष पूर्व जब कांग्रेस की स्थापना हुई थी, तब किसी को यह नहीं पता था कि देश को आजादी कब मिलेगी, लेकिन अंग्रेजी हुकूमत के बढ़ते अत्याचारों के खिलाफ देश की जनता एकजुट हो चुकी थी। हजारों



लोगों ने कांग्रेस के झंडे तले आजादी की लड़ाई लड़ी और जेल गए। मनीष त्यागी ने कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को नई ऊर्जा मिली और जन आंदोलनों के माध्यम से अंग्रेजों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। कांग्रेस ने कभी सत्ता के लिए आंदोलन नहीं किए, बल्कि हमेशा सत्य, जनता के अधिकारों और देशहित के लिए संघर्ष किया है। आज भी कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर हैं तो सत्ता के लिए नहीं, बल्कि जनता की आवाज बनने के लिए। पूर्व विधायक सुरेन्द्र कपिल ने सभी उपस्थित लोगों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उपाध्यक्ष अमरदीप जैन ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा से देश के विकास, सामाजिक न्याय और जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही है। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष संदीप राणा की गैर मौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अशोक सैनी, इमरान कुरैशी, सोनू पठान, हरिओम मिश्रा, श्वेता सैनी, सत्यम भूरियान, सौरभ भारद्वाज, इकराम खान, चंद्रजीत सिंह, मयंक शर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय यादव, सुशील शर्मा, प्रवीण कुमार, अश्वनी राजपूत, रवि कुमार, आरिफ मंसूरी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महायज्ञ में भक्तों ने दी आहुति



**गंगोह।** गांव जेहरा में पाथेश्वर महादेव मंदिर में महंत कदमपुरी महाराज के सानिध्य में भगवती शाकंभरी के प्राकटड उत्सव पर चल रहे सहस्त्रचंडी महायज्ञ में आज भक्तों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। यज्ञाचार्य पंडित अमित भारद्वाज ने पंचांग पूजन, वास्तु पूजन, चौसठ योगिनी, क्षेत्रपाल, प्रधान पीठ का पूजन कराया। 51 ब्राह्मणों द्वारा भगवती जगदंबा के 1008 पाठ किए गए। यज्ञ के मुख्य यजमान हिमांशु चौधरी ने सपत्नीक पूजन किया। बालेंद्र चौधरी और शुभम चौधरी रहे। आज सभी यजमानों द्वारा दुर्गा होम में भगवती मां दुर्गा की प्रसन्नता के लिए आहुति दी आचार्य अमित भारद्वाज ने कहा की भगवती मां करुणामई हैं जो मां की आराधना सच्चे मन से करता है मां दुर्गा उसके सभी संकट हर लेती है।

## विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ सम्पन्न

**सहारनपुर।** नर्मदेश्वर महाकाल महादेव मंदिर के विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में आयोजित हो रही मद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन पर कृष्ण-सुदामा चरित्र का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। ऑफिसर कॉलोनी स्थित नर्मदेश्वर महाकाल महादेव मंदिर में विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में द्वितीय वार्षिक महोत्सव एवं मद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ आज विधिवत सम्पन्न हो गया। कथा के अंतिम दिन कथाव्यास आचार्य पंडित प्रवेश कौशिक ने कहा कि मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए कृष्ण से कुछ नहीं मांगा। उन्होंने बताया कि सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता है। कथा के बीच-बीच में भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रोता मौजूद रहे। कथा वाचक ने बताया कि भागवत कथा का श्रवण से मन आत्मा को परम सुख की प्राप्ति होती है। भागवत में बताए उपदेशों उच्च आदर्शों को जीवन में ढालने से मानव जीवन जीने का उद्देश्य सफल हो जाता है। सुदामा चरित्र के प्रसंग में कहा कि अपने मित्र का विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है। मित्र वह है जो अपने मित्र को सही दिशा प्रदान करे, जो कि मित्र की गलती पर उसे रोके और सही राह पर उसका सहयोग दे। इस अवसर पर संजय शास्त्री, आचार्य विशाल, आचार्य चेतन, आचार्य रजनीश, शिवम शास्त्री, राजीव शास्त्री, प्रणव शास्त्री सहित भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

### राहुल भारतीय की माता का हाल जानने पहुंचे संत गुरु निर्मल दास



**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राहुल भारतीय की माताजी की तबीयत की जानकारी लेने संत गुरु निर्मल दास जी महाराज आज कर्ण हॉस्पिटल सोना सैयद माजरा पहुंचे जहां पर राहुल भारती जी की माता जी काफी दिनों से एडमिट है संत गुरु निर्मल दास जी महाराज जी का कर्ण हॉस्पिटल में डॉक्टर कर्ण सिंह ने स्वागत किया इस मौके पर सपा के प्रदेश सचिव व ब्लॉक मुजफ्फराबाद प्रभारी इसरार चौधरी का भी स्वागत किया इसरार चौधरी की भी दो पुत्रियां एमबीबीएस है। इस मौके पर सपा अनूसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव कर्म सिंह, छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव राजीव भारती, सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव सुरैया खान, सपा महिला सभा की जिला सचिव कायनात कुरैशी, सपा अल्पसंख्यक सभा की जिला उपाध्यक्ष इम्तियाज खान आदि मौजूद रहे।

## गायत्री शक्तिपीठ कोषाध्यक्ष का निधन

**नजीबाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ की कोषाध्यक्ष मधुबाला गुप्ता का शनिवार शाम लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह काफी समय से कैंसर से पीड़ित थीं। उनके निधन से नगर में शोक की लहर है। मधुबाला गुप्ता गायत्री शक्तिपीठ की वरिष्ठ साधिका थीं और लंबे समय से कोषाध्यक्ष का पद संभाल रही थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही उनके परिचितों और शुभचिंतकों में शोक व्याप्त हो गया। उनके निवास पर लोग अंतिम दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक में गणतंत्र दिवस व शपथ ग्रहण कार्यक्रम पर मंथन



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की ओर से आयोजित बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान आगामी गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण तथा मार्च माह में नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की रूपरेखा तय की गई। आज रेलवे रोड स्थित यूनियन कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी 2026 को यूनियन कार्यालय पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके साथ ही मार्च माह में नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा, हालांकि कार्यक्रम की तिथि अभी तय नहीं की गई है। तय किया गया कि अगली बैठक में शपथ ग्रहण कार्यक्रम की तिथि पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बैठक में संरक्षक सुधीर भारती, नफीस थानवी जिला संयोजक, अशोक कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष, एम। ए। खान जिला महासचिव, आमिर खान वरिष्ठ उपाध्यक्ष, निसार सिद्दीकी उपाध्यक्ष, सुधीर एडवोकेट उपाध्यक्ष, महिपाल सिंह उपाध्यक्ष, सतबीर सिंह माना सहसंयोजक, रमेश यादव संगठन सचिव, मोहम्मद इस्लाम सचिव, फहीम थानवी सचिव, सुरेश कुमार मीडिया प्रभारी, रमन गुप्ता विधि सलाहकार, नासिर हैदर जैदी एडवोकेट कानूनी सलाहकार, गुलशेर अली महानगर अध्यक्ष, सुरेंद्र बगाती महानगर महासचिव, प्रवीण वर्मा महानगर उपाध्यक्ष, सचिन गोयल महानगर सचिव, आरिफ अंसारी विशेष आमंत्रित सदस्य, जोगिंदर कल्याण सचिव, हरिओम सैनी, सदस्य धर्मेंद्र, अनमोल, सुखपाल सैनी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## चयन ट्रायल में एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**सहारनपुर।** जिला स्तरीय चयन ट्रायल मे एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चयन ट्रायल मे चयनित खिलाड़ी झांसी में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश राज्य क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में सहारनपुर जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला एथलेटिक्स संघ सहारनपुर के सचिव डॉ। अशोक कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 60वीं उत्तर प्रदेश राज्य क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान में 4 जनवरी को झांसी जिले में होना है। राज्य प्रतियोगिता भिन्न भिन्न दूरी की दौड़ के लिए आयोजित की जाएगी।



उन्होने बताया कि उक्त राज्य प्रतियोगिता मे भाग लेने हेतु जिला एथलेटिक्स टीम का चयन जिला एथलेटिक्स संघ सहारनपुर के तत्वाधान मे डॉ। भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, सहारनपुर परिसर पर चयन समिति अध्यक्ष यशपाल सिंह पुंडीर के नेतृत्व मे लाल धर्मेंद्र प्रताप, दीपक शर्मा भगत, मुस्तकीम अंसारी, प्रवीण सैनी द्वारा 5 बालिकाओं सहित 24 सदस्ईय खिलाड़ियों का चयन भिन्न-भिन्न दूरी की दौड़ के लिए किया गया। चयन प्रतियोगिता का प्रारंभ चयन मे भाग लेने आए खिलाड़ियों से क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा एवं जिला एथलेटिक्स संघ सहारनपुर के सचिव डॉ। अशोक कुमार गुप्ता ने परिचय प्राप्त कर उन्हें श्रेष्ठ प्रदर्शन की शुभकामनाएं देकर किया। सचिव डॉ। अशोक कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि चयन ट्रायल में बालिका वर्ग में 10 किलोमीटर के लिए अंजली रानी, 06 किलोमीटर के लिए तनु, 04 किलोमीटर के लिए जसन प्रीत और वंशिका, 02 किलोमीटर के लिए अंशु का चयन किया गया। बालक वर्ग में 10 किलोमीटर के लिए अजय कुमार, अनुज राणा, अभिषेक कुमार, विनीत, सईब, अश्वनी कुमार, रोहित कुमार, नीतीश कुमार और प्रिंस पुत्र मुनेश कुमार, 08 किलोमीटर के लिए प्रिंस पुत्र जितेंद्र, अभिषेक कुमार और आयुष सैनी, 06 किलोमीटर के लिए निखिल, अंशुल कुमार, शिवम कुमार, उज्जवल, आयुष और कुनाल, 02 किलोमीटर के लिए तरुण चौधरी का चयन किया गया। चयन ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खिलाड़ी जुली पुंडीर, पॉपिन कुमार, सुमित चौधरी, शिक्षाविद पंकज गर्ग, शिक्षाविद अनिल भाटी, डॉ। मनोज सिंधी, चौधरी ईश्वरपाल सिंह मुखिया, मनीष कुमार, प्रोफेसर संदीप गुप्ता, सोनवीर सिंह आदि ने शुभकामनाएं दी।

# आज के राजनेता बाबू मुल्कीराज सैनी से लें प्रेरणाः केशव मौर्य

**सहारनपुर।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्ए ने स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व सांसद बाबू मुल्कीराज सैनी की स्मृति में स्थापित एमआरएस पब्लिक स्कूल के परिसर में आज उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बाबूजी ने लंबे समय तक समाज व देश की जो सेवा की वह अनुकरणीय है। वे ईमानदारी और सादगी के प्रतीक रहे। आज के राजनेताओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर केशव प्रसाद मौर्य को बाबूजी की स्मृति में स्थापित बाबू मुल्कीराज सैनी एवार्ड 2025 से भी सम्मानित किया गया। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा देष में दो धाराएं चल रही हैं, एक परिवारवाद की, और एक लोकतंत्र को समृद्ध करने की। मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संविधान और लोकतंत्र को मजबूत करने की धारा है। उन्होंने कहा कि बाबू मुल्कीराज जी ने अपने परिवार को राजनीति में नहीं षिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मनरेगा में भ्रष्टाचार था, प्रधानमंत्री मोदी उस भ्रष्टाचार को दूर करना चाहते थे। इसलिए उन्होंने जी राम जी के नाम से एक नई व्यवस्था शुरु की है। राज्यसभा सांसद डॉ।कल्पना सैनी ने कहा कि बाबूजी ने पिछड़ों, गरीबों, वंचित समाज के लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया और उनमें शिक्षा की अलख जगाई। एमआरएस पब्लिक स्कूल आज उनके सपनों को साकार कर रहा है। संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सैनी व बाबूजी के सुपुत्र विनीत सैनी ने बाबूजी की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबूजी ने युवावस्था में ही देश सेवा का व्रत ले लिया था। आजादी के आंदोलन में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई और कई बार जेल गए। बाबू मुल्कीराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का पूर्व मंत्री डॉ।धर्मसिंह सैनी, साहबसिंह सैनी, पूर्व विधायक नरेष सैनी, एमआरएस पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक विनीत सैनी, स्कूल की निदेशक सुनीता सैनी, उत्तराखण्ड के मंत्री श्यामवीर सैनी, बार संघ के अध्यक्ष अभय सैनी एडवोकेट, पूर्व विधायक महीपाल सिंह माजरा,



ष्वेतांक सैनी, चारु सैनी, विक्रम सैनी सबदलपुर, सचिन सैनी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मेलाराम पंवार ने माल्यार्पण कर व बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके अतिरिक्त उत्तराखण्ड के राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी, योगराज सिंह, अभयसैनी एडवोकेट, विक्रम सैनी एडवोकेट, राजकुमार सैनी रुड़की, सौ सिंह सैनी, कर्णसिंह सैनी, रवीन्द्र सैनी आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली से आए आल इण्डिया सैनी सेवा समाज के अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी ने तथा संचालन साहित्यकार डॉ। वीरेन्द्र आजम ने किया। विक्रम सैनी



सबदलपुर ने केशव प्रसाद मौर्य को शॉल ओढ़ाकर स्वागत करते हुए रामदरबार व गदा भेंट की। जबकि बाबूजी के सुपुत्र और स्कूल के प्रबंध निदेशक विनीत सैनी, सहारनपुर बार संघ के अध्यक्ष अभय सैनी एडवोकेट व अन्य अतिथियों ने बाबू मुल्कीराज सैनी एवार्ड 2025 देकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को सम्मानित किया। षिक्षक संघ की ओर से यषपाल सिंह व रेखा सैनी ने भी स्मृति चिह्न भेंट किया। इससे पूर्व डॉ।नकलीराम सैनी, नरेश सैनी, मोहित सैनी ने भी अतिथियों का स्वागत किया।

# अरावली पर सुनवाई

राजस्थान सहित कई राज्यों में विरोध के बीच सुप्रीम कोर्ट अरावली हिल्स में खनन से संबंधित मामले पर सोमवार को सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन सदस्य जजों की पीठ इस पूरे मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए सुनवाई करेगी। असल में एक तरह से देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट अपने ही एक फैसले पर पुनर्विचार के लिए तैयार हुआ है। जोकि 20 नवंबर 2025 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश बीआर गवेई की बेंच ने दिया था, जिसमें उसने केंद्रीय समिति की रिपोर्ट स्वीकार करते हुए कहा था कि सौ मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियां अरावली का हिस्सा नहीं मानी जाएंगी। पर्यावरणविदों का मानना रहा है कि इस फैसले से 90 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र संरक्षण से बाहर हो सकता है और खनन बढ़ सकता है। हालांकि कोर्ट ने नई खनन लीज पर रोक लगा दी है और स्टेनेबल माइनिंग प्लान तैयार होने तक कोई नई अनुमति नहीं दी जाएगी। केंद्र का तर्क रहा है कि यह परिभाषा वैज्ञानिक है और अवैध खनन रोकने में मदद करेगी। जबकि पर्यावरणविद इसे पर्यावरण के लिए खतरा बता रहे हैं। राजस्थान में बड़े प्रदर्शन हो रहे हैं, जिनमें उदयपुर, जोधपुर जैसे जिले शामिल हैं। असल में सारा विवाद लगता है परिभाषा को लेकर है। अरावली पर्वत माला जो दिल्ली हरियाणा राजस्थान और गुजरात में फैली हुई है और सबसे पुरानी पर्वत श्रंखला में से एक है, यह बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि थार मरूस्थल के फैलाव को रोकती है और भूजल रिचार्ज करती है। साथ ही जैव विविधता को बनाए रखती है। इस पर पर्यावरण मंत्रालय की समिति ने सिफारिश की थी जिसमें कोर्ट ने मंत्रालय की सिफारिश को स्वीकारते हुए कहा था कि केवल सौ मीटर या उससे अधिक भूमि को ही अरावली माना जाएगा, उससे कम को नहीं। पूर्व वन संरक्षण अधिकारी आरपी बलवान की याचिका भी इस मामले से जुड़ी हुई है, जिसमें उन्होंने इस परिभाषा को कोर्ट में चुनौती दी है। आरपी बलवान की याचिका में तर्क है कि जो परिभाषा दी गई है वह अपर्याप्त है और इकोसिस्टम को नजरअंदाज करती है। हालांकि केंद्र इस बात की गारंटी दे रहा है कि मौजूदा खदानों पर सख्त निगरानी होगी और कोई नई लीज नहीं दी जाएगी। अब इस पूरे मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाली वाली तीन सदस्यीय पीठ करेगी, जोकि सोमवार से सुनवाई करने जा रही है। जाहिर है अगर कोर्ट नई परिभाषा में बदलाव करती है तो अरावली के बड़े हिस्से को संरक्षण मिल सकता है, जो जल संकट, धूल भरी आंधियां और जैव विविधता हानि को रोकने में मदद करेगा। निश्चित रूप से अरावली हिल्स खनन का मामला बेहद संवेदनशील है और सरकार को भी इस पर गंभीरता से सोचना चाहिए, क्योंकि बात केवल खनन की नहीं है। बल्कि सीधे पर्यावरण से जुड़ी हुई है जोकि लोगों के जीवन को सीधे प्रभावित करता है।

## अभी से थकिये मत, आगे भी हारना है



राहुल गांधी की चुनावों में बार-बार हार डेवलपमेंट की पॉलिटिक्स न समझ पाने का नतीजा है, राहुल आप अभी से थकिये मत, आगे भी हारना है, आप पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भी चुनाव हारेंगे, कांग्रेस की राजनीति देश की सोच से मेल नहीं खाती, राहुल गांधी विकास और सुशासन जैसे मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय कानूनी और टेक्निकल मुद्दों में उलझे रहते हैं, भाजपा ने भरोसे और जनता की जरूरतों को समझकर शासन किया, इसलिए उसे बार-बार चुनावों में जनादेश मिला, कांग्रेस ने उन सभी नीतिगत फैसलों का विरोध किया, जिन्हें जनता का समर्थन मिला, इनमें राम मंदिर, पाकिके खिलाफ एयर स्ट्राइक, बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ एक्शन, अनुच्छेद 370 हटाना और काशी में मंदिर निर्माण जैसे फैसले शामिल हैं।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

# यही हैं विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां






**तनवीर जाफरी**

क्रिसमस प्रत्येक वर्ष की भांति गत 25 दिसंबर को भी पूरे विश्व में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दुबई की मशहूर एयरलाइन एमिरेट्स ने एक अनोखा वीडियो जारी किया, जिसमें दिखाया गया कि उनके बड़े विमान एयरबस ए 380 को सांता क्लॉज की जादुई स्लेज में बदल दिया गया है। इस विमान को स्लेज 380 का नाम दिया गया है। इस वीडियो में ए 380 को रुडॉल्फ रेनडियर की तरह लाल नाक और बड़े सींग लगाए गए हैं और उपहारों से भरी एक विशाल स्लेज विमान से जुड़ी दिखती है। विमान रनवे पर दौड़ता है और आसमान में उड़ान भरता है, जैसे सांता दुनिया भर में गिफ्ट बांटने जा रहा हो। एमिरेट्स ने इस सीजन में यात्रियों को खास तोहफे भी दिए, जिसमें फेस्टिव ड्रिंक्स, थीम्ड मिठाइयां, विंटर-स्टाइल लाउंज और लिमिटेड एडिशन क्रिसमस गिफ्ट शामिल हैं। वैसे भी चूंकि क्रिसमस मनाने के साथ ही नए वर्ष के स्वागत की तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं इसलिए भी दुनिया के सभी देश व सभी धर्मों व वर्गों के लोग भी क्रिसमस मनाने में अपनी दिलचस्पी दिखाते हैं।

भारत में भी लगभग 2.8 करोड़ ईसाई रहते हैं जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 2.3 प्रतिशत हैं। ईसाई समुदाय भारत में तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक समूह है। लिहाजा यहां भी ईसाई समुदाय क्रिसमस, गुड फ्राइडे व नव वर्ष जैसे अपने सभी त्यौहार सदियों से मनाते आ रहे हैं। वैसे भी ब्रिटिशकाल में भारत में अंग्रेजों ने जहां विकास सम्बन्धी तमाम इबारतें लिखीं वहीं उनके शासन में देश भर में अनेक बड़े व ऐतिहासिक चर्च, स्कूल व अस्पताल भी निर्मित किए गए। आज भी क्रिश्चियन मिशनरी देश की शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान अदा कर रही है। इन सब वास्तविकताओं को दरकिनार कर देश का एक दक्षिणपंथी वर्ग ऐसा है जिसके संस्कारों में ही धर्म विशेष के लोगों से नफरत करना व उनके धार्मिक रीति रिवाजों व परंपराओं का विरोध करना शामिल है। नकारात्मकता की सोच से भरे इसी विचारधारा के लोग विगत कई वर्षों से क्रिसमस त्यौहार मनाए जाने का विरोध करते आ रहे हैं। जबकि सर्व धर्म समभाव जैसे गांधीवादी विचारों का अनुसरण करने वाला देश का आम नागरिक सभी धर्मों के त्योहारों व परंपराओं व रीति रिवाजों में खुशी से शरीक होकर प्रत्येक उत्सव का आनंद लेना चाहता है साथ ही एक दूसरे धर्म के लोगों के प्रति अपनी एकजुटता दिखाना चाहता है। नफरत, नकारात्मकता, संकीर्णता व साम्प्रदायिक वैमनस्य की सोच से भरे इन्हीं तत्वों ने गत क्रिसमस के अवसर पर पूरे देश में विभिन्न चर्चों व सार्वजनिक स्थलों पर ऐसा तांडव किया जिसकी चर्चा देश के मीडिया में कम परन्तु विदेशी मीडिया में ज्यादा हुई। इस दौरान भारत के विभिन्न राज्यों में ईसाई समुदाय के विरुद्ध हुई घटनाओं में तोड़फोड़, हमले और उत्पात की कई रिपोर्ट्स सामने आईं। उदाहरण स्वरूप छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मैग्नेटो मॉल में भीड़ ने क्रिसमस डेकोरेशंस में तोड़फोड़ की, जिसमें लाखों का नुकसान हुआ। जबकि कांकेर जिले में दो चर्च जला दिए गए और कई ईसाई घरों को निशाना बनाया गया। इसी तरह असम के नालबाड़ी में सेंट मैरी स्कूल में वीएचपी कार्यकर्ताओं ने क्रिसमस बैनर्स और डेकोरेशंस को जलाया व स्कूल के पास की दुकानों पर भी हमले किए। इसी तरह केरल के पलक्कड़, चारूमूडू व पुडुसेरी में बच्चों के कैरोल ग्रुप पर हथियारों से हमला किया गया, जिसमें महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इसी तरह मध्य प्रदेश के जबलपुर में भी कुछ इलाकों में ईसाई धर्मावलंबियों की प्रार्थना सभाओं और धार्मिक आयोजनों के दौरान मारपीट और हंगामा किए जाने की खबर है जबकि झाबुआ में प्रेयर मीटिंग में व्यवधान डाला गया जिसमें एक नेत्रहीन महिला पर हमला किया गया। उत्तर प्रदेश में सेंट अल्फोंसस कैथेड्रल के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ लाउडस्पीकर पर बजाया गया, लखनऊ में कैथेड्रल सर्विस में तेज आवाज से धार्मिक भजन बजाए गए।

इसी प्रकार राजस्थान के जोधपुर और नागौर में एक स्कूल में क्रिसमस बैनर्स तोड़े गए, नागौर में युवाओं ने स्कूल के सामने मंदिर का होने का बहाना बनाकर तोड़फोड़ की। दिल्ली के लाजपत नगर व पूर्वी दिल्ली में सेंटा कैप पहनी महिलाओं और बच्चों को बाजार से भगाया गया एक बाजार में जबरदस्त उत्पात मचाया गया। उत्तराखंड के हरिद्वार में एक होटल में क्रिसमस संबंधी एक आयोजन को रद्द करना पड़ा। जबकि ऋषिकेश में एक प्रार्थना सभा में व्यवधान डाला गया और जीसस और मैरी का अपमान करते हुए उन्हें अपशब्द कहे गए। ओडिशा के पुरी में सेंटा कैप बेचने वाले गरीब परिवार को धमकाया और भगाया गया जबकि महाराष्ट्र में मुंबई के कांशीमीरा में क्रिसमस प्रोग्राम रोका गया तथा वहां मौजूद बच्चों से हिन्दू धर्म से जुड़े नारे लगवाए गए। देश भर में इस तरह कि 60 से भी अधिक घटनाओं के समाचार हैं और इन प्रत्येक घटनाओं का विरोध करने वालों में लगभग हर जगह संघ, बजरंग दल, वीएचपी,भाजपा व इनके सहयोगी अन्य हिंदुत्ववादी संगठनों के लोगों के शामिल होने की खबरें हैं।

ब्रिटेन से लेकर टर्की तक और कई अरब देशों का मीडिया भारत में क्रिसमस के अवसर पर मचाए गए तांडव को लेकर भारत को किस नजर से देख रहा है? बड़ा आश्चर्य है कि इस अवसर पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के कैथेड्रल चर्च पहुंचते हैं और इससे जुड़ी कई तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पोस्ट में साझा करते हुए लिखते हैं कि षदिल्ली में द कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन में क्रिसमस की सुबह की सर्विस में शामिल हुआ। सर्विस में प्यार, शांति और करुणा का शाश्वत संदेश झलका। क्रिसमस की भावना हमारे समाज में सद्भाव और भाईचारा लाए। सवाल यह है कि नरेंद्र मोदी भी संघ की उसी पाठशाला के विद्यार्थी रहे हैं जिसमें संघ संस्थापक व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक गोलवलकर कम्युनिस्ट विचारधारा, ईसाई और मुसलमान जैसे समुदाय को भारत की राष्ट्रीय पहचान और हिंदू संस्कृति के लिए खतरा समझते थे। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल्ली के कैथेड्रल चर्च पहुंचकर शांति व प्रेम का सन्देश देना कितना वास्तविक है और कितना औपचारिक या दिखावा यदि वास्तव में मोदी को क्रिसमस के अवसर पर करुणा का शाश्वत संदेश झलकते दिखाई दिया तो उसी विचारधारा के लोगों द्वारा हिंसा और उद्दंडता का ऐसा साम्प्रदायिक प्रदर्शन क्यों जिससे दुनिया में देश की बदनामी हो? दरअसल यही हैं विद्वेष व हिंसा से भारत को बदनाम करने वाली शक्तियां?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पहाड़ से पिच तक देवेंद्र सिंह बोरा की उड़ान



**एम. फहीम**

उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में खेल को करियर बनाना आज भी आसान नहीं है। सीमित संसाधन, दूर-दराज गांव, मैदानों की कमी और अवसरों का अभाव, इन सबके बीच अगर कोई युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराता है, तो वह सिर्फ अपनी नहीं, पूरे पहाड़ की कहानी कहता है। बागेश्वर जिले के छतिना जैसे छोटे क्षेत्र से निकलकर तेज गेंदबाज देवेंद्र सिंह बोरा की यात्रा इसी जज्बे की मिसाल है।

**जहां सड़क नहीं, वहां सपने थे**

देवेंद्र का बचपन ऐसे इलाके में बीता जहां सुविधाएं सीमित थीं। न आधुनिक क्रिकेट अकादमी, न बड़े कोचिंग सेट-अप। खेल का मतलब था, खुले मैदान, असमतल जमीन और सीमित उपकरण, लेकिन इन्हीं परिस्थितियों ने उनके भीतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास की नींव रखी। पहाड़ का जीवन सिखाता है कि रास्ते मुश्किल हों तो कदम मजबूत रखने पड़ते हैं। देवेंद्र ने भी यही किया। पढ़ाई के साथ-साथ क्रिकेट का अभ्यास, रोजाना फिटनेस पर ध्यान और स्थानीय स्तर पर मैच खेलने का सिलसिला लगातार चलता रहा।

**घरेलू क्रिकेट से पहचान**

समय के साथ देवेंद्र ने उत्तराखंड की घरेलू क्रिकेट टीम में जगह बनाई। यहां उनकी पहचान एक ऐसे तेज गेंदबाज के रूप में बनी जो लाइन-लेंथ पर नियंत्रण रखता है और दबाव में भी संयम नहीं खोता। घरेलू क्रिकेट में निरंतर प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा, लेकिन असली पहचान अभी बाकी थी।

**एक पल, जो इतिहास बन गया**

क्रिकेट में कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो करियर की दिशा बदल देते हैं। देवेंद्र के लिए ऐसा ही क्षण तब आया जब उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा को आउट किया। यह सिर्फ एक विकेट नहीं था, यह उस भरोसे की मुहर थी कि पहाड़ से आया यह गेंदबाज बड़े मंच पर भी टिक सकता है। इस उपलब्धि ने देवेंद्र को अचानक चर्चा में ला दिया, लेकिन इसके पीछे वर्षों की मेहनत, असफलताएं और धैर्य छिपा था। उन्होंने खुद को कभी हएक मैच का खिलाड़ीह नहीं माना, बल्कि हर मौके को सीख के रूप में लिया।

**संघर्ष से संकल्प तक**

देवेंद्र की कहानी बताती है कि प्रतिभा अकेले काफी नहीं होती। अनुशासन, निरंतर अभ्यास और मानसिक मजबूती उतनी ही जरूरी है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिकायत नहीं की, बल्कि उपलब्ध हालात में खुद को बेहतर बनाया। उनकी सफलता उत्तराखंड के उन सैकड़ों युवाओं के लिए उम्मीद है, जो आज भी पहाड़ों में बैठकर बड़े सपने देखते हैं, लेकिन रास्ता साफ नहीं दिखता।

**पहाड़ की पहचान, भविष्य की प्रेरणा**

देवेंद्र सिंह बोरा सिर्फ एक तेज गेंदबाज नहीं हैं, वे इस बात का प्रमाण हैं कि अगर इरादा मजबूत हो तो भौगोलिक सीमाएं भी रुकावट नहीं बनतीं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि उत्तराखंड की मिट्टी में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत है पहचान, समर्थन और निरंतर प्रयास की। आज जब देवेंद्र राष्ट्रीय मंच पर कदम रख चुके हैं, तो यह सिर्फ उनकी जीत नहीं, बल्कि पूरे पहाड़ की आवाज है कृ हहम भी खेल सकते हैं, हम भी जीत सकते हैं।

**उत्तराखंड के युवाओं के नाम एक संदेश**

देवेंद्र सिंह बोरा की यात्रा उत्तराखंड के उन हजारों युवाओं के लिए एक जीवंत संदेश है, जो आज संसाधनों की कमी, अवसरों के अभाव और आत्म-संदेह से जूझ रहे हैं। उनकी कहानी बताती



है कि सफलता का रास्ता केवल महानगरों या महंगी अकादमियों से होकर नहीं जाता, बल्कि निरंतर अभ्यास, धैर्य और स्वयं पर विश्वास से भी बनता है। पहाड़ों में जन्म लेना कमजोरी नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती और संघर्षशीलता की पहचान है। अगर सही दिशा, अनुशासन और निरंतर प्रयास हो, तो उत्तराखंड का युवा भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकता है। देवेंद्र की सफलता यह भरोसा जगाती है कि सपने देखना अपराध नहीं, और पहाड़ से उड़ान भरना असंभव भी नहीं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बढ़ता धार्मिक पर्यटन और धार्मिक नगरों की चुनौती




**विनीत नारायण**

भारत में धार्मिक पर्यटन सदैव से हमारी सांस्कृतिक और आस्था परंपराओं का अभिन्न हिस्सा रहा है। किंतु पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में जिस तीव्र गति से वृद्धि हुई है, उसने धार्मिक नगरों की तस्वीर ही बदल दी है। अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, वृंदावन, उज्जैन, द्वारका, तिरूपति जैसे नगर आज विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन केंद्रों में बदल चुके हैं। सरकारें भी इसे 'आस्था से अर्थव्यवस्था' के सूत्र में जोड़कर पर्यटन को प्रोत्साहन देने के प्रयास में लगी हैं। लेकिन इन प्रयासों के समानांतर कुछ ऐसे प्रश्न भी हैं, जिनसे आंखें नहीं मूंदी जा सकतीं। क्या इस विकास की गति निभाई जा रही है? क्या स्थानीय निवासियों और तीर्थ स्थलों के मूल स्वरूप को सुरक्षित रखा जा सका है? क्या प्रशासन इतना सक्षम है कि वो त्योहारों और छुट्टियों के समय अतिरिक्त पर्यटकों को संभाल सके?

अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद देश भर में धार्मिक पर्यटन में अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिली है। अनुमान है कि आने वाले वर्षों में यहां प्रतिवर्ष करोड़ों पर्यटक पहुंचेंगे। इसी तरह काशी विश्वनाथ कॉरिडोर ने बनारस की ऐतिहासिक गलियों को व्यवसायिक जीवन दिया है होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन और हस्तशिल्प उद्योगों को भी नई सांस मिली है। वृंदावन और मथुरा में हर त्योहार अब अंतर्राष्ट्रीय आयोजन का रूप ले चुका है। आर्थिक .ष्टि से यह परिवर्तन शुभ संकेत है, रोजगार बढ़े हैं, स्थानीय व्यापार में तेजी आई है और बुनियादी ढांचे पर निवेश भी हुआ है, लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि इस तेजी ने धार्मिक नगरीय संतुलन को डगमगा दिया है। छोटे नगरों की सीमित सड़कों, आवासों और संसाधनों पर अचानक लाखों की भीड़ का दबाव प्रशासन के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया है। पर्यावरणीय दबाव, कचरा प्रबंधन और जल संकट जैसी समस्याएं अब इन नगरों के स्थाई साथी बन चुके हैं। उल्लेखनीय है कि भारत में भीड़ प्रबंधन का ढांचा अभी भी विकासशील स्तर पर है। चाहे कुंभ मेले का आयोजन हो या अयोध्या में दीपोत्सव, प्रशासनिक तैयारियां अक्सर अनुमान से कम पड़ ही जाती हैं। पश्चिमी देशों जैसे इटली, फ्रांस या स्पेन में धार्मिक पर्यटन अत्यधिक संगठित ढंग से संचा. लित होता है। वेटिकन सिटी या लूर्ड जैसे स्थानों पर पर्यटकों की संख्या भले लाखों में हो, लेकिन वहां डिजिटल टिकटिंग, समय-वार प्रवेश प्रणाली, स्पष्ट दिशानिर्देश और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों का जाल पूरी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखता है। इन्हीं से प्रेरित हो कर हमारे देश में भी कुछ स्वघोषित गुरुओं के स्थानों पर भी व्यवस्था काफी हद तक सुचारू दिखाई देती है।

वहीं इसके विपरीत भारत के धार्मिक नगरों में तीर्थयात्रियों का आगमन प्राय: अनियोजित होता है। ट्रेन, बस, सड़कों पर भीड़ एक साथ उमड़ती है जिससे जाम, दुर्घटनाएं और अव्यवस्था आम हो जाती है। सुरक्षा बलों और प्रशासनिक कर्मचारियों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है, और अक्सर स्थानीय निवासियों का सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। धार्मिक पर्यटन का यह उभार स्थानीय नागरिकों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। अयोध्या या वाराणसी की



गलियों में रहने वाले निवासियों को अब अपने ही घरों तक पहुंचने में कठिनाई होती है। सड़कों पर निरंतर भीड़, बढ़ते वाहन और लगातार चल रहे निर्माण कार्यों ने जीवन-स्तर को प्रभावित किया है। किराए आसमान छू गए हैं, स्थानीय दुकानों की जगह बड़े ब्रांडों ने ले ली है और धार्मिक शांति की जगह अब व्यावसायिक कोलाहल ने ले ली है।धार्मिक नगरों का जो आत्मिक वातावरण कभी लोगों को भीतर तक आस्था से जोड़ता था, वह अब सजावटी प्रकाशों और सेल्फी प्वाइंट्स में खोता जा रहा है। श्रद्धा के स्थलों का 'पर्यटन स्थल' में बदल जाना विकास के नाम पर एक सांस्कृतिक ह्रास भी है।

अयोध्या, वाराणसी या वृंदावन जैसे नगरों की आत्मा उनकी प्राचीनता, उनकी पवित्रता और उनके पारंपरिक जीवन में बसती है, लेकिन आज यह नगर तेजी से 'आधुनिक तीर्थ' में तब्दील किए जा रहे हैं। चौड़ी सड़कों, चमकीले कॉरिडोर, आधुनिक गेस्टहाउस और मॉल जैसी परियोजनाएं विकास के प्रतीक मानी जा रही हैं। नि:संदेह इनसे सुविधा बढ़ी है, लेकिन इसके साथ-साथ धार्मिक अनुभव का मूल स्वरूप भी धीरे-धीरे बदल गया है। वह आध्यात्मिक संवेदना, वह साधु-संतों के भजनों की सुगंध और घाटों पर बहती शांति, यह सब अब पर्यटक आकर्षण के दृश्य में सिमट गए हैं। भवनों के रंग, पारंपरिक स्थापत्य और स्थानीय शिल्प को आधुनिक डिजाइन ने विस्थापित कर दिया है। यह भीड़ केंद्रित विकास कहीं न कहीं नगरों की 'आस्था आधारित पहचान' को बाजारीकरण में बदल रहा है। धार्मिक पर्यटन का बढ़ना अपने आप में बुरा नहीं है। यह सांस्कृतिक एकता, लोक व्यवसाय और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए वरदान है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब तीर्थस्थलों का विकास केवल संरचनात्मक दृष्टि से किया जाए और उसमें सांस्कृतिक संरक्षण की भावना गायब हो। भारत को पश्चिमी देशों से यह सीखने की जरूरत है कि आध्यात्मिक धरोहर को आधुनिक सुविधाओं के साथ कैसे जोड़ा जा सकता है। इसके लिए तीन स्तरों पर ठोस पहल जरूरी है।

पर्यटन की पूर्वानुमानित योजना बनाई जाए। डिजिटल टिकटिंग, भीड़ नियंत्रण एप्स और समयबद्ध दर्शनों की व्यवस्था लागू की जाए। स्थानीय सहभागिता नगर के विकास में स्थानीय निवासियों की राय और सहभागिता सुनिश्चित हो, ताकि विकास उनके जीवन को प्रभावित न करे।

निर्माण कार्यों में पारंपरिक स्थापत्य, स्थानीय कला और जीवन शैली को प्राथमिकता दी जाए, ताकि नगर की आत्मा जीवित रहे। भारतीय धार्मिक पर्यटन आज देश की अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक पहचान का नया प्रतीक बन गया है। अयोध्या, काशी, मथुरा, वृंदावन जैसे नगर आस्था की ऊर्जा से भरे हुए हैं, लेकिन उसी आस्था के संरक्षण की जिम्मेदारी भी उतनी ही व्यापक है। यदि हम केवल पर्यटक बढ़ाने पर ध्यान देंगे और तीर्थ के मूल भाव को नजरअंदाज करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां इन नगरों में केवल चमक देख पाएंगी, वह अनुभूति नहीं, जिसके लिए हमारे पूर्वज तीर्थ यात्रा करते थे।विकास का अर्थ केवल इमारतों का निर्माण नहीं, बल्कि उस भावना को सहेजना है जो हमें भीतर से जोड़ती है। अगर आधुनिकता और आध्यात्मिकता के बीच यह संतुलन साध लिया गया, तभी धार्मिक पर्यटन भारत की सांस्कृतिक आत्मा को मजबूत करेगा, न कि उसकी मूल पहचान को मिटाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इजरायल के खिलाफ एकजुट हुए 21 मुस्लिम देश

## सोमालीलैंड को मान्यता देने का किया विरोध, कहाः पूरी दुनिया की शांति और सुरक्षा को बनेगा खतरा

■ आर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोआपरेशन ने भी बयान जारी कर मुद्दे पर अपनी आपत्ति दर्ज करवाई है

**जेरुसलम।** इजरायल के सोमालीलैंड को एक स्वतंत्र देश के रूप में आधिकारिक रूप से मान्यता देने के फैसले के बाद से मुस्लिम देशों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। दुनियाभर के 21 देशों ने इस फैसले के खिलाफ साझा बयान जारी कर विरोध जताया है। सोमालीलैंड अफ्रीका के हार्न क्षेत्र में स्थित है।

इस देश ने 1991 में सोमालिया से आजादी की घोषणा की थी और तब से अंतर्राष्ट्रीय मान्यता की कोशिश कर रहा था। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमालीलैंड के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही के साथ संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए। सोमालीलैंड के राष्ट्रपति ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि यह फैसला मध्य पूर्व और अफ्रीका में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देगा। इजरायल के खिलाफ जार्डन, मिस्र, अल्जीरिया, कोमोरो.स, जिबूती, गाम्बिया, ईरान, इराक, कुवैत, लीबिया, मालदीव, नाइजीरिया, ओमान, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, कतर, सऊदी अरब, सोमालिया, सूडान, तुर्की, यमन ने विरोध जताया है। इसके साथ ही आर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोआपरेशन ने भी बयान जारी कर आपत्ति दर्ज करवाई है। बयान में पांच प्वाइंट में बातें कही गई हैं। सोमालिया रिपब्लिकन के सोमालीलैंड क्षेत्र को इजरायल के मान्यता देने को हम खारिज करते हैं। ऐसा कदम हार्न आफ अफ्रीका और लाल सागर के साथ पूरी दुनिया की शांति और सुरक्षा पर असर डालेगा। इजरायल ने अंतर्राष्ट्रीय कानून की अवहेलना की है। ऐसी मान्यता की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। यह अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का गंभीर उल्लंघन है। जिसमें राज्यों की संप्रभुता और उनकी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा की जरूरी बताई गई है। यह इजरायल की विस्तारवादी सोच है। सोमालिया रिपब्लिकन की संप्रभुता का पूरा समर्थन हम करते हैं। सोमालिया की एकता उसकी क्षेत्रीय अखंडता या संप्रभुता को कमजोर करने वाले किसी भी कदम का हम खंडन करते हैं। किसी देश के हिस्से को अलग मान्यता देना अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। साथ ही यह अंतर्राष्ट्रीय कानून और यूएन चार्टर के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन है। इजरायल के इस तरह के कदम और फलस्तीनी लोगों को उनकी जमीन से जबरन निकालने की किसी कोशिश को भी हम नकारते हैं। सोमालिया के मोगादिशु से लगभग 18 किलोमीटर दूर लाफोफे क्षेत्र में अल-शबाब के सैकड़ों लड़ाके सैन्य अभ्यास करते हुए। कई अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भी इजरायल के कदम का कड़ा विरोध किया है। अरब लीग, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी), अफ्रीकी संघ (एयू) और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) ने इजरायल के कदम को सोमालिया की संप्रभुता पर हमला बताया और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया। अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष महमूद अली यूसुफ ने कहा कि सोमालीलैंड सोमालिया का अभिन्न हिस्सा है और इस तरह की मान्यता शांति और स्थिरता के लिए खतरनाक हो सकती है। अरब लीग के महासचिव अहमद अबूल गीत ने इसे राज्यों की एकता के सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन बताया जबकि जीसीसी ने इसे क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर करने वाला खतरनाक कदम कहा। ओआईसी ने कई मुस्लिम देशों के विदेश मंत्रियों के साथ संयुक्त बयान जारी कर इजरायल की निंदा की और सोमालिया की संप्रभुता का पूरा समर्थन जताया।



पटना। घने कोहरे के कारण ट्रेनों में देरी और रद्द होने की आशंका के बीच यात्री ट्रेनों में चढ़ने के लिए रेलवे स्टेशन पर उमड़े।

## ब्रिक्स, एससीओ वैश्विक दक्षिण की भागीदारी को सक्षम बनाते हैं: रूसी विद्वान

**मास्को।** एक रूसी विद्वान ने रविवार कहा कि ब्रिक्स एवं शंघाई सहयोग संगठन वैश्विक दक्षिण के देशों को वैश्विक शासन में सीमांत खिलाड़ी के बजाय समान भागीदार के रूप में सक्षम बनाते हैं। लोमोनोसोव मास्को स्टेट यूनिवर्सिटी के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर आंद्रेई मनोइलो ने शिन्हुआ से एक साक्षात्कार में कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ब्रिक्स और एससीओ के साथ जुड़ने वाले देशों की बढ़ती संख्या वैश्विक दक्षिण में उनकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है। प्रो. मनोइलो ने कहा कि आर्थिक विकास एवं राजनीतिक सुरक्षा को बढ़ावा देने में ब्रिक्स अब दक्षिण-दक्षिण सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति बन चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूरोप में शराब पीने से हर साल आठ लाख मौतें: डब्लूएचओ

**जेनेवा।** यूरोप में शराब पीने से हर वर्ष करीब आठ लाख लोगों की मौत हो रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, हर ग्यारहवें व्यक्ति की मौत का कारण शराब का अधिक सेवन है। इस सप्ताह जारी नई रिपोर्ट के मुताबिक, विश्वभर में शराब की सबसे अधिक खपत यूरोप में होती है और शराब पीने से समय से पहले मौत और चोट का खतरा बढ़ जाता है। 2019 के आंकड़ों के आधार पर ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि यहां चोट से होने वाली लगभग 1.45 लाख मौतें शराब की वजह से हुईं। इसमें सबसे ज्यादा मौतें खुद को नुकसान पहुंचाने, सड़क दुर्घटनाओं और गिरने से होने वाली चोटों की वजह से हुईं।

### ट्रम्प से पहले जेलेंस्की ने कनाडा के पीएम से मुलाकात की

**ओटावा।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की यूक्रेन संकट को खत्म करने के मकसद से अमेरिका की यात्रा पर जाने से पहले कनाडा में रुक कर प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मिले हैं। उन्होंने अमेरिका के फ्लोरिडा शहर जाने के क्रम में कनाडा के हैलिफैक्स शहर में रुक कर यह मुलाकात की। प्रधानमंत्री की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, कार्नी और जेलेंस्की ने चल रही शांति वार्ता में ताजा घटनाक्रम पर द्विपक्षीय बैठक की।

### चाय के पैकेटों में लाया जा रहा 78 करोड़ का नशीला पदार्थ बरामद

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा एजेंसियों ने सिडनी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक महिला के पास से 15 किलोग्राम नशीला पदार्थ (मेथामफेटामाइन) बरामद किया जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 1.3 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से अधिक आंकी गई है। ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा बल के अधिकारियों ने बताया कि महिला के सामान की जांच के दौरान 18 वैक्यूम-सील बैग मिले, जिन पर 'चाय' लिखा हुआ था।

# ऑपरेशन सिंदूर के समय बंकरों में छिपी थी पाक सेना

## पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का कबूलनामा, फिर हुई पाकिस्तान की किरकिरी



■ गंभीर आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई और कर्ज में डूबे पाकिस्तान के पास न तो मजबूत अर्थव्यवस्था है और न ही लंबी सैन्य तैयारी की क्षमता


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को हमेशा से ही अपनी बुजदिल हरकतों के चलते वैश्विक मंच पर शर्मसार होना पड़ता है। ऐसे में एक बार फिर ऐसी स्थिति तब आई जब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी ताकत का झूठा बखान करने वाला पड़ोसी पाकिस्तान की सेना और उसके हालात को लेकर नया और चौंकाने वाला खुलासा हुआ।

ये खुलासा किसी और ने नहीं खुद पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने किया है। पाकिस्तानी राष्ट्रपति जरदारी ने बताया कि कैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना बंकर में छिपी हुई थी। एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान जरदारी ने यह स्वीकार किया कि तनाव के हालात में पाकिस्तान की सेना बंकरों में छिपी हुई थी और उन्हें खुद भी बंकर में रहने की सलाह दी गई थी।

बता दें कि राष्ट्रपति जरदारी का यह बयान पाकिस्तान की कमजोर स्थिति को उजागर करता है। गंभीर आर्थिक संकट, बढ़ती महंगाई और कर्ज में डूबे पाकिस्तान के पास न तो मजबूत अर्थव्यवस्था है और न ही लंबी सैन्य तैयारी की क्षमता। ऐसे में पाकिस्तानी सेना के बंकरों में छिपने की बात यह दिखाती है कि पाकिस्तान अंदर से असुरक्षित और दबाव में है। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने 6-7 मई की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। इस दौरान 9 ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय और ट्रेनिंग सेंटर शामिल थे। इन जगहों से भारत के खिलाफ आतंकी हमलों की साजिश रची जाती थी। गौरतलब है कि 22 अप्रैल का वो काला दिन, जिसे भारतवासी आज भी नहीं भुला पा रहे। जगह था जम्मू-कश्मीर का पहलगाम। जहां एक साथ कई आतंकियों ने वहां उपस्थित सभी पर्यटकों पर अंधाधुंध गोली चलानी शुरू कर दी। इस आतंकी हमले में कुल 26 लोगों की जान गई। इस घटना को बीते अब तीन महीने से ज्यादा का समय हो चुका है। लेकिन लोगों में नाराजगी और अपनों के खोने का गम अभी भी है। हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने उसी दिन ली और एक फोटो भी शेयर किया।

## भारत ने नूर खान एयरबेस पर किया था बड़ा हमला: इशाक डार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक बार फिर अपनी किरकिरी करा ली है। दरअसल अब पाकिस्तान की सरकार ने स्वीकार किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमले में उनके नूर खान एयर बेस को भारी नुकसान हुआ था।



ये बात किसी और ने नहीं बल्कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने स्वीकार की है। एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान इशाक डार ने स्वीकार किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के सटीक हमलों में उनके नूर खान एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा और यहां तैनात जवान भी घायल हुए। पाकिस्तान ने दावा किया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उन्हें खास नुकसान नहीं हुआ, लेकिन अब उनकी सरकार के ही वरिष्ठ मंत्री ने उनके दावे की पोल खोल दी है। इशाक डार ने कहा कि भारत ने 36 घंटों के भीतर पाकिस्तानी क्षेत्र में कई ड्रोन हमले किए और एक ड्रोन ने उनके सैन्य प्रतिष्ठान को नुकसान पहुंचाया, जो ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय हमलों की सटीकता को उजागर करता है। इशाक डार ने कहा, श्भारत ने पाकिस्तान की ओर ड्रोन भेजे। 36 घंटे के भीतर कम से कम 80 ड्रोन भेजे गए। हम 80 में से 79 रोकने में सफल हुए और केवल एक ड्रोन ने सैन्य प्रतिष्ठान को नुकसान पहुंचाया और इस हमले में हमारे कर्मी भी घायल हुए। अप्रैल में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में भारत के 26 निर्दोष नागरिक मारे गए। इस हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। जिसके जवाब में पाकिस्तान ने भी भारत पर हमले की नाकाम कोशिश की। जिससे दोनों देशों में हिंसक संघर्ष शुरू हो गया। भारत ने सटीक हमले करते हुए चकलाल स्थित पाकिस्तानी वायुसेना बेस नूर खान को निशाना बनाया। भारत के हमलों से पस्त पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ के समक्ष संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा। मैक्सर टेक्नोलाजीज द्वारा 13 मई को ली गई सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला कि पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस को नुकसान पहुंचा।

## जर्मनी में रोजगार संकट, नौकरी मिलने की संभावना रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** जर्मनी में नौकरी मिलने की संभावना रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है और सामान्यत: लगभग सात अंकों पर रहने वाला नौकरी प्लेसमेंट इंडिकेटर गिरकर 5.7 पर पहुंच गया है जो 'अब तक का सबसे निचला स्तर' है। संघीय रोजगार एजेंसी की प्रमुख एंड्रिया नाहलेस ने डीडब्ल्यू न्यूज से बातचीत करते हुए कहा श्रम बाजार को 'महीनों से एक पटरे की तरह' बताया, जिसमें कोई गति नहीं आ रही है। सुना. हलेस ने कहा कि नए रोजगार आकांक्षी लोगों के लिए संभावनाएं विशेष रूप से कमजोर हैं, और यहां तक कि अच्छी योग्यता वाले कर्मचारियों की भी नौकरी पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमने पिछले 25 वर्षों में किसी भी समय की तुलना में कम युवाओं को अप्रेंटिसशिप दी है। उनकी टिप्पणियां आर्थिक मंदी के बीच आई हैं, जो बर्लिन के सस्ती रूसी ऊर्जा आयात रोकने के फैसले के बाद आई, जो जर्मन उद्योग के लिए महत्वपूर्ण थी। रूसी पाइपलाइन डिलीवरी बड़े पैमाने पर रुकने और नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइनों के तोड़फोड़ के बाद यूरोपीय गैस कीमतें बढ़ गईं। साल की पहली तीन तिमाहियों में व्यावसायिक दिवालियापन 11 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिससे नौकरियों में भारी कमी आई।

## अमेरिका, इजरायल और यूरोप के साथ युद्ध लड़ रहा ईरान: मसूद पेजेशकियन

■ दबाव अभियान को ईरानी राष्ट्रपति ने ईरान-इराक युद्ध की तुलना में अधिक जटिल और हानिकारक बताया

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन का कहना है कि उनका देश अमेरिका, इजरायल और यूरोप के साथ एक साथ जंग लड़ रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामनेई की आधिकारिक वेबसाइट पर साझा किए गए साक्षात्कार में राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ चलाए जा रहे दबाव अभियान को ईरान-इराक युद्ध की तुलना में अधिक जटिल और हानिकारक बताया।

पेजेशकियन ने शनिवार को प्रकाशित इस साक्षात्कार में कहा कि मेरी दृष्टि में हम अमेरिका, इजराइल और यूरोप के साथ युद्ध में हैं। वे नहीं चाहते कि हमारा देश अपने पैरों पर खड़ा हो। वर्तमान युद्ध 1980 के दशक के इराक युद्ध से भी बदतर है। यदि कोई इसे ठीक से समझता है, तो यह युद्ध उस युद्ध की तुलना में कहीं अधिक जटिल और कठिन है। राष्ट्रपति ने कहा कि इराक के साथ युद्ध में स्थिति स्पष्ट थी। वे मिसा.इलें दागते थे और यह स्पष्ट था कि हम कहां पलटवार करेंगे। लेकिन, यहां वे अब हर तरह से हमारी घेरा.बंदी कर रहे हैं, हमें दबाव में डाल रहे हैं और आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा सुरक्षा के लिहाज से समस्याएं पैदा कर रहे हैं। पेज.शकियन ने यह टिप्पणी इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अमेरिका की यात्रा की पूर्व संध्या पर की है। खबरों के अनुसार नेतन्याहू राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के खिलाफ भविष्य में संभावित हमलों के विकल्पों के बारे में जानकारी देने की योजना बना रहे हैं।

## ब्रिटेन में भारतीय युवक नस्लीय भेदभाव केस जीता

### केएफसी फ्रेंचाइजी को देना होगा करीब 70 लाख रुपया

**लंदन।** ब्रिटेन में काम कर रहे एक भारतीय युवक ने नस्लीय भेदभाव और गलत तरीके से नौकरी से निकाले जाने के मामले में बड़ी कानूनी जीत हासिल की है। लंदन के एक केएफसी फ्रेंचाइजी आउटलेट के खिलाफ दायर मामले में रोजगार न्यायाधिकरण (ट्रिब्यूनल) ने भारतीय कर्मचारी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कंपनी को करीब 66800 पाउंड (लगभग 70 लाख रुपये) मुआवजा देने का आदेश दिया है।

तमिलनाडु के रहने वाले माधेश रविचंद्रन ने आरोप लगाया था कि दक्षिण-पूर्वी लंदन स्थित केएफसी आउटलेट में काम के दौरान उनके मैनेजर ने उनके साथ नस्लीय भेदभाव किया और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उनका कहना था कि उनके श्रीलंकाई तमिल मैनेजर ने उन्हें गुलाम कहा और यह भी कहा कि भारतीय धोखेबाज होते हैं। रोजगार न्यायाधिकरण के जज पाल एबाट ने अपने फैसले में कहा कि रविचंद्रन के साथ सीधे तौर पर नस्लीय भेदभाव हुआ। फैसले में कहा गया कि छुट्टी की उनकी मांग केवल इसलिए ठुकरा दी गई क्योंकि वे भारतीय थे, श्रीलंकाई तमिल कर्मचारियों को प्राथमिकता दी गई, उन्हें गुलाम और गाली जैसे शब्दों से अपमा.नित किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि यह व्यवहार साफ तौर पर नस्ल के आधार पर कमतर और अपमानजनक था। रविचंद्रन ने जनवरी 2023 में केएफसी के वेस्ट विकहम आउटलेट में नौकरी शुरू की थी। कुछ महीनों बाद हालात बिगड़ने लगे। जुलाई 2023 में मैनेजर ने उनसे जरूरत से ज्यादा घंटे काम करने का दबाव डाला।



■ जुलाई 2023 में मैनेजर ने उनसे जरूरत से ज्यादा घंटे काम करने का दबाव डाला

इसी से परेशान होकर उन्होंने नौकरी छोड़ने का नोटिस दे दिया। इसके बाद भी मैनेजर ने उन्हें फोन पर धमकाया और नस्लीय गालियां दीं। ट्रिब्यूनल ने माना कि इस व्यवहार ने रविचंद्रन की गरिमा को ठेस पहुंचाई। ट्रिब्यूनल ने रविचंद्रन को करीब 62690 पाउंड मुआवजा और छुट्टी के बकाया और अन्य भुगतान जोड़कर कुल लगभग 66800 पाउंड (करीब 70 लाख) देने का आदेश दिया।






# भारत भागे उस्मान हादी की हत्या के दो संदिग्ध

## दोनों आरोपी स्थापीय लोगों की मदद से भारत के मेघालय राज्य में दाखिल हुए: बांग्लादेश पुलिस



■ 12 दिसम्बर को इंकलाब मंच के छात्र नेता उस्मान हादी को गोली मार दी गई थी

**ढाका।** बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां बांग्लादेश पुलिस ने एक बड़ा दावा करते हुए बताया है कि दो आरोपी फैसल करीम मसूद और आलमगीर शेख सीमा पार कर भारत में घुस गए हैं।

मामले में ढाका मेट्रोपालिटन पुलिस (डीएमपी) के अतिरिक्त आयुक्त एसएन नजरुल इस्लाम ने बताया कि दोनों आरोपी स्थानीय लोगों की मदद से भारत के मेघालय राज्य में दाखिल हुए। उन्होंने बताया कि मिली जानकारी के अनुसार दोनों आरोपी हलुआघाट सीमा के रास्ते भारत पहुंचे। बांग्लादेशी दैनिक समाचार पत्र द डेली स्टार ने ढाका पुलिस के हवाले से बताया कि सीमा पार करने के बाद उन्हें सबसे पहले एक व्यक्ति ने रिसीव किया, जिसका नाम पुर्ति बताया गया है। इसके बाद एक टैक्सी ड्राइवर सामी ने दोनों को मेघालय के तुरा शहर तक पहुंचाया। नजरुल इस्लाम ने कहा कि पुलिस को अनौपचारिक जानकारी मिली है कि भारत में दोनों आरोपियों की मदद करने वाले पुर्ति और टैक्सी ड्राइवर सामी को भारतीय अधिक.ारियों ने हिरासत में ले लिया है। डीएमपी के अतिरिक्त आयुक्त एसएन नजरुल इस्लाम ने आगे बताया कि बांग्लादेश सरकार आरोपियों को वापस लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए भारत के अधिकारियों से औपचारिक और अनौपचारिक दोनों स्तरों पर संपर्क में रहा जा रहा है, ताकि आरोपियों की गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण सुनिश्चित किया जा सके। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से बांग्लादेश में हिंसा बदस्तूर जारी है। ढाका से लेकर चटगांव तक भीड़ के प्रदर्शन और उससे जुड़ी हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। 12 दिसम्बर को इंकलाब मंच के छात्र नेता उस्मान हादी को गोली मार दी गई थी। इसके बाद 18 दिसम्बर को हादी का सिंगापुर में निधन हो गया और तब से लेकर अब तक बांग्लादेश में लगातार माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। इसके ठीक बाद चटगांव में एक हिंदू शख्स की लिंचिंग की घटना ने पूरी दुनिया को चौंका दिया। ऐसे में बीते दिनों बांग्लादेश के नए राजनीतिक दल नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के एक नेता पर भी हमला हुआ।

## म्यांमार में सैन्य शासन के बाद पहली बार मतदान

■ सेना समर्थित पार्टी के जीत के आसार, फरवरी में आएंगे नतीजे

**यंगून।** म्यांमार में सैन्य शासन लागू होने के बाद पहली बार आम चुनाव कराए जा रहे हैं। सैन्य सरकार की देखरेख में रविवार को आम चुनाव के पहले चरण के तहत मतदान हुआ। दो अन्य चरणों का मतदान जनवरी के अंत तक पूरा होगा, जबकि अंतिम नतीजों की घोषणा फरवरी तक किए जाने की संभावना है।

चुनाव विश्लेषकों के मुताबिक, सेना समर्थित यूनियन सालिडैरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी (यूएडीपी) की जीत की संभावना जताई जा रही है। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि 2021 में सेना के सत्ता में आने के बाद से देश का शासन संभाल रहे जनरल मिन आंग लाइंग राष्ट्रपति पद संभाल सकते हैं। सैन्य सरकार इन चुनावों को देश में चुनावी लोकतंत्र की वापसी के रूप में पेश कर रही है। हालांकि, आला.ेचकों का कहना है कि यह प्रक्रिया सैन्य शासन को वैध दिखाने का प्रयास मात्र है। संयुक्त राष्ट्र, मानवाधिकार संगठनों और कई देशों ने प्रमुख विपक्षी दलों की गैर-मौजूदगी में हो रहे इस चुनाव को अनुचि.चत करार दिया है। गौरतलब है कि फरवरी 2021 में म्यांमार की सेना ने आंग सान सू ची के नेतृत्व वाली चुनी हुई सरकार को सत्ता से हटाकर सैन्य शासन लागू कर दिया था। देश के सबसे बड़े शहर यांगून, राजधानी नेपीता और अन्य इलाकों में मतदाताओं ने स्कूलों, सरकारी भवनों और धार्मिक स्थलों में मतदान किया। कुल 330 टाउनशिप में से 102 में पहले चरण का मतदान कराया गया।